जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



A Gallant And A Bullet

Captain Hardeep Singh was hit by a bullet in his chest. Undeterred, he killed two terrorists. For this valiant action, he was awarded the *Shaurya Chakra*.

World Religion Day

Food @ India's Railway Stations

Some of the best Indian foods that railway stations across the country have to offer!

# मोहन भागवत ने पाला खींचा, राहुल ने चुनौती स्वीकार की?

## भागवत ने हाल ही में इन्दौर में कहा कि भारत को असल में आज़ादी तो उसी दिन मिली, जब राम मंदिर का निर्माण अयोध्या में हुआ

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 18 जनवरी। आर.एस.एस. प्रमुख मोहन भागवत के दावों पर कांग्रेस की प्रतिक्रिया को कवर करते हुए, भारतीय मीडिया ने हमेशा की तरह कांग्रेस और आर.एस.एस. के बीच संघर्ष के मूल को नज़र अंदाज़ किया है। भागवत राहुल गांधी पर हमला कर रहे हैं और मीडिया उसे इस तरह प्रस्तुत करने की कोशिश कर रहा हैं, जैसे उनका बयान एक प्रचार अभियान का हिस्सा है।

राहुल के अनुसार, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नए मुख्यालय का उद्घाटन, दिल्ली में पार्टी की यात्रा के एक नए चरण की पुष्टि करता है। भवन न केवल पार्टी के पुराने पते में बदलाव की घोषणा करता है, बल्कि यह उस वैचारिक परिवर्तन के पूरा होने का संकेत है, जो कुछ समय से पार्टी के भीतर चल रहा है।

यह हस्तक्षेप सही समय पर किया गया है, क्योंकि आर.एस.एस. 1925 में अपनी शताब्दी की तैयारियाँ कर रहा है। हाल ही में, इंदौर में अपने भाषण में संघ के चीफ मोहन भागवत ने स्पष्ट रुप से यह परिभाषित किया है कि आगामी दिनों में उनका संगठन अपनी वैचारिक अभिव्यक्ति को कैसे आकार देगा।

- आरएसएस की स्थापना 1925 में हुई थी। अतः शताब्दी वर्ष में संघ प्रमुख ने अपनी तरफ से कोई दुविधा नहीं छोड़ी, आज़ादी के बारे में आइडियोलॉज़िकल'' स्टैण्ड के बारे में।
- राहुल गांधी ने भी संघ की इस सोच के बारे में अब अपना-चिन्तन बड़े आक्रामक शब्दों में वर्णित किया है और कोई गलतफहमी की गुजांइश नहीं छोड़ी। इससे पूर्व, राहुल गांधी के हिंदुत्व के बारे में सोच में काफी दुविधा दिखती थी।
- उनके सलाहकारों ने उन्हें कई मंदिरों के दर्शन कराये, उनके गोत्र को भी ढूंढ निकाला व प्रचारित किया और राहुल को शैव (शिव भक्त) बताया। पर, राहुल ने अब यह दुविधा त्याग दी है तथा अपने चिन्तन व आस्था को भक्ति आंदोलन की तरफ मोड़ा तथा भगवान बुद्ध, यीशू, सूफी, गुरुनानक आदि की भांति धार्मिक सहिष्णुता व शांति को लक्ष्य बताया।
- अब मोहन भागवत व राहुल की स्पष्ट व अलग-अलग सोच के बीच वैचारिक द्वंद का ''स्टेज'' सैट हो गया है।

राहुल के अनुसार, भागवत के दावों पर कांग्रेस की प्रतिक्रिया को कवर करते हुए, भारतीय मीडिया हमेशा की तरह कांग्रेस और आर.एस.एस. के बीच संघर्ष के मूल को समझने में नाकाम रहा है। मीडिया राहुल गांधी पर हमला कर रहा है और यह दिखाने की कोशिश कर रहा है, मानो राहुल का बयान एक प्रचार अभियान का हिस्सा हो। वह भारत की स्वतंत्रता के बारे में आर.एस.एस. के विचारों पर कांग्रेस व राहुल गांधी की स्पष्ट प्रतिक्रिया समझ नहीं पा रहा है।

विश्लेषकों के अनुसार, यह बात ज्यादा पुरानी नहीं है, जब सलाहकारों ने राहुल को एक मंदिर से दूसरे मंदिर घुमाया था। उन्होंने राहुल के लिए एक गोत्र भी ढूंढ निकाला था और उन्हें एक शैव घोषित किया था। तब से कांग्रेस नेता ने अपने सोच में स्पष्ट रुप से सुधार किया है और वे भक्ति आंदोलन की समन्वयात्मक परंपराओं के अनुसार, अपने विचारों को तब्दील कर रहे हैं। वे इन विचारों को बौद्ध, ईसाई, सूफी, गुरु नानक और अन्य के द्वारा व्यक्त किए गए सहनशीलता और शांति के सार्वजनिक विषयों के रुप में व्यक्त करने की कोशिश कर रहे हैं।

कांग्रेस ने जोर दिया कि महात्मा गांधी ने समाज में क्रांति की, उसकी उपलिब्ध को इस समाज में हुए क्रांतिकारी कायापलट में देखा जा सकता है, जहाँ एक दलित को अब ग्रंथों में दिए गए उसके स्थान पर धकेला नहीं जा सकता, उसे दबाया नहीं जा सकता। मनुस्मृति की जगह संविधान को लाना

( शेष पृष्ठ 3 पर )

## अब नीमकाथाना जिला समाप्त करने के खिलाफ याचिका

जयपुर, 18 जनवरी। राज्य सरकार की ओर से पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा नव सृजित जिलों में से कुछ जिलों का दर्जा समाप्त करने का विवाद बढ़ता जा रहा है। गंगापुर सिटी के बाद अब नीम का थाना के जिले का दर्जा समाप्त करने के खिलाफ राजस्थान हाईकोर्ट में याचिका पेश की गई है। स्थानीय पूर्व विधायक रमेश चंद्र खंडेलवाल की ओर से पेश इस याचिका पर हाईकोर्ट आगामी सप्ताह में सुनवाई करेगा।

- पूर्व विधायक रमेश चन्द्र खंडेलवाल की याचिका पर हाई कोर्ट अगले सप्ताह सुनवाई करेगा।

याचिका में अधिवक्ता निखिल सैनी ने कहा कि राज्य सरकार ने रामलुभाया कमेटी की सिफारिशों और तय मापदंडों के आधार पर नीम का थाना सहित, अन्य जिलों का सृजन किया था। उसके बाद, यहां सरकारी कार्यालय और बस स्टैंड आदि के लिए जमीन आवंटित हो चुकी हैं। इसके साथ ही, जिला कलेक्टर सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को भी जिले में नियुक्त किया गया। वहीं, कानून व्यवस्था पर भी प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया गया और इससे क्षेत्र में अपराध दर में भी कमी आई। इसी बीच सरकार बदलने के बाद, गत 29 दिसंबर को अधिसूचना जारी कर नीमका थाना से जिले का दर्जा छीन लिया गया। याचिका में कहा गया कि

( शेष पृष्ठ 3 पर )

# 'कांग्रेस का संगठनात्मक ढांचा चरमरा रहा है, पर, ''लैफ्ट'' (वामपंथियों) ने पार्टी के दिमाग पर कब्जा कर लिया है'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 18 जनवरी। वर्ष 2023 से ही भाजपा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर देश के हितों के खिलाफ खड़े होने का आरोप लगा रही है। इस सप्ताह गांधी के इस दावे, कि कांग्रेस ''इंडियन स्टेट'' के खिलाफ लड़ रही है, के बाद तो आलोचना और तीव्र हो गई।

गत दो साल से भाजपा लगातार राहुल गांधी को निशाना बना रही है और उन्हें ऐसे नेता के रूप में पेश करने का प्रयास कर रही है जो राष्ट्रीय हितों के खिलाफ खड़ा है। यह तर्क दिया जा रहा है कि राहुल भारतीय हितों के लिए हानिकारक हैं, क्योंकि उनके संबंध उन विदेशी तत्वों से है, जो भारत के खिलाफ साजिश रच रहे हैं। भाजपा यह आरोप लगाती है कि वे विदेश में भारत के खिलाफ बोलते हैं तथा जॉर्ज सोरॉस जैसे अरबपति के चैरिटी संगठन से जुड़े हुए हैं और उग्र वामपंथी विचारधारा के प्रभाव में हैं।

बुधवार को कांग्रेस मुख्यालय के उद्घाटन के बाद पार्टी नेताओं को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा, यह न सोचें कि हम एक ''फेयर फाइट'' कर रहे हैं, भाजपा व संघ ने देश के सभी संस्थानों पर कब्जा कर लिया है, हम भाजपा से, संघ से और इंडिया स्टेट के खिलाफ लड़ रहे है।

एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने नाम गोपनीय रखते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस ने 1966 के अंत से ही देश के वामपंथियों को बढ़ावा दिया है और

( शेष पृष्ठ 3 पर )

- भाजपा के अनुसार, 1960 के दशक से ही कांग्रेस ''लैफ्ट'' (वामपंथ) को प्रोत्साहित कर रही है तथा फिर लैफ्ट की ''आइडियोलॉजी'' का ह्रास होने के बाद, कई वामपंथी नेता ''कांग्रेस'' से जुड़ गये तथा गांधी परिवार के कान व आँख हो गये।
- भाजपा ने यह दावा किया कि जॉर्ज सोरोस व गांधी-नेहरू परिवार के संबंध भी काफी गहरे व पुराने हैं।
- फोरी नेहरू, सोरोस की भांति हंगरी की रहने वाली हैं तथा उनकी शादी पण्डित नेहरू के चचेरे भाई बी.के. नेहरू से हुई थी। अतः राहुल गांधी की रिश्तेदार लगती हैं। सोरोस कई बार फोरी नेहरू से मिलने गये तथा खतों के मार्फत नियमित सम्पर्क बनाये हुए थे।
- भाजपा का आरोप है कि डिजिटल अखबार, मीडिया पार्ट की जाँच के अनुसार, ओ.सी.सी.आर.पी. का गठन अमेरिका की सरकार व सोरोस ने किया है, अडानी के मामलों, पैगेसस तथा ब्राजील द्वारा भारतीय वैक्सीन कोवैक्सीन का आयात सस्पैंड करने की खबर सबसे पहले ओ.सी.सी.आर.पी. में आई और फिर तुरन्त राहुल गांधी ने ये मुद्दे उठाये।

# 'जब तक 11, अशोक रोड, भाजपा के पास है, तब तक 24, अकबर रोड भी कांग्रेस के पास रहेगा'

## कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कहा कि भाजपा अभी भी पूर्व मुख्यालय, 11, अशोक रोड पर काबिज है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 18 जनवरी। कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस के पूर्व मुख्यालय 24, अकबर रोड में पार्टी के जितने भी कार्यालय थे, सभी को एक साथ नए मुख्यालय इंदिरा भवन, 9ए, कोटला रोड में शिफ्ट नहीं किया जाएगा।

24, अकबर रोड के बारे में उन्होंने कहा कि ''पार्टी ने अभी पूरी तरह शिफ्ट नहीं किया है, धीरे-धीरे शिफ्टिंग हो रही है और इसमें समय लगेगा।''

उन्होंने आगे कहा कि इसे भाजपा के पूर्व मुख्यालय 11, अशोका रोड के संदर्भ में देखा जाना चाहिए। भाजपा पूर्व मुख्यालय को अपने पास रखे हुए है। जब तक भाजपा 11, अशोका रोड को अपने पास रखेगी, तब तक 24, अकबर रोड भी कांग्रेस के पास रहेगा।

- माकन ने कहा कि कांग्रेस पार्टी धीरे-धीरे अपने कार्यालय को नए मुख्यालय, इंदिरा भवन में शिफ्ट करेगी।
- कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले से 1969 से पहले की पार्टी की सभी सम्पत्तियों, जिन पर मुकदमा चल रहा था, का मालिकाना हक पार्टी को मिलने का रास्ता साफ हो गया है।
- उन्होंने कहा कि इसमें, 7, जतंर-मंतर रोड भी शामिल है। यहाँ अभी जनता दल (युनाईटेड) का राष्ट्रीय मुख्यालय है।
- जयराम रमेश ने कहा, पार्टी इन सम्पत्तियों को अपने अधिकार में लेने के लिए गंभीर एवं सुनियोजित प्रयास करेगी।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने

( शेष पृष्ठ 3 पर )

## अनुभव प्रमाण पत्र स्वीकार कर लैब टैक्नीशयन पद पर नियुक्ति दें

जयपुर, 18 जनवरी। राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिए हैं कि वह लैब टेक्नीशियन भर्ती-2023 में याचिकाकर्ता अभ्यर्थी के अनुभव प्रमाण पत्र को स्वीकार कर उसे नियुक्ति प्रदान करे। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश अशोक कुमार यादव व अन्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया।

याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता ने लैब टेक्नीशियन भर्ती में भाग लिया था। विभाग ने चयन का मापदंड शैक्षिणक योग्यता और बोनस अंक के आधार पर मेरिट में आना तय किया था।

- हाई कोर्ट ने अनुभव के आधार पर बोनस अंक का लाभ दिया।

याचिका में कहा गया कि राज्य सरकार ने उसका अनुभव प्रमाण पत्र इस आधार पर स्वीकार नहीं किया कि वह आरपीएमसी में हुए पंजीकरण से पहले का है।

याचिकाकर्ता की ओर से अदालत को बताया गया कि उसने लैब टेक्नीशियन का संबंधित कोर्स करने के बाद राजस्थान पैरा मेडिकल काउंसिल में पंजीकरण करना चाहा था, लेकिन उसका पंजीकरण नहीं हो पाया। इस दौरान, उसने संविदा पर लैब टेक्नीशियन के तौर पर काम किया और संबंधित अधिकारी ने उसे अनुभव प्रमाण पत्र भी दे दिया। दूसरी ओर, राजस्थान पैरा मेडिकल काउंसिल ने अनुभव प्रमाण पत्र मिलने के बाद उसका पंजीकरण भी कर लिया। ऐसे में उसके अनुभव प्रमाण पत्र को भर्ती के लिए स्वीकार कर उसे बोनस अंक का लाभ देते हुए नियुक्ति दी जाए। याचिका पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने याचिकाकर्ता को उसके अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर नियुक्ति देने को कहा है।

# कोटा में एक और कोचिंग छात्र ने आत्महत्या की

## नए साल के पहले ही महीने में चौथे कोचिंग छात्र ने आत्महत्या की है

कोटा, 18 जनवरी (निसं)। कोटा में कोचिंग छात्रों द्वारा आत्महत्या के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। शनिवार को जवाहर नगर थाना इलाके में एक और कोचिंग छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। छात्र 12वीं बोर्ड के साथ -साथ जेईई की तैयारी कर रहा था।

मूल रूप से बूंदी जिले के इंद्रगढ़ का निवासी छात्र कोटा में रहकर पढ़ाई कर रहा था। जवाहर नगर थाने के सब इंस्पेक्टर जवाहर लाल ने बताया कि शनिवार को घटनाक्रम के बारे में जानकारी मिली थी। छात्र अपने मौसेरे भाई के साथ रहता था। परिजनों ने पोस्टमार्टम करवाने से मना कर दिया और छात्र के नेत्र दान किए। उसके मामा ने बताया कि छात्र ने अपने परिजनों का फोन नहीं उठाया था। इस पर पास में रहने वाले छात्र को उसके कमरे में जाकर देखने को कहा, तब इस घटना की सूचना उन्हें मिली।

उन्होंने बताया कि वह पढ़ाई में काफी होशियार था और बीते तीन सालों से कोटा में ही रहकर पढ़ रहा था। कंप्यूटर साइंस में आईआईटी से बीटेक करना उसका सपना था।

- मृतक छात्र बूंदी के इंद्रगढ़ का रहने वाला था तथा कोटा में नाना-नानी के घर रह कर पढ़ाई कर रहा था।
- घटना की सूचना मिलते ही परिजन पहुँच गए और पोस्टमार्टम किए बिना ही छात्र का शव ले गए, उन्होंने छात्र के नेत्र दान करने की भी घोषणा की।
- मृतक छात्र बारहवीं कक्षा में पढ़ता था तथा जे.ई.ई. की तैयारी कर रहा था, उसका मौसेरा भाई भी साथ ही रहता था।
- ठीक एक दिन पहले, शुक्रवार को ओडिशा के मयूरभंज जिला निवासी एक छात्र ने आत्महत्या कर ली थी। वह जे.ई.ई. मेन्स की तैयारी कर रहा था। यह परीक्षा 22 जनवरी से शुरु हो रही है।

वह धार्मिक प्रवृत्ति का था। कभी ऐसा नहीं लगा कि वह इस तरह का कदम उठा लेगा। परिवार में इकलौता बेटा ही था, इसके चलते माता-पिता सदमे में हैं। छात्र जवाहर नगर स्थित अपनी नानी के मकान में रहता था। नाना-नानी के निधन के बाद घर खाली ही था। ऐसे में, एक कमरे में छात्र और और दूसरे कमरे में उसका मौसेरा भाई रहता था।

शुक्रवार रात को दोनों खाना खाकर सो गए थे। शनिवार सुबह जब छात्र ने रूम नहीं खोला तो उसके मौसेरे भाई ने अपने परिजनों को सूचना दी। पुलिस भी मौके पर पहुंची, तब इस मामले का खुलासा हुआ है। कोटा में इस साल स्टूडेंट्स के आत्महत्या का चौथा मामला है। वहीं, जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम की परीक्षा भी चार दिन बाद 22 जनवरी से शुरू होने वाली है।

## दिव्यांग संविदाकर्मी से बिना वेतन काम कराने पर नोटिस जारी

जयपुर, 18 जनवरी। राजस्थान हाईकोर्ट ने दिव्यांग संविदाकर्मी से करीब डेढ साल तक काम करवाकर, उसे वेतन नहीं देने और बाद में सेवा से

- हाई कोर्ट ने चिकित्सा सचिव, स्वास्थ्य निदेशक, सीएमएचओ व प्लेसमैंट एजेन्सी से जवाब मांगा।

हटाने पर पर प्रमुख चिकित्सा सचिव, स्वास्थ्य निदेशक, सीएमएचओ जयपुर और अमर एसोसिएट सहित अन्य से जवाब तलब किया है। जस्टिस सुदेश बंसल ने यह आदेश प्रवेश कुमार बुनकर की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता बाबूलाल बैरवा ने अदालत को बताया कि चिकित्सा विभाग ने प्लेसमेंट एजेंसी

( शेष पृष्ठ 3 पर )

# 'हमारी पार्टी हरियाणा और दिल्ली में आप के साथ गठबंधन करना चाहती थी, पर, केजरीवाल ने इन्कार कर दिया

## कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय माकन ने कहा, केजरीवाल ने जेल से छूटते ही हरियाणा में अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी थी

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 18 जनवरी। कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने आज जोर देते हुये कहा कि कांग्रेस तो दिल्ली और हरियाणा- दोनों ही राज्यों में आप के साथ गठबंधन करना चाहती थी, लेकिन केजरीवाल ने ''स्वयं ही इनकार कर दिया था।''

दिल्ली के वरिष्ठ कांग्रेस नेता माकन ने कहा, ''हरियाणा और दिल्ली- दोनों (ही राज्यों) में हम आप के साथ गठबंधन करना चाहते थे। लेकिन केजरीवाल ने जेल से बाहर आने के बाद, हरियाणा की सभी 90 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की एकतरफा घोषणा कर दी थी। उस समय, गठबंधन से संबंधित हमारी बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी थी। (लेकिन) उन्होंने स्वयं इनकार कर दिया था।''

माकन ने कहा, ''लोकसभा चुनावों के बाद, उन्होंने ही कहा था कि वे दिल्ली के चुनाव पृथक रह कर लड़ेंगे।''

उल्लेखनीय है कि आप और कांग्रेस, जो इंडिया ब्लॉक के हिस्से हैं, ने दिल्ली में 2024 के लोकसभा चुनाव मिलकर लड़े थे। उन आम चुनावों में, दोनों में से कोई भी पार्टी एक भी सीट नहीं जीत पाई थी।

दिल्ली के आसन्न विधानसभा चुनावों से पहले, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय माकन ने शनिवार को कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री तथा आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की प्रगति से भाजपा को ''मदद मिलती है।''

माकन ने कहा कि भाजपा के खिलाफ लड़ने के लिये, कांग्रेस को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत बनना होगा।

उन्होंने कहा, ''कमजोर हो रही कांग्रेस, भाजपा से टक्कर नहीं ले सकती। हर व्यक्ति को यह समझ लेना चाहिये।''

दिल्ली की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार का जिक्र करते हुये, ए.आई.सी.सी. कोषाध्यक्ष ने कहा, ''दिल्ली में, जब तक शीला दीक्षित मुख्यमंत्री रहीं, हम लोकसभा की सभी सात सीटें जीतते रहे। और हमने भाजपा को रोक दिया था।''

पार्टी के नव-उद्घाटित मुख्यालय में एक प्रैस कॉन्फ्रैंस को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा, ''दिल्ली में आप के सत्ता में आने के बाद, इससे ठीक उल्टा हो रहा है, भाजपा सभी सात सीटें जीत रही है तो भाजपा के साथ कौन हुआ?''

2020 के विधानसभा चुनावों में, आप ने 62 तथा भाजपा ने आठ सीटें जीती थीं, जबकि 2015 के चुनावों में, आप ने 67 तथा भाजपा ने केवल 3 सीटें जीती थीं। कांग्रेस इन दोनों ही चुनावों में कोई भी सीट नहीं जीत पाई थी।

70 सदस्यों वाली दिल्ली विधानसभा के लिये मतदान 5 फरवरी को होगा तथा मतगणना 8 फरवरी को होगी।

- कांग्रेस और आप दोनों ही विपक्षी गठबंधन इंडिया के सदस्य हैं और दिल्ली के लोकसभा चुनाव दोनों दलों ने साथ लड़ा था, पर, दोनों को ही एक भी सीट नहीं मिली थी।
- अजय माकन ने कहा कि केजरीवाल की ताकत बढ़ने से भाजपा को ही लाभ होता है, अगर, भाजपा को टक्कर देनी है तो कांग्रेस को मजबूत होना पड़ेगा।
- माकन ने कहा, जब तक शीला दीक्षित दिल्ली की मुख्यमंत्री थीं, कांग्रेस ने लोकसभा की सभी सीटें जातीं। कांग्रेस ने भाजपा को रोका था।
- माकन ने कहा, जब से आप आई है, सभी सात लोकसभा सीटें भाजपा जीत गई। अब बताइए कौन है भाजपा का मददगार।

## राजनाथ सिंह ने महाकुंभ में स्नान किया

महाकुंभनगर,18 जनवरी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महासमागम महाकुंभ में शनिवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आस्था की डुबकी लगाई।

रक्षा मंत्री ने कहा, मैं इसे अपना सौभाग्य मानता हूं कि आज तीर्थराज प्रयाग के संगम में मैंने स्नान किया। मैं स्वयं को बहुत ही कृतार्थ महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा यह भारतीयता और आध्यात्मिकता एवं सांस्कृति का पर्व है। इसे किसी पंथ, समुदाय या धर्म के साथ जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। भारत ही नहीं, दुनिया के कोने कोने से लोग यहां आकर आस्था की डुबकी लगाते हैं। किसी को यदि भारत और भारतीयता को समझना है तो वह आकर इस महाकुंभ को देखे।

- उन्होंने कहा संगम में स्नान को मैं अपना सौभाग्य मानता हूँ।

( शेष पृष्ठ 3 पर )

## विचार बिन्दु

दुर्वचन पशुओं तक को अप्रिय होते हैं। –बुद्ध

# भारत में सभी शहरी क्षेत्रों के आसपास के वनों को कंजर्वेशन रिज़र्व घोषित करना आवश्यक है

30X30 एक वैश्विक संरक्षण पहल है, जिसका उद्देश्य 2030 तक पृथ्वी के 30 प्रतिशत भूमि और महासागरों की रक्षा करना है। यह जैव विविधता कन्वेंशन (सीबीडी) के वर्ष 2020 के बाद के वैश्विक जैव-विविधता ढांचे के तहत एक प्रमुख लक्ष्य है। भारत के लिए, सभी पेरी-अर्बन वनों को संरक्षण रिज़र्व घोषित करना इस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम हो सकता है। 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में 7,935 शहर और कस्बे थे। यहाँ शहरीकरण तेजी से बढ़ रहा है। इन शहरों और कस्बों के आसपास स्थित पेरी-अर्बन वनों की रक्षा करना पारिस्थितिक गलियारों को मजबूत करेगा, शहरी जैव-विविधता को बढ़ावा देगा और जलवायु सहनशीलता में सुधार करेगा। ये वन कार्बन भंडार के रूप में कार्य करते हैं, महत्वपूर्ण पारिस्थितिकी सेवाएं प्रदान करते हैं और घनी आबादी वाले क्षेत्रों में जैव-विविधता हानि को कम करते हैं। पेरी-अर्बन वनों को 30X30 रणनीति में शामिल करना समावेशी संरक्षण के प्रति भारत की प्रतिबद्धता के साथ मेल खाता है, जिसमें स्थानीय समुदायों की भागीदारी और देश की अनोखी जैव-विविधता और पारिस्थितिक अखंडता के लिए एक टिकाऊ भविष्य सुनिश्चित करना शामिल है।

पेरी-अर्बन वन-हरे भरे क्षेत्र जो शहरों के बाहरी इलाकों में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच स्थित हैं- पारिस्थितिक जीवनरेखा हैं जो शहरीकरण के प्रतिकूल प्रभावों को कम करते हैं। ये वन महत्वपूर्ण पारिस्थितिकी सेवाएं प्रदान करते हैं, जिनमें कार्बन अवशोषण, जल चक्र विनियमन, जैव-विविधता संरक्षण, स्थानीय तापमान को संतुलित करना और अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रकृति-आधारित समाधान के स्त्रोत के रूप में काम करना शामिल है।

तेजी से शहरी विस्तार के साथ, पेरी-अर्बन वन, कटाई, शहरीकरण के कारण भूमि उपयोग में बदलाव और प्रबंधन में उपेक्षा जैसी बढ़ती चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। इसलिए, इनके बहुआयामी लाभों के प्रमाणों के आधार पर, सभी पेरी-अर्बन वनों को संरक्षण रिज़र्व घोषित करना और उनका प्रबंधन करना आवश्यक है।

भारत विश्व स्तर पर पेरी-अर्बन वनों की बहाली की उच्चतम संभावना वाले शीर्ष चार देशों में शामिल है, जिसमें चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका और ब्राज़ील भी शामिल हैं। ये चार देश पुनर्स्थापन गतिविधियों के लिए उपलब्ध वैश्विक पेरी-अर्बन क्षेत्रों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा प्रदान करते हैं। अकेले भारत में लगभग 14 से 17 मिलियन हेक्टेयर भूमि ऐसी पहलों के लिए उपयुक्त मानी गई है, जो जलवायु परिवर्तन से निपटने, जैव-विविधता को बढ़ावा देने और शहरी सहनशीलता में सुधार करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है (एस. फ्रांसिनीएटअल., नेचर सिटीज, वॉल्यूम 1, पेज 286-294, 2024)। यह वैश्विक पुनर्स्थापन प्रयासों में भारत की केंद्रीय भूमिका और लक्षित पुनर्वनीकरण गतिविधियों के माध्यम से महत्वपूर्ण पारिस्थितिक और सामाजिक लाभ प्रदान करने की इसकी क्षमता को उजागर करता है।

भारत में शहरी और पेरी-अर्बन राष्ट्रीय उद्यानों और संरक्षण रिज़र्वों का एक व्यापक नेटवर्क है, जो जैव-विविधता संरक्षण और शहरी पारिस्थितिकी सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान (मुंबई), जो 103 वर्ग किलोमीटर में फैला है, शहर के लिए एक हरा फेफड़ा है और तेंदुओं सहित विविध वन्यजीवों का घर है। इसी तरह, वन विहार राष्ट्रीय उद्यान (भोपाल), 4.45 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला है और प्राकृतिक बाड़ों में जानवरों के साथ एक प्राणी उद्यान के रूप में कार्य करता है। गिंडी राष्ट्रीय उद्यान (चेन्नई), जो केवल 2.7 वर्ग किलोमीटर में फैला है, काले हिरण, चीतल और पक्षियों के लिए एक शहरी अभयारण्य है।

हैदराबाद में कासूब्रह्मानंद रेड्डी (केबीआर) राष्ट्रीय उद्यान, जो 1.43 वर्ग किलोमीटर में फैला है, शहर के केंद्र में स्थित एक शहरी वन है, जो उष्णकटिबंधीय शुष्क पर्णपाती वनस्पति को संरक्षित करता है और आवश्यक पारिस्थितिकी सेवाएं प्रदान करता है। महावीर हरीना वनस्थली राष्ट्रीय उद्यान, 14.59 वर्ग किलोमीटर में फैला है और काले हिरणों की आबादी और शिक्षा तथा मनोरंजन में अपनी भूमिका के लिए जाना जाता है। बन्नेरघट्टा राष्ट्रीय उद्यान (बेंगलुरु), 260.5 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला है और हाथी गलियारे और पारिस्थितिक पर्यटन सुविधाओं को जोड़ता है, जो शहरी दबावों और वन्यजीव संरक्षण के बीच संतुलन बनाता है।

चंदका-दामपाड़ा वन्यजीव अभयारण्य, जो भुवनेश्वर, ओडिशा के पास स्थित है, 193.39 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला है और शहरी क्षेत्रों के करीब एक महत्वपूर्ण हाथी अभयारण्य है। यह मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने और जैव-विविधता को संरक्षित करने में पेरी-अर्बन संरक्षित क्षेत्रों के महत्व को रेखांकित करता है। जयपुर का झालाना-अमागढ़ कंजेर्वेशन रिज़र्व, जो 32 वर्ग किलोमीटर में फैला है, अपनी बढ़ती तेंदुओं की आबादी, कार्बन संचय, भू-जल पुनर्भरण और पर्यावरण पर्यटन के लिए जाना जाता है।

हमने हैदराबाद, तेलंगाना के पास स्थित 109 शहरी और पेरी-अर्बन वनों में से एक का दौरा किया, जो 250 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला है और उष्णकटिबंधीय शुष्क पर्णपाती वन प्रजातियों के उल्लेखनीय प्राकृतिक पुनर्जनन को प्रदर्शित करता है। मजबूत संरक्षण उपायों ने जैव-विविधता की रक्षा की है, जलग्रहण क्षेत्र की स्थिति को बेहतर बनाया है और आसपास की झीलों को स्वच्छ पानी प्रदान किया है। इसी प्रकार हैदराबाद का का सूब्रह्मानंद रेड्डी (केबीआर) राष्ट्रीय उद्यान एक महत्वपूर्ण शहरी संरक्षित क्षेत्र है,जहाँ चंदन (सैंटलम एल्बम) के उल्लेखनीय प्राकृतिक पुनरुत्पादन को देखा गया है। यह मुख्य रूप से पक्षियों द्वारा बीजों के प्रसार के माध्यम से संभव हुआ है, जिसमें बुलबुल पक्षी प्रमुख भूमिका निभाते हैं। ये पक्षी पार्क के 353 एकड़ क्षेत्र में, जिसमें संरक्षण और पर्यटन क्षेत्र दोनों शामिल हैं, बीजों को फैलाने में सहायक हैं।

**भारत विश्व स्तर पर पेरी-अर्बन वनों की बहाली की उच्चतम संभावना वाले शीर्ष चार देशों में शामिल है, जिसमें चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका और ब्राज़ील भी शामिल हैं। ये चार देश पुनर्स्थापन गतिविधियों के लिए उपलब्ध वैश्विक पेरी-अर्बन क्षेत्रों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा प्रदान करते हैं।**

वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल शहर के लिए हरे फेफड़े का काम करता है, जैव-विविधता संरक्षण में योगदान देता है, पारिस्थितिक पर्यटन को बढ़ावा देता है, और आसपास की झील के लिए जल विनियमन को बेहतर बनाता है। अपनी छोटी सीमा के बावजूद, वन विहार संरक्षण और मनोरंजन के बीच संतुलन स्थापित करता है। पारिस्थितिक संरक्षण और शहरी योजना को एकीकृत करने का उत्तम उदाहरण है।

पेरी-अर्बन वन स्थानीय जलवायु को स्थिर करने के लिए अपरिहार्य हैं, विशेष रूप से उन शहरी और अर्ध-शुष्क क्षेत्रों में जो अत्यधिक गर्मी की चपेट में आते हैं। झालाना-अमागढ़ संरक्षण रिज़र्व इसका एक उत्कृष्ट उदाहरण है। प्रोफेसर आर. योसेफ और उनकी टीम द्वारा किए गए एक अध्ययन से यह स्पष्ट हुआ है कि पेरी-अर्बन वनभूमि सतह तापमान (LST) को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सैटेलाइट इमेजरी का उपयोग करते हुए, शोधकर्ताओं ने पाया कि झालाना-अमागढ़ संरक्षण रिज़र्व के भीतर का LST, आसपास के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में सभी मौसमों में काफी कम था। यह शीतलन प्रभाव दिखाता है कि वन शहरी गर्मी द्वीपों (Urban Heat Islands) का कैसे मुकाबला करते हैं, जो अन्यथा शहरों में गर्मी से संबंधित स्वास्थ्य जोखिमों को बढ़ाते हैं (Forests, Vol. 13, Pages 1101, 2022)? यह निष्कर्ष घनी आबादी वाले क्षेत्रों में जीवन स्तर को सुधारने के लिए भारत में शहरी और पेरी-अर्बन वनों को प्राथमिकता देने की मजबूत वकालत करता है।

शीतलन के अलावा, पेरी-अर्बन वन वैश्विक जलवायु शमन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। एस. फ्रांसिनी और उनके सहयोगियों ने पाया कि विश्व स्तर पर उपयुक्त पेरी-अर्बन क्षेत्रों को पुनर्स्थापित करके 101 से 106 अरब पेड़ों के लिए स्थान उपलब्ध कराया जा सकता है, जो कार्बन अवशोषण में महत्वपूर्ण योगदान देगा (Nature Cities, Vol. 1, Pages 286–294, 2024)?

पेरी-अर्बन वनों में निवेश पारंपरिक 'ग्रे' अवसंरचना,जैसे बांध और तटबंध, के बजाय बाढ़ नियंत्रण और जलवायु अनुकूलन के लिए एक किफायती विकल्प है। आर. मलेकनिया और उनकी टीम द्वारा किए गए अध्ययन यह दर्शाते हैं कि पेरी-अर्बन वन प्राकृतिक स्पंज के रूप में कार्य करते हैं, वर्षा जल को अवशोषित करते हैं, जल पुनर्भरण करते हैं, और शहरी बाढ़ के जोखिम को कम करते हैं (Forests, Vol. 15, 2024)? यह पारिस्थितिकी सेवा आपदा के बाद के पुनर्वास पर होने वाले आर्थिक बोझ को कम करती है और दीर्घकालिक सहनशीलता सुनिश्चित करती है।

पेरी-अर्बन वन पारिस्थितिक पर्यटन, टिकाऊ आजीविका और शीतलन के लिए ऊर्जा लागत को कम करके अतिरिक्त आर्थिक लाभ भी प्रदान करते हैं। ऐसी सेवाएं पेरी-अर्बन वनों को संरक्षित करने के वित्तीय लाभों को रेखांकित करती हैं। पेरी-अर्बन वनों को कंजर्वेशन रिज़र्व घोषित करना संसाधनों के उपयोग को नियंत्रित करेगा और स्थानीय व राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के लिए दीर्घकालिक लाभ सुनिश्चित करेगा।

पेरी-अर्बन वन स्वच्छ हवा प्रदान करके, गर्मी के तनाव को कम करके और मनोरंजन स्थल के रूप में शहरी जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाते हैं। ये लाभ विशेष रूप से भारत के घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्रों में अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं, जहाँ हीट-वेव और वायु प्रदूषण शहरी समुदायों को असमान रूप से प्रभावित करते हैं। इसके अलावा, पेरी-अर्बन वन मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करते हैं। मनोरंजन स्थलों के रूप में ये वन व्यायाम और विश्राम के अवसर प्रदान करते हैं, जो मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं।

पेरी-अर्बन वनों को संरक्षण रिज़र्व घोषित करना एक क्रांतिकारी नीतिगत समाधान है, जो इन वनों की सुरक्षा को संस्थागत रूप देगा और उनके पारिस्थितिक, आर्थिक और सामाजिक लाभों को पूरी तरह से प्राप्त करने की क्षमता को साकार करेगा। कंजर्वेशन रिज़र्व कानूनी ढांचा प्रदान करते हैं, जो वनों को शहरी अतिक्रमण और अव्यवस्थित दोहन से बचाते हैं, साथ ही समुदाय की भागीदारी को भी सक्षम बनाते हैं। पेरी-अर्बन वनों के संरक्षण को लागू करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाने की आवश्यकता है। सबसे पहले,जीआईएस और रिमोट सेंसिंग उपकरणों का उपयोग करके पेरी-अर्बन वनों की पहचान और मूल्यांकन करना चाहिए, जो भूमि सतह तापमान और पारिस्थितिकी सेवाओं से संबंधित महत्वपूर्ण डेटा प्रदान करेगा। दूसरे, नीतिगत और कानूनी सुधारों के माध्यम से इन क्षेत्रों को औपचारिक रूप से समय समय पर संशोधित, वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के प्रावधानों के अनुरूप कंजर्वेशन रिज़र्व के रूप में नामित करना आवश्यक है, जिससे इनकी दीर्घकालिक सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। तीसरे, सहभागी योजना और शिक्षा के माध्यम से समुदायों को शामिल करना महत्वपूर्ण है, ताकि जन-जागरूकता बढ़ाई जा सके और स्थानीय स्तर पर संरक्षण प्रयासों में भागीदारी सुनिश्चित हो। चौथे, सीधी बुआई (बीजारोपण), असिस्टेड नेचुरल रिजनेरेशन जैसी वैज्ञानिक पुनर्स्थापन तकनीकों का उपयोग करके वनों के पुनर्स्थापन और क्षतिग्रस्त वनों को बेहतर करने में मदद मिल सकती है। अंत में, जन जागरूकता अभियानों के माध्यम से पेरी-अर्बन वनों के पारिस्थितिक और सामाजिक लाभों को उजागर किया जा सकता है, जिससे नागरिकों को इन महत्वपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्रों की रक्षा के लिए प्रेरित किया जा सके। इन सभी प्रयासों से पेरी-अर्बन वनों का संरक्षण न केवल पर्यावरणीय स्थिरता को सुनिश्चित करेगा, बल्कि देश के आर्थिक और सामाजिक लाभों में भी योगदान देगा।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय,**
**( इंडियन फारेस्ट सर्विस से सेवानिवृत्त, वर्तमान में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान सहित अनेक विश्वविद्यालयों में विजिटिंग प्रोफेसर )**

**( यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं।)**

# 2025 में उच्च शिक्षा: एक प्रस्तावना



**प्रो. अशोक कुमार**

2025, भारत की उच्च शिक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण वर्ष होने की आशा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के साथ, हम एक ऐसे युग में प्रवेश कर रहे हैं जहां उच्च शिक्षा अधिक समावेशी, नवीन और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी होगी।

**2025 तक, हम निम्नलिखित परिवर्तनों की उम्मीद कर सकते हैं:-**

**1. सर्वांगीण विकास पर जोर:-** कौशल विकास: केवल सैद्धांतिक ज्ञान पर ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक कौशल विकास पर भी अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए।

बहु-विषयक शिक्षा: छात्रों को विभिन्न विषयों का गहन ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

**शारीरिक शिक्षा और योग :-** शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए शारीरिक शिक्षा और योग को पाठ्यक्रम का एक अनिवार्य हिस्सा बनाना चाहिए।

**2. डिजिटल शिक्षा का प्रसार:-** ऑनलाइन शिक्षा: अधिक से अधिक उच्च शिक्षा संस्थान ऑनलाइन शिक्षा की पेशकश होनी चाहिए, जिससे दूर-दराज के क्षेत्रों के छात्रों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

**डिजिटल संसाधन :-** छात्रों को डिजिटल संसाधनों जैसे ई-पुस्तकालय, ऑनलाइन पाठ्यक्रम और मंचों तक पहुंच प्रदान कीजानी चाहिए।

**3. अनुसंधान और नवाचार पर जोर:-** अनुसंधान संस्कृति: विश्वविद्यालयों में अनुसंधान संस्कृति को बढ़ावा दिया जाएगा और छात्रों को अनुसंधान परियोजनाओं में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

**उद्योग-अकादमिक सहयोग:** उद्योग और अकादमिक संस्थानों के बीच सहयोग को बढ़ावा दिया जाना चाहिए ताकि उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप अनुसंधान किया जा सके।

**4. समावेशी शिक्षा:-** विविधता: उच्च शिक्षा संस्थानों में विविधता को बढ़ावा दिया जाना चाहिए ताकि सभी सामाजिक और आर्थिक पृष्ठभूमि के छात्रों को समान अवसर मिल सके।

**दिव्यांग छात्र:** दिव्यांग छात्रों के लिए विशेष सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए।

**5. स्वायत्तता और लचीलापन:-** स्वायत्त संस्थान: उच्च शिक्षा संस्थानों को अधिक स्वायत्तता दी जानी चाहिए ताकि वे अपने पाठ्यक्रम और शिक्षण विधियों को विकसित कर सकें।

**लचीले पाठ्यक्रम:** छात्रों को अपने करियर के लक्ष्यों के अनुसार पाठ्यक्रम चुनने की अधिक स्वतंत्रता होनी चाहिए।

**6. विश्व स्तरीय शिक्षा:- अंतरराष्ट्रीय मानक:** भारतीय विश्वविद्यालयों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाया जाना चाहिए।

**विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ सहयोग:** भारतीय विश्वविद्यालय विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ सहयोग करना चाहिए ताकि छात्रों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार किया जा सके।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने के लिए एक विस्तृत तंत्र की आवश्यकता होती है जिसमें नियामक समितियां भी शामिल हैं। यह सच है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत कई नई नियामक संस्थाओं की स्थापना की जानी है, लेकिन यह प्रक्रिया समय लेने वाली होती है।

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत कुछ प्रमुख नियामक संस्थाएं जो स्थापित की जानीचाहिए हैं, उनमें शामिल हैं:-**

**उच्च शिक्षा आयोग:** यह एक एकल नियामक निकाय है जो उच्च शिक्षा के सभी पहलुओं को नियंत्रित करेगा।

**राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान परिषद :-** यह अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए एक प्रमुख संस्था है

राष्ट्रीय स्कूली शिक्षा बोर्ड यह स्कूली शिक्षा के लिए एक एकल बोर्ड होना चाहिए।

यह उम्मीद की जाती है कि इन नियामक संस्थाओं के गठन से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

**निष्कर्ष:-** 2025 तक, भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली में एक व्यापक परिवर्तन देखने को मिलेगा। यह परिवर्तन छात्रों को 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करेगा और भारत को एक ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था बनाने में मदद करेगा।

**–अशोक कुमार,**
**पूर्व कुलपति कानपुर, गोरखपुर विश्वविद्यालय,**
**विभागाध्यक्ष राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर**

# गंदे पानी की निकासी नहीं होने से लोग दूषित वातावरण में रहने को मजबूर

- **गंदे पानी की निकासी नहीं होने के कारण राजगढ़ रामबास मोहल्ले में गेनाणी डिग्गी ओवरफ्लो हुई**
- **मोहल्ले के लोगों ने आक्रोश जताया, शिकायतों के बावजूद नहीं हो रही कार्रवाई**




**गंदे पानी की निकासी नहीं होने के कारण रास्ते में भरा गन्दा पानी परेशानी का सबब बना हुआ है।**

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ़ कस्बे के रामबास मोहल्ले में स्थित गंदे पानी की गेनाणी डिग्गी के पानी निकासी नहीं होने के कारण ओवरफ्लो हो गई तथा प्रमुख रास्ते पर गंदा पानी भर गया है। इससे लोग दूषित वातावरण में रहने को मजबूर हैं।

शनिवार को मिली जानकारी में गंदे पानी की गेनाणी डिग्गी के पानी निकासी नहीं होने के करण में कारण रास्ते के चारों तरफ गंदगी का आलम छा गया है, मोहल्ले में दूषित वातावरण बन गया। आसपास के घरों और गलियों में जलभराव की स्थिति बन गई है। आक्रोशित लोगों ने बताया कि शिकायतों के बावजूद नगर पालिका प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। लोग मजबूरन इस गंदे पानी से होकर गुजरने को मजबूर हैं, जिससे स्वास्थ्य संबंधित समस्याएं उत्पन्न होने का खतरा भी बढ़ गया है।

इस संबंध में द्वारका प्रसाद प्रजापत, फेसल पहाड़खानी, जयनारायण सैनी, प्रदीप बंसल, पवन सैनी, प्रकाश शर्मा, सुरेश गोस्वामी, राधेश्याम स्वामी व विजय शर्मा आदि अनेक लोगों ने बताया कि संस्कृत पाठशाला के सामने बने पंप हाउस में लगे जनरेटर का पाइप फट जाने के कारण डिग्गी से पानी निकासी नहीं हुई, जिसके कारण डिग्गी का पानी ओवरफ्लो होकर प्रमुख रास्ते पर भर गया। आक्रोशित लोगों ने बताया कि मात्र 35 हजार रुपए का खर्च नगर पालिका प्रशासन से नहीं हो रहा है और रखरखाव के अभाव में जनरेटर खराब हो गया तथा इस प्रमुख रास्ते पर दिनभर हजारों लोगों का आवागमन बना रहता है।

गुलपुरा मोड, रैगरान मोहल्ला, खुशीपुरा मोहल्ला, बागडिया कॉलोनी, सैनी मोहल्ला, जलदाय विभाग क्षेत्र मोची कॉलोनी तथा रामबास आदि क्षेत्रों के लोगों को बाजार, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन तथा अपने निजी कार्यो से इसी रास्ते से आवागमन करते हैं। इसके अलावा स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों को भी इसी रास्ते से आना और जाना पड़ता है, लेकिन प्रमुख रास्ते पर गंदा पानी भर जाने और गंदगी का आलम होने के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तथा मजबूरी में लोगों को गंदे पानी से गुजरना पड़ता है।

इस मौके पर अनेक लोगों ने आक्रोश जताते हुए कहा कि आखिर इस समस्या की जिम्मेदारी कौन लेगा। मोहल्लेवासी प्रशासन से निराश हो चुके हैं और वे समझ नहीं पा रहे कि अब अपनी समस्या के समाधान के लिए किस पर विश्वास करें। शहर में गत कई महीना से सफाई व्यवस्था बिगड़ी हुई है।

# श्रीगंगानगर के किन्नू की क्वालिटी में सुधार के साथ मिठास भी बढ़ी

- **श्रीगंगानगर क्षेत्र से हर साल उत्पादन का लगभग 30 प्रतिशत किन्नू बांग्लादेश भेजा जाता है, लेकिन इस बार किन्नू के कारोबार पर भी इसका असर पड़ रहा है**
- **बांग्लादेश किन्नू नहीं भेजने का दूसरा कारण आयात शुल्क में बढ़ोतरी होना भी माना जा रहा है**

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। बांग्लादेश सरकार ने गत वर्ष भारत से भेजे जाने वाले किन्न पर आयात शुल्क 28 प्रतिशत से बढ़ाकर 62 प्रतिशत कर दिया। इस कारण यहां से भेजे जाने वाले किन्नू के भाव वहां बढ़ गए हैं। इसके कारण डिमांड भी कम हो गई। बांग्लादेश में पाकिस्तान से भी किन्नू भेजा जाता है। जिले में इस बार 12500 हैक्टेयर में किन्नू के बाग हैं। इस बार लगभग 2.75 लाख एमटी किन्नू का उत्पादन हुआ है। गर्मी का दौर लंबा चलने से दिसंबर के अंतिम सप्ताह में ठंड पड़नी शुरू हुई है। इससे किन्नू की क्वालिटी में सुधार के साथ ही मिठास भी बढ़ी है। ऐसे में किन्नू का सीजन भी इस बार लंबा चलेगा। उम्मीद है कि इस बार मार्च तक आमजन को खाने के लिए किन्नू मिल सकेगा।

श्रीगंगानगर पड़ोसी देश बांग्लादेश में सरकार बदलने के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में आई खटास का असर अब कारोबार पर भी पड़ना शुरू हो गया है। श्रीगंगानगर क्षेत्र से हर साल उत्पादन का लगभग 30 प्रतिशत किन्नू बांग्लादेश भेजा जाता है, लेकिन्न इस बार किन्नू के कारोबार पर भी इसका असर पड़ रहा है। श्रीगंगानगर के व्यापारी किन्नू इस बार बांग्लादेश नहीं भेज रहे हैं। श्रीगंगानगरी किन्नू की मिठास व अच्छी क्वालिटी के कारण देश से नहीं पड़ोसी देशों में भी खूब डिमांड रहती है। अरब देशों के साथ ही पड़ोसी देश बांग्लादेश में भी श्रीगंगानगरी किन्नू की खूब डिमांड रहती है, लेकिन्न बांग्लादेश में सरकार बदलने के साथ ही दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास आई है। ऐसे में कारोबार पर भी इसका सीधा असर पड़ रहा है। किन्नू के सीजन नवंबर, दिसंबर व जनवरी माह में हर साल उत्पादन का लगभग 30 प्रतिशत माल सड़क मार्ग से बांग्लादेश भेजा जाता है, लेकिन्न इस बार व्यापारी भी किन्नू बांग्लादेश नहीं भेज रहे हैं। हालांकि देश के अन्य राज्यों में किन्नू की डिमांड अच्छी है और यहां से व्यापारी अन्य राज्यों में किन्नू यहां के वैक्सीनेशन व ग्रेडिंग करवाने के बाद पैंकिंग कर ट्रकों से भेज रहे हैं।

किन्नू क्लब के अध्यक्ष राजकुमार जैन ने बताया कि किन्नू के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सरकार को प्रयास करने चाहिए। पांच साल पहले तक किन्नू महोत्सव का आयोजन किया जाता था, लेकिन्न अब ऐसा कोई कार्यक्रम नहीं होता। किन्नू के उत्पाद तैयार करने पर शोध की भी जरूरत है, जिससे कि जैम जैली से उत्पाद तैयार हो सकें। श्रीगंगानगर का किन्नू देश-विदेशों में खूब पसंद किया जाता है। इस बार आवक भी अच्छी हो रही है।

# देश को घोड़ों की आठवीं नस्ल के रूप भीमथड़ी घोड़ा मिला

- **भारत सरकार ने भीमथड़ी घोड़ा नस्ल के लिए गजट नोटिफिकेशन जारी किया**

**बीकानेर,** (निसं)। राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केंद्र के प्रभागाध्यक्ष डॉ. एस सी मेहता के नेतृत्व में किए गए शोध कार्य के परिणामस्वरूप देश को घोड़ों की आठवीं नस्ल के रूप भीमथड़ी घोड़ा मिला। इस कार्य के परिणामस्वरूप भारत सरकार ने इस नस्ल के लिए गजट नोटिफिकेशन यानी भारत का राजपत्र जारी किया। अब यह भारत की घोड़ों की आठवीं गजट नोटिफाईड नस्ल हो गई है।

इस संबंध में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली में एक समारोह आयोजित किया गया जिसमें डॉ एस सी मेहता एवं रणजीत पंवार को पारिषद के महानिदेशक एवं सेक्रेटरी, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा डॉ. हिमांशु पाठक, देश के पशु पालन कमिश्नर डॉ. अभिजीत मित्रा, उप महानिदेशक पशु विज्ञान डॉ. राघवेन्द्र भट्ट, भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के निदेशक एवं उपकुलपति डॉ. त्रिवेणी दत्त एवं राष्ट्रीय पशु अनुवांशिक संसाधन ब्यूरो के निदेशक डॉ. बी पी मिश्रा द्वारा सम्मानित किया गया। समारोह में वि.वि. के कुलपति, निदेशक, सहायक महानिदेशक, प्रभागाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, वैज्ञानिक एवं गणमान्य जन उपस्थित थे। इस सम्बन्ध मे डॉ. मेहता ने बताया कि राजपत्र जारी होने से इस नस्ल को पालने वालों के अधिकार सुनिश्चित हो जाते हैं, इस पर समिति या संस्था बनाकर कार्य किया जा सकता है एवं इस से सरकार की कई योजनाओं से वित्तीय सहायता मिलने में भी आसानी रहती है। इस दिशा में कार्य भी आरंभ किया जा चुका है एवं इस नस्ल के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु "आल इंडिया भीमथड़ी हॉर्स एसोसिएशन" का गठन रणजीत पंवार की अध्यक्षता में किया जा चुका है। डॉ. मेहता ने इस बात पर खुशी जाहिर की कि क्षत्रपति शिवाजी राव महाराज की विरासत को हम लगभग चार सौ वर्ष बाद पुनर्स्थापित कर पाए एवं इसके संरक्षण एवं संवर्धन का मार्ग प्रशस्त कर पाए।

## राशिफल रविवार 19 जनवरी, 2025



**पंडित अनिल शर्मा**

माघ मास, कृष्ण पक्ष, पंचमी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2081, उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र दिन 5:30 तक, अतिगंड योग रात्रि 1:57 तक, तैतिल करण प्रात: 7:31 तक, चन्द्रमा आज कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मकर, चन्द्रमा-कन्या, मंगल-कर्क, बुध-धनु, गुरू-वृष, शुक्र-कुम्भ, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से सम्पूर्ण दिन-रात रहेगा। अमृत सिद्धि योग सायं 5:30 से सूर्योदय तक है। रवियोग सायं 5:30 से आरम्भ होगा। आज सायन कुम्भ में सूर्य प्रवेश रात्रि 1:30 पर होगा। आज पंचमी तिथि में वृद्धि हुई है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 8:40 से 9:54 तक, लाभ-अमृत 9:59 से 12:37 तक, शुभ 1:57 से 3:16 तक।

**राहूकाल:** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 7:21, सूर्यास्त 5:54

### मेष

स्वास्थ्य में सुधार होगा। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय दूर होगा। दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

### सिंह

आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। आज धन हानि हो सकती है। आज खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

### धनु

अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा।

### वृष

अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

### कन्या

मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

### मकर

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आज घर-परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

### मिथुन

घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आवश्यक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है।

### तुला

घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा।

### कुंभ

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा में परेशानी हो सकती है।

### कर्क

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। आज नये-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। मित्रों के साथ मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

### वृश्चिक

आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। अपने आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### मीन

परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को कर्नाटक के बेंगलुरू में सुवर्णा समब्रह्म और 11वें राज्य स्तरीय ब्राह्मण सम्मेलन को संबोधित किया। कार्यक्रम में अखिल कर्नाटक ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष अशोक हर्नाहल्ली सहित संत-महात्मा तथा बड़ी संख्या में विप्र समाज के लोग उपस्थित रहे।

# सत्र न्यायालय ने संजय रॉय को दुष्कर्म व हत्या का दोषी माना

## अदालत ने 57 दिन सुनवाई के बाद आर जी कर अस्पताल के प्रशिक्षु डॉक्टर प्रकरण में फैसला सुनाया

**■ सोमवार को अभियुक्त की सजा पर बहस होगी। संजय रॉय को भी कहने का मौका दिया जायेगा।**

कोलकाता, 18 जनवरी। पश्चिम बंगाल में सियालदह की एक अदालत ने शनिवार को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में प्रशिक्षु डॉक्टर के दुष्कर्म और हत्या के मामले में सिविल वालंटियर संजय रॉय को दोषी करार दिया। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिरबन दास ने 12 नवंबर-2024 को शुरू हुई बंद कमरे में सुनवाई के 57 दिन बाद यह फैसला सुनाया। रॉय ने अदालत में दावा किया कि उसे फंसाया गया है। न्यायाधीश ने हालांकि यह भी कहा कि सजा सुनाये जाने से पहले, उसे सोमवार को बोलने का मौका दिया जायेगा।

सियालदह सत्र न्यायालय ने पिछले वर्ष 12 नवंबर से बंद कमरे में सुनवाई की थी और 09 जनवरी-2025 को समाप्त हुई। सुनवाई के दौरान, पीड़िता के माता-पिता, जांच अधिकारी, फोरेंसिक विशेषज्ञ और आरजी कर में उसके सहकर्मियों सहित 50 गवाहों के बयान दर्ज किये गये।

कोलकाता पुलिस से जुड़े सिविक वालंटियर संजय रॉय इस मामले में एकमात्र आरोपी है। उसे उसी दिन कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। पिछले वर्ष 14 अगस्त को कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मामले की जांच का काम केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दिया था।

गौरतलब है कि 31 वर्षीय द्वितीय वर्ष की स्नातकोत्तर महिला डॉक्टर से तीसरी मंजिल पर स्थित कार्डियक डिपार्टमेंट सेमिनार रूम में दुष्कर्म के बाद, बेरहमी से उसकी हत्या कर दी गयी थी, जहां वह लगातार 36 घंटे की ड्यूटी करने के बाद विश्राम करने गयी थी।

फैसले के बाद, दोषी संजय ने कहा-मुझे इस मामले में फंसाया गया है। मैंने यह काम नहीं किया। जिन्होंने ये काम किया है, उन्हें जाने दिया गया है। एक आईपीएस इसमें शामिल है। मैं रुद्राक्ष की माला पहनता हूं और अगर मैंने अपराध किया होता तो यह टूट जाती।

# 20 जनवरी से तीन नई वंदे भारत ट्रेन शुरु होंगी

-जाल खंबाता-

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 18 जनवरी। भारतीय रेल्वे ने 20 जनवरी से तीन वंदे भारत एक्सप्रैस के बारे में अपडेट जारी की है। इसमें ट्रेन 22439 वंदे भारत एक्सप्रैस भी शामिल है जो नई दिल्ली से कटरा जाएगी और 2478 वंदे भारत एक्सप्रैस ट्रेन कटरा से नई दिल्ली आएगी।

**■ इनमें नई दिल्ली से कटरा जाने वाली और कटरा से नई दिल्ली आने वाली ट्रेन भी शामिल है।**

इन सेमी हाई स्पीड ट्रेन का संचालन व रखरखाव नॉर्दर्न रेल्वे करता है। अपनी आरामदायक यात्रा की वजह से यात्रियों में ये बेहद लोकप्रिय हैं। इनमें समय भी कम लगता है। इस समय देशभर में 136 वंदे भारत ट्रेनें चल रही है।

# 'ब्राह्मण समाज पूरे राष्ट्र को दिशा देने का काम करता है'

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बेंगलुरु में सुवर्णा समब्रह्म व ब्राह्मण सम्मेलन को संबोधित किया

**■ उन्होंने कहा, राजस्थान की तरह कर्नाटक भी अपनी सांस्कृतिक विरासत के लिये विख्यात है। उन्होंने राजस्थान व कर्नाटक के सांस्कृतिक आदान-प्रदान को मजबूत बनाने के लिये सभी को राजस्थान आने के लिये आमंत्रित किया।**

बेंगलुरू/जयपुर, 18 जनवरी। शनिवार को कर्नाटक के बेंगलुरू में सुवर्णा समब्रह्म और 11वें राज्य स्तरीय ब्राह्मण सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य मंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि अखिल कर्नाटक ब्राह्मण महासभा जन सेवा के कार्यों से अपने, ध्येय "सर्वे जना सुखिनो भवन्तु" को चरितार्थ कर रही है। यह वेदों और शास्त्रों के पारायण, नित्यकर्मों के पालन और सामाजिक आयोजनों के माध्यम से सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य कर रही है। हमारे प्राचीन ज्ञान को जीवित रखने का यह एक महत्वपूर्ण प्रयास है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्राह्मण समाज हमारी सामाजिक और सांस्कृतिक धारा को दिशा देने वाला महत्वपूर्ण स्तंभ रहा है। यह वह समाज है जो पूरे राष्ट्र को दिशा देने का काम करता है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि देश और समाज के उत्थान में हर व्यक्ति की भूमिका अहम है। समाज में शांति, न्याय और सद्भावना को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ हमारी जिम्मेदारी है कि हम हर क्षेत्र में प्रगति की दिशा में कदम बढ़ाते रहें। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमें विकास के साथ विरासत का संरक्षण करने की प्रेरणा दी है। हमें उनके दिखाए मार्ग का अनुसरण करते हुए हमारे पूर्वजों की दी हुई सांस्कृतिक विरासत को संजोने के साथ मजबूत भी करना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह राजस्थान अपनी सांस्कृतिक विरासत के लिए देश- दुनिया में जाना जाता है, उसी तरह कर्नाटक भी अपनी सांस्कृतिक विरासत के लिए विख्यात है। उन्होंने कहा कि शास्त्रों के अनुसार, भगवान परशुराम ने कर्नाटक के कोंकण तट का निर्माण किया था, इसलिए इसे परशुराम सृष्टि कहा जाता है। शर्मा ने कहा कि कर्नाटक संगीत पूरी दुनिया के शास्त्रीय संगीत में अपनी एक विशिष्ट पहचान रखता है। मैं राजस्थान और कनार्टक के सांस्कृतिक आदान-प्रदान को और अधिक मजबूत करने के लिए आप सभी को राजस्थान आने के लिए आमंत्रित करता हूं। कार्यक्रम में अखिल कर्नाटक ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष अशोक हर्नाहल्ली सहित, महासभा के अन्य पधाधिकारीगण, संत-महात्मा तथा बड़ी संख्या में विप्र समाज के लोग उपस्थित थे।

# एक-दूसरे के बंदियों को रिहा करेंगे इज़रायल व हमास

येरुशलम, 18 जनवरी। इज़रायल-हमास के बीच हुए युद्ध विराम समझौते के बाद, दोनों देशों ने इस पर अमल करना भी शुरू कर दिया है। इज़रायल के न्याय मंत्रालय ने 700 से अधिक फिलस्तीनी कैदियों की सूची प्रकाशित की है, जिन्हें गाजा में हमास के साथ संघर्ष को रोकने वाले समझौते के तहत रिहा किया जाना है। यह सूची इज़रायल के पूर्ण मंत्रिमंडल द्वारा युद्ध विराम समझौते को मंजूरी दिए जाने के कुछ घंटों बाद जारी की गई है।

**■ दोनों पक्षों के बीच युद्ध विराम पर अमल शुरु हो गया है।**

मंत्रालय ने कहा कि फिलस्तीनी कैदियों को रविवार को स्थानीय समयानुसार शाम चार बजे से पहले रिहा नहीं किया जाएगा, जिस दिन आदान-प्रदान शुरू होना है। इस सूची में हमास और इस्लामी आतंकवादी समूहों के सदस्य शामिल हैं, जिनमें से कुछ आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं और हत्या जैसे गंभीर अपराधों में दोषी हैं। इजरायल की ओर से रिहा किए जाने वाले फिलिस्तीनी बंधकों की 700 कैदियों की सूची में मारवान बरगौती (64) का नाम शामिल नहीं है। यह इज़रायल द्वारा बंदी बनाया गया सबसे प्रमुख फिलिस्तीनी कैदी है।

बरगौती को कई फिलस्तीनी लोग आगामी वर्षों में अपने राष्ट्रपति पद के प्रमुख उम्मीदवार के तौर पर देखते हैं। बरगौती 2000 के दशक के प्रारंभ में दूसरे फिलस्तीनी विद्रोह के दौरान पश्चिमी तट में एक नेता था। हमास ने मांग की है कि इजरायल किसी भी युद्ध विराम समझौते के तहत उसे रिहा करे, हालांकि इजरायली अधिकारियों ने इस संभावना से इनकार किया है। मगर हमास बरगौती को हर हाल में रिहा कराना चाहता है।

# किसान नेता डल्लेवाल से मिला केन्द्र सरकार का प्रतिनिधिमंडल

## किसान आंदोलन पर केन्द्र सरकार ने सक्रियता दिखाई

**■ जगजीत सिंह डल्लेवाल के आमरण अनशन का आज 54वां दिन है।**

पटियाला, 18 जनवरी। पंजाब और हरियाणा के खनौरी बॉर्डर पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के आमरण अनशन का आज 54वां दिन है। शुक्रवार रात को डल्लेवाल को 3-4 बार उल्टियां आईं। पहले वे 2 लीटर तक पानी पी रहे थे, लेकिन अब एक लीटर से भी कम पानी पी रहे हैं। शनिवार को केन्द्र सरकार का प्रतिनिधिमंडल केन्द्रीय कृषि मंत्रालय के जॉइंट सेक्रेटरी प्रिया रंजन की अगुआई में खनौरी बॉर्डर पर पहुंचा। यहां उन्होंने किसान नेता डल्लेवाल से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने किसानों को आश्वासन दिया कि सरकार उनकी समस्याओं को लेकर चिंतित है। उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

केन्द्र सरकार की टीम किसान नेताओं के पास सरकार का प्रस्ताव लेकर पहुंची। इस बैठक में किसानों की मांगों पर विचार-विमर्श चला, जिसमें आंदोलनरत किसानों की मुख्य मांगें शामिल रहीं। वहीं, खनौरी और शंभू मोर्चे के नेताओं और संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं की मीटिंग पटियाला के पातड़ा में हुई। मीटिंग में 26 जनवरी को होने वाले ट्रैक्टर मार्च को लेकर स्ट्रेटजी बनाई गई, लेकिन संयुक्त किसान मोर्चा और शंभू-खनौरी बॉर्डर के नेताओं में एकता को लेकर फैसला नहीं लिया जा सका। संयुक्त किसान मोर्चा ने इसके लिए अभी और समय की मांग की है। संयुक्त किसान मोर्चा के नेता सोमवार को देश के लोकसभा और राज्यसभा के सांसदों को ज्ञापन सौंपेंगे।

उधर, संयुक्त किसान मोर्चा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने किसान नेता डल्लेवाल की सेहत पर चिंता व्यक्त करते हुए किसानों की मांगों को मानने का अनुरोध किया है।

# राहुल गांधी ने बिहार की जाति गणना को फर्जी बताया

**■ उन्होंने कहा, कांग्रेस की सरकार बनने पर लोकसभा - राज्यसभा में विधेयक पारित कराकर असली जनगणना करायेंगे।**

पटना, 18 जनवरी। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी ने बिहार की नीतीश सरकार की महत्वाकांक्षी जातिगत गणना को फर्जी बताया और कहा कि देश की वास्तविक स्थिति को समझने के लिए ऐसी गणना अवश्य होनी चाहिए लेकिन इस राज्य में जैसी हुई वैसी नहीं।

गांधी ने शनिवार को बापू सभागार में आयोजित संविधान सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, "देश की वास्तविक स्थिति को समझने के लिए राष्ट्रव्यापी जातिगत गणना कराई जानी चाहिए लेकिन यह गणना बिहार जैसी फर्जी नहीं होगी। देश में जातिगत गणना के आधार पर नीति बनाई जानी चाहिए।"

कांग्रेस नेता ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर जातिगत जनगणना से संबंधित विधेयक को लोकसभा और राज्यसभा में पारित कराएगी। उनकी सरकार आरक्षण की 50 प्रतिशत की बाधा को ध्वस्त कर देगी।

गांधी ने कहा, "संविधान में कहां लिखा है कि भारत की सारी संपत्ति सिर्फ दो से तीन लोगों के हाथ में चली जानी चाहिए। आज के भारत में विधायकों और सांसदों के पास कोई ताकत नहीं है। जब मैं पिछड़े समुदाय, दलितों, आदिवासियों से ताल्लुक रखने वाले भाजपा सांसदों से मिलता हूं तो वे कहते हैं कि हमें पिंजरे में डाल दिया गया है।"

कांग्रेस नेता ने केंद्र की मोदी सरकार पर देश की असली सत्ता उद्योगपति गौतम अडानी, मुकेश अंबानी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के हाथों में सौंप देने का आरोप लगाते हुए कहा कि जब मोदी को पता चला कि पिछड़े समुदाय, दलितों के लोग प्रतिनिधित्व ले रहे हैं तो उन्होंने आपको प्रतिनिधित्व दिया लेकिन सत्ता छीन ली। सत्ता अंबानी, अडानी और आरएसएस को दे दी गई है। हर संगठन में अपने लोगों को रखा है।

## अब नीमकाथाना...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

समान स्थिति के कुछ अन्य जिलों को राजनीतिक कारणों से बरकरार रख गया है, जबकि करीब तीन दशक से नीमकाथाना को जिला बनाने की मांग की जा रही थी।

ऐसे में जिला रद्द करने की अधिसूचना को निरस्त किया जाए। गौरतलब है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने अगस्त, 2023 में तीन संभाग और 19 जिलों का गठन किया था। वर्तमान भाजपा सरकार ने गत दिसंबर माह में नव सृजित तीनों संभाग व 9 जिलों को निरस्त करते हुए, आठ जिलों को यथावत रखा था।

## मोहन भागवत...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। विशेषज्ञों के अनुसार, राहुल गांधी और कांग्रेस धरोहर पर पुन: दावा कर रहे हैं, और वे पूरी तरह से इसके हकदार हैं। कांग्रेस ने स्वतंत्रता के बाद की अपनी राजनीति में जो संकीर्ण वैचारिक अभिव्यक्ति विकसित की थी, उससे अब वह बाहर आ गई है।

राहुल के अनुसार, आर.एस.एस. और भागवत उपनिवेशी राजनीति की ओर लौटने की कोशिश कर रहे हैं, जिसमें रुढ़िवादियों द्वारा हर परिवर्तन का, भारतीय संस्कृति और सभ्यता को बचाने के नाम पर, विरोध किया जाता था।

कांग्रेस ने भागवत के इन्दौर के बयान को सही समझा है, जिसमें उन्होंने अयोध्या से राम मंदिर निर्माण को वास्तविक आज़ादी बताया है, और स्वतंत्रता संग्राम की भावना व संविधान को खारिज कर दिया है। भागवत का बयान यहीं नहीं रुका, उन्होंने स्वतंत्र भारत के संघर्ष व उपलब्धियों को भी नकार दिया। क्या इसका कारण यह सत्य है कि आज़ाद भारत की नींव कांग्रेस नेता जवाहरलाल नेहरु ने रखी थी। भागवतओं धर्म तंत्र में विश्वास करते हैं।

भागवत ने युद्ध रेखा खींची है और राहुल ने इसे स्वीकार कर लिया है।

# सैफ का संदिग्ध हमलावर छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार

## आरोपी शालीमार ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस के जनरल डिब्बे में बैठा था

**■ पुलिस ने शुक्रवार को भी एक संदिग्ध को पकड़ा था पर पांच घंटे पूछताछ के बाद सबूतों के अभाव में छोड़ दिया।**

रायपुर, 18 जनवरी। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में रेलवे पुलिस बल (आरपीएफ) ने फिल्म अभिनेता सैफ अली खान पर हमले के एक संदेही को शनिवार को गिरफ्तार किया। हमला आरोपी को शालीमार ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस से गिरफ्तार किया गया है। जनरल डिब्बे में संदेही बैठा हुआ था। मुंबई पुलिस की ओर से भेजे गए फोटो के आधार पर आरोपी की पहचान की गई है।

आज रात आठ बजे मुंबई पुलिस दुर्ग पहुंचेगी। मुंबई पुलिस ने संदेही का एक मोबाइल नंबर शेयर किया था, वह नंबर डोंगरगढ़ के किसी राजेन्द्र के नाम पर रजिस्टर्ड है।

बुधवार देर रात बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान के मुंबई स्थित घर में घुसे एक युवक ने उन पर हमला कर दिया था। इस हमले में सैफ को गंभीर चोटें आई थीं और उन्हें लीलावती अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। सैफ अली खान मुंबई के लीलावती अस्पताल में उपचाराधीन हैं और डॉक्टरों ने शनिवार को बताया कि उनकी हालत में सुधार हो रहा है तथा उन्हें अगले दो या तीन दिन में अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी।

बॉलीवुड अभिनेता पर बांद्रा स्थित उनके आवास में घुसकर एक घुसपैठिये ने चाकू से हमला कर दिया था, उन्हें रीढ़ की हड्डी सहित कई हिस्सों में चोटें आईं थीं।

सैफ की आपातकालीन सर्जरी की गई है और उन्हें गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) से हटाकर विशेष वार्ड में रखा गया है तथा डॉक्टरों का एक पैनल लगातार उनकी निगरानी कर रहा है।

इस बीच, हमलावर अभी भी फरार है और मुंबई पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए 20 टीमें गठित की हैं। पुलिस शुक्रवार को एक संदिग्ध को पूछताछ के लिए लायी थी, हालांकि पांच घंटे की पूछताछ के बाद, सबूतों के अभाव में उसे छोड़ दिया गया। ताजा घटनाक्रम के अनुसार शहर पुलिस ने प्राप्त सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, मुख्य आरोपी को दादर रेलवे स्टेशन पर मोबाइल कवर खरीदते समय देखा गया। पुलिस अभी तक मुख्य आरोपी तक नहीं पहुंच पायी है।

## राजनाथ सिंह ने महाकुंभ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

स्नान करने के बाद, उन्होंने वैदिक रीति से मंत्रोच्चार के बीच मां गंगा की पूजा-अर्चना की। जब रक्षामंत्री संगम में आस्था की डुबकी लगा रहे थे, दूर खड़े श्रद्धालु जय श्री राम, हर हर महादेव के नारे लगा रहे थे। सिंह ने दोनों हाथ हिलाकर, दूर खड़े लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। स्नान करने के साथ उन्होंने संगम के जल का आचमन भी किया। सिंह ने अक्षय वट, पातालपुरी, सरस्वती कूप का दर्शन करने के बाद, लेटे हनुमान जी की पूजा-अर्चना की। उसके बाद, उन्होंने अखाड़ों के संतो से मुलाकात की। सभी कार्यक्रमों के बाद वे एक विवाह समारोह में शिरकत करने जाएंगे।

रक्षा मंत्री के आने से पहले, आर्मी ने पूरे किला घाट को अपने कब्जे में ले लिया। घाट के किनारे से लेकर पानी के अंदर तक आर्मी के जवानों ने जांच की। अंडर वाटर ड्रोन भी एक्टिव कर दिया गया। पानी के अंदर की हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही थी।

# नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में अरविंद केजरीवाल की गाड़ी पर पथराव

## केजरीवाल वहां चुनाव प्रचार के लिए गए थे

**■ आप पार्टी का आरोप है कि प्रवेश वर्मा के गुंडों ने पथराव किया है, वहीं भाजपा ने कहा केजरीवाल की गाड़ी ने दो युवकों को टक्कर मारी है।**

**■ पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।**

नई दिल्ली, 18 जनवरी। नई दिल्ली में विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला किया गया है। उनकी गाड़ी पर पत्थर फेंके गए, जिससे हड़कंप मच गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, भाजपा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने अपनी गाड़ी से 2 युवाओं को टक्कर मारी है। आप की ओर से बयान जारी कर कहा गया है कि अरविंद केजरीवाल पर प्रवेश वर्मा के गुंडों ने हमला किया है। नई दिल्ली विधानसभा में प्रचार करते वक्त यह हमला किया गया है। स्थानीय लोगों से प्रवेश वर्मा के गुंडों की झड़प हुई है। स्थानीय लोगों ने भाजपा के गुंडों को भगा दिया और कहा है, भाजपा वालों, तुम्हारे इस कायराना हमले से केजरीवाल डरने वाले नहीं हैं, दिल्ली की जनता तुम्हें इसका करारा जवाब देगी।

प्रवेश वर्मा ने एक वीडियो दिखाते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल की गाड़ी ने हमारे 2 कार्यकर्ता को कुचल दिया है। आप के नेता अनमोल ने कहा कि भाजपा ने दोबारा से अरविंद केजरीवाल पर हमला करवाया है। ये इस बात का प्रमाण है कि भाजपा दिल्ली विधानसभा चुनाव हार रही है। दिल्ली पुलिस को मामले में कार्रवाई करनी चाहिए। देश की राजधानी में पूर्व मुख्यमंत्री ही सुरक्षित नहीं है, तो आम लोगों का क्या होगा।

अरविंद केजरीवाल पर हमले को लेकर मनीष सिसोदिया ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता बौखलाए हुए हैं। अरविंद केजरीवाल के कामों पर लड़ने की हिम्मत नहीं है, तो अपने गुंडों से उन पर हमला करवा दिया। इससे ज्यादा घटिया और निचले स्तर की राजनीति कोई हो नहीं सकती, जो भाजपा कर रही है। भाजपा यह समझ लें, इस ईंट का करारा जवाब तुम्हें अब जनता पत्थर से देगी। नई दिल्ली विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज में पार्टी कार्यकर्ताओं से मिले। प्रवेश वर्मा ने आरोप लगाया कि उन्हें (पार्टी कार्यकर्ताओं को) आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की कार ने टक्कर मार दी, जब वह आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार कर रहे थे।

भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने कहा कि 3 युवा अरविंद केजरीवाल से अपनी नौकरी को लेकर सवाल कर रहे थे। तीनों युवाओं को अरविंद केजरीवाल की गाड़ी ने टक्कर मारी है, जिसमें वे बैठे हुए थे। पहले ड्राइवर ने एक बार ब्रेक मार दी थी, जिसके बाद केजरीवाल ने इशारा किया कि गाड़ी चढ़ा दो जिसके बाद ड्राइवर ने गाड़ी चढ़ाई। ये हत्या की साजिश का केस बनता है। तीनों युवाओं ने कहा है कि वे एफ.आई.आर. दर्ज कराएंगे।

## दिव्यांग...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अमर एसोसिएट के जरिए संविदाकर्मी लेने का करार किया था। याचिकाकर्ता दिव्यांग ने 10 जनवरी, 2023 को वार्ड बॉय के लिए आवेदन किया। उसे 13 अप्रैल, 2023 को गोविंदगढ़ पंचायत समिति के इटावा भोपजी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में नियुक्ति दी गई।

याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता से सितंबर, 2024 तक काम लिया गया और बाद में उसकी सेवा समाप्त कर दी गई। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि इस अवधि में किए गए काम के बदले न तो प्लेसमेंट एजेंसी ने उसे वेतन के तौर पर कोई राशि दी और न ही विभाग ने उसे वेतन दिया।

इस पर याचिकाकर्ता की ओर से प्लेसमेंट एजेंसी और स्वास्थ्य विभाग को कई बार पत्र लिखकर भी वेतन देने की मांग की, लेकिन उसके पत्रों पर कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। याचिका में कहा गया कि बिना वेतन दिए सेवाएं लेना बेगार के समान है। ऐसे में उसे बकाया वेतन दिलाया जाए। याचिका पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

## 'कांग्रेस का संगठनात्मक ढांचा...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

चूंकि गत कुछ सालों से वामपंथी विचारधारा का पतन हो रहा है और उसके बाद से ही कई वामपंथी नेता कांग्रेस में आ गए हैं और गांधी परिवार के आँख, कान बन गए है। कांग्रेस का संगठन बिखर रहा है और वामपंथियों ने इसकी सोच पर कब्जा कर लिया है।

कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा, राहुल गांधी ने क्या गलत बोला। वो बिल्कुल सही बोले। हमारी लड़ाई पूरे सिस्टम से है, उस राज्य से है जो संपूर्ण संघ परिवार के नियंत्रण में है। मूर्ख भाजपा सदस्य "नेशन" और "स्टेट" के बीच फर्क नहीं समझते हैं। स्टेट है बेकार सरकार, भ्रष्ट नौकरशाह और संघ परिवार के लोगों से भरी हुई एजेंसियां।"

राहुल के इंडियन स्टेट संबंधी बयान के बाद भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा था, "मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि वे उच्चतम स्तर के विश्वासघाती और देशद्रोही हैं।" उसी दिन भाजपा ने सोशल मीडिया पर यह पोस्ट डाली थी: "जॉर्ज सोरॉस और नेहरू-गांधी परिवार के बीच का जुड़ाव बहुत गहरा है। यह जुड़ाव सोनिया गांधी की "फोरम ऑफ डैमोक्रेटिक लीडर्स-एशिया पैसिफिक (एफडीएल-एपी) की सह-अध्यक्ष की भूमिका से भी आगे तक फैला हुआ है। फोरी नेहरू, जो सोरॉस की तरह ही हंगरी की रहने वाली हैं, का विवाह जवाहर लाल नेहरू के चचेरे भाई बी.के. नेहरू के साथ हुआ था तथा इस प्रकार, वे राहुल गांधी की रिश्तेदार हुईं। सोरॉस के फोरी नेहरू से मिलने के दस्तावेजी साक्ष्य हैं तथा उनके साथ सोरोज का लम्बे समय तक पत्राचार हुआ है।"

उसी महीने, भाजपा ने एक डिजिटल समाचार पत्र "मीडिया पार्ट" से ओसीसीआरपी की जाँच कराई, जिससे सामने आया कि अमेरिकन सरकार और सोरोस- दोनों ही इसे फण्ड्स दिया करते थे। भाजपा ने आरोप लगाया कि अडानी-विवाद की ओसीसीआरपी द्वारा की गई कवरेज, पेगसस सर्विलैंस ऐप तथा ब्राजील द्वारा 2021 में कोवैक्सीन के आयात को निलम्बित किया जाना, आदि घटनाओं के तुरन्त बाद, राहुल गांधी और कांग्रेस ने ये मुद्दे उठाये थे।

उस समय, कांग्रेस ने इन आरोपों को खारिज कर दिया था तथा तथा कहा था कि ये आरोप इसलिये लगाये गये हैं, ताकि भाजपा लोगों का ध्यान अडानी ग्रुप के खिलाफ रिश्वत-कांड की अमेरिकन अदालत द्वारा की गई जाँच से हटा सके।

राहुल गांधी ने सितम्बर, 2024 में अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान जब आरएसएस पर हमला बोला था, उस समय केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने उन्हें राजद्रोही करार दिया था तथा उन पर आरोप लगाया था कि वे भारत की बदनामी करने के लिये ही विदेश जाते हैं।

## 'जब तक 11...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला दिया और बताया कि वे सम्पत्तियां, इसमें दिल्ली की सम्पत्तियां भी शामिल हैं जो 1969 से पहले पार्टी की थी और जिन पर कानूनी विवाद का सुप्रीम कोर्ट ने फैसला कर दिया था और सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार, 7, जंतर-मंतर रोड कांग्रेस का है। उन्होंने कहा कि इन सम्पत्तियों को जो कानूनी विवाद में फंसी थी, को वापस लेने के गंभीर प्रयास किए जाएंगे, क्योंकि अब यह स्पष्ट है कि वे सम्पत्तियां कांग्रेस की हैं।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908

# स्वामित्व योजना ग्रामीण विकास और विश्वास का आधार बनी है : दिया कुमारी

## स्वामित्व योजना के तहत उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने पट्टे वितरित किए

**अजमेर।** स्वामित्व योजना के जिला स्तरीय कार्यक्रम में शनिवार को उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, केन्द्रीय कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी एवं विधायक अनिता भदेल ने लाभार्थियों को पट्टे वितरित किए। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअली लाभार्थियों को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना देश के गांवों की अर्थव्यवस्था के लिए ऐतिहासिक है। ग्रामीण आबादी को अपनी भूमि का कानूनी प्रमाण दिया गया। कानूनी दस्तावेज से मालिकाना अधिकार मिला है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा भी ग्रामीण भू सम्पति पर विस्तृत रिपोर्ट जारी की गई है। दस्तावेज के अभाव में ग्रामीण सम्पत्ति डेडकेपिटल हो जाती है। स्वामित्व योजना के लिए ड्रॉन मेपिंग करवाई गई है। अब आवासीय सम्पत्ति के कागजात दिए जा रहे हैं। इससे अवैध कब्जे तथा अदालती परिवादों से मुक्ति मिलेगी।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के तहत देश में वर्चुअल माध्यम से पट्टों का वितरण किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत से ऐसे लोग हैं, जिनकी जमीन किसी भी सरकारी आंकड़ों में दर्ज नहीं थी। इस कारण जमीन को लेकर आपसी झगड़ा या कब्जा होने का खतरा हमेशा बना रहता था। उनको उस जमीन पर ऋण और अन्य सुविधाएं नहीं मिल पाती थी। ग्रामीण परेशान रहते थे। प्रधानमंत्री मोदी ने ग्रामीणों के इस दु:ख को समझा और इस समस्या के समाधान के लिए प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना की 24 अप्रैल 2020 को शुरूआत की। इस योजना में ड्रोन और डिजिटल माध्यम से गांव और खेत की मेपिंग करके सम्पत्ति के नामांकन और सत्यापन का कार्य किया जाकर स्वामित्व संबंधी पट्टे दिए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना ग्रामीण विकास और विश्वास का आधार बनी है। पूरे भारत में तीन लाख से अधिक गांवों में ड्रोन सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका है। लगभग दस करोड़ से अधिक प्रोपट्री पार्सल तैयार किए जा चुके हैं। राजस्थान में कुल पैतीस हजार गांवों में ड्रोन सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका है। लगभग आठ लाख साठ हजार से ज्यादा पट्टों का वितरण किया जा चुका है। बाईस सौ से अधिक ग्रामीण परिवारों को पट्टे दिए जा चुके हैं। अजमेर में इस योजना की शुरूआत अप्रेल 2022 में हुई थी। अजमेर में एक हजार 102 गांवों में सर्वे कार्य पूर्ण हो चुका है। लगभग इकसठ हजार पट्टों का वितरण हो चुका है। जिला स्तरीय कार्यक्रम में अजमेर जिले के 6800 पट्टे वितरित किये गये।



**स्वामित्व योजना के जिला स्तरीय कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, केन्द्रीय कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी एवं विधायक अनिता भदेल ने लाभार्थियों को पट्टे वितरित किए।**

उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के पास पट्टा होने से उनकी जमीन का मालिकाना हक मिला है। ग्रामीण आत्मनिर्भर हुए हैं। उनका सशक्तिकरण हुआ है। इस योजना के बाद शहरों के समान ही ग्रामीणों को भी जमीन के अन्य वित्तीय लाभ मिल रहे हैं। भूमि संबंधी विवाद खत्म हो रहे हैं। अतिक्रमण की समस्या का भी समाधान हुआ है। जमीन का रिकॉर्ड दर्ज होने से ग्रामीणों को कानूनी सुविधा और लाभ मिल रहा है। गांवों में निवेश के अवसर बढ़े हैं। जमीन का नामान्तरण और बंटवारे में आसानी हो रही है। गांवों में सरकारी और निजी भवन बनाने में सुविधा हो रही है। पंचायतराज विभाग, राजस्व विभाग और भारतीय सर्वेक्षण विभाग के सामूहिक प्रयासों से प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हो रही है।

इस अवसर पर केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी, पूर्व जिला प्रमुख पुखराज पहाड़िया, अध्यक्ष रमेश सोनी, प्रवीण जैन, जिला परिषद सदस्य महेन्द्र सिंह मझेवाल, सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष हरिराम बाना, जिला कलेक्टर लोक बन्धु, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक खन्ना सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

# बालिका का अपहरण व दुष्कर्म के आरोप में युवक को पकड़ा

## आरोप है कि बालिका को छह माह तक बंधक बनाए रखा और दुष्कर्म किया, जिससे वह गर्भवती हो गई

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। 13 वर्षीय बालिका को बहला-फुसलाकर उत्तर प्रदेश ले जाने और उससे दुष्कर्म करने के आरोप में पुलिस ने 23 वर्षीय युवक सुनील को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि सुनील ने बालिका को लगभग छह

■ **पुलिस ने यूपी के कानपुर जिले में शिवराजपुर थाना क्षेत्र के गांव बीबीपुर सराय निवासी सुनील को पकड़ा**

महीने तक बंधक बनाए रखा और दुष्कर्म करता रहा, जिससे वह गर्भवती हो गई। पुलिस उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले में शिवराजपुर थाना क्षेत्र के गांव बीबीपुर सराय निवासी सुनील को बड़ी मुश्किल से पकड़ा है।

बालिका की दादी द्वारा दी गई रिपोर्ट पर कोतवाली में सुनील के खिलाफ 12 जुलाई 2024 को अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया था कि दोनों के मोबाइल फोन श्रीगंगानगर रेलवे स्टेशन पर बंद हो गए थे। इसके बाद इनका कुछ पता नहीं चल रहा था। पुलिस ने गूगल मैप के जरिए सुनील के गांव का पता लगाया। वहां के सरपंच से संपर्क किया तो पता चला कि सुनील जून में अपने साथ एक लड़की को लेकर गांव आया था। इस पर पुलिस उसके गांव पहुंची तो वहां दोनों ही नहीं मिले। फिर पता चला कि सुनील लड़की को कानपुर में कहीं अपने साथ रखे हुए है। काफी प्रयासों के बाद 27 दिसंबर 2024 को पुलिस कानपुर से लड़की को बरामद कर लिया। बाल कल्याण समिति (सीडब्लूसी) के समक्ष पेश करने पर उसे मां-बाप के पास भेज दिया गया। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर अपहरण के मुकदमे में सुनील के खिलाफ दुष्कर्म की धाराएं भी जोड़ दी गईं। मामले की जांच एएसपी (शहर) बी आदित्य कर रहे हैं। तीन दिन पहले पुलिस को पुख्ता सूचना मिली कि सुनील कानपुर में छिपा हुआ है। यहां से भेजी गई एक टीम ने उसे पकड़ा।

# दुष्कर्मी को 20 साल की सजा सुनाई

**पाली,** (निसं)। पाली में पॉक्सो कोर्ट संख्या एक के जज ने 11 माह पुराने मामले में सुनवाई की। जिसमें नौ साल की मासूम के साथ ज्यादती करने के अभियुक्त महेंद्र को दोषी मानते हुए 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई।

पॉक्सो कोर्ट संख्या एक की विशिष्ठ लोक अभियोजक उपमा रावल ने बताया कि पाली जिले के एक थाने में 14 फरवरी 2024 को एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज करवाई, जिसमें बताया कि 13 फरवरी 2024 को उसकी 9 साल की बेटी रात करीब 10 बजे बिंदौली देख रही थी। कुछ देर बाद वह टॉयलेट करने गली में गई, जहां उसे अकेला देख महेन्द्र पुत्र तेजाराम ने उसके साथ ज्यादती की। इसकी जानकारी नाबालिग ने अपने परिजनों को दी। पीड़िता के पिता की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्जकर जांच शुरू की। 6 अप्रेल 2024 को आरोपी के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र पेश किए। दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस और गवाहों के बयान सूनने के बाद 17 जनवरी को पाली के पोक्सो कोर्ट संख्या एक के जज सचिन गुप्ता ने फैसला सुनाया, जिसमें महेंद्र पुत्र तेजाराम को नाबालिग के साथ ज्यादती करने का दोषी मानते हुए 20 साल के कठोर कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई।

# आभूषण लेकर भागी लुटेरी दुल्हन का नहीं लगा सुराग

**जोधपुर,** (कासं)। शहर में एक और लुटेरी दुल्हन घर से जेवर नगदी लेकर चंपत हो गई। छह माह बीतने के बाद भी वह नहीं लौटी तब इस बारे में सूरसागर थाने में रिपोर्ट दी गई। लुटेरी दुल्हन और परिजन के खिलाफ चोरी एवं धोखाधड़ी में प्रकरण दर्ज हुआ है। महिला कर्नाटिका की रहने वाली है।

■ **छह माह बीतने के बाद भी वह नहीं लौटी तो थाने में रिपोर्ट दी**

सूरसागर पुलिस ने बताया कि रामदेव कॉलोनी, क्रिया का झालरा में रहने वाली एक महिला की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसके पुत्र की शादी गत साल कर्नाटिका की रहने वाली भूमिका के साथ की गई थी। शादी में कुछ समय तक सब ठीक-ठाक चला मगर बाद में तीन जुलाई को उसकी पुत्रवधु भूमिका घर से शादी के समय दिए गए आभूषण अंगूठी, चेन, ब्रासलेट, कानों के टोप्स के साथ 72 हजार रूपए लेकर चंपत हो गई। वह वापिस नहीं लौटी।

इस बारे में उसके पिता किशन शर्मा और अन्य लोगों से बातचीत की गई मगर वे हमेशा आश्वासन देते रहे, मगर उसकी पुत्रवधु वापिस नहीं लौटी। पीड़ित महिला ने सूरसागर थाने में पुत्र वधु भूमिका, उसके पिता किशन शर्मा के खिलाफ अब धोखाधड़ी एवं चोरी का प्रकरण दर्ज करवाया है। रूपए और गहने अलमारी में रखे हुए थे जोकि चैक करने पर वहां नहीं मिले। सूरसागर पुलिस ने अब इसमें जांच आरंभ की है।

# दो जोड़ी महाकुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन

**कोटा,** (निसं)। रेलवे द्वारा महाकुंभ मेले 2025 के लिए गाड़ी संख्या 09421/09422,साबरमती-बनारस-साबरमती मेला स्पेशल रेलसेवा (वाया गांधीनगर कैपिटल) (03 ट्रिप) तथा गाड़ी संख्या 09609/09610, उदयपुर सिटी-धनबाद-उदयपुर सिटी स्पेशल रेलसेवा (01 ट्रिप) का संचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 09421/09422, साबरमती-बनारस-साबरमती मेला स्पेशल रेलसेवा (वाया गांधीनगर कैपिटल) (03 ट्रिप) गाड़ी संख्या 09421, साबरमती-बनारस मेला स्पेशल रेलसेवा 19, 23 व 26 जनवरी को (03 ट्रिप) साबरमती से 10.25 बजे रवाना होकर अगले दिन 14.45 बजे बनारस पहुंचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09422, बनारस-साबरमती मेला स्पेशल रेलसेवा 20, 24, 27 जनवरी को (03 ट्रिप) बनारस से 19.30 बजे रवाना होकर मध्यरात्रि 01.25 बजे साबरमती पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 09609/ 09610, उदयपुर सिटी-धनबाद-उदयपुर सिटी स्पेशल रेलसेवा (01 ट्रिप) गाड़ी संख्या 09609, उदयपुर सिटी-धनबाद स्पेशल रेलसेवा उदयपुर सिटी से 19 जनवरी को 13.00 बजे रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर 20.55 बजे आगमन व 21.10 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 21.00 बजे धनबाद पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09610, धनबाद-उदयपुर सिटी स्पेशल रेलसेवा धनबाद से 21 जनवरी को 23.00 बजे रवाना होकर तीसरे दिन जयपुर स्टेशन पर 01.30 बजे आगमन व 01.40 बजे प्रस्थान कर 09.40 बजे उदयपुर सिटी पहुंचेगी।

# अतिक्रमण कर बनाई गई कांग्रेसी नेता की क्रिकेट अकादमी को ध्वस्त किया

## यह क्षेत्र करीब 24 हजार स्क्वायर फीट था, जबकि अन्य लोगों का अतिक्रमण 14 हजार स्क्वायर फीट था

**कोटा,** (निसं)। कोटा विकास प्राधिकरण ने शनिवार को अनंतपुरा इलाके में अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 38 हजार स्क्वायर फीट क्षेत्र में अतिक्रमण को हटाया है। इस कार्रवाई में आधा दर्जन बुलडोजरों का इस्तेमाल

■ **कोटा विकास प्राधिकरण ने अनंतपुरा इलाके में 38 हजार स्क्वायर फीट क्षेत्र में अतिक्रमण को हटाया**

किया गया। कार्रवाई के दौरान पक्के निर्माण के साथ-साथ अधूरे निर्माण को भी तोड़ा गया है। कार्रवाई कांग्रेस के प्रदेश महासचिव और ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती दरगाह के पूर्व अध्यक्ष अमीन पठान के खिलाफ की गई है। उन पर अतिक्रमण का आरोप था जिसमें क्रिकेट अकादमी का निर्माण भी शामिल था।

कोटा विकास प्राधिकरण ने (केडीए) बताया कि यह क्षेत्र करीब 24,000 स्क्वायर फीट था जबकि अन्य लोगों का अतिक्रमण 14,000 स्क्वायर फीट था। केडीए के तहसीलदार सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि अमीन पठान और अन्य तीन-चार व्यक्तियों के अतिक्रमण पर कार्रवाई की गई है। इसमें क्रिकेट अकादमी के अलावा खाली पड़ी जमीन पर बनाए गए दो-तीन कमरे भी शामिल थे। इन जमीनों पर कब्जा करके उनके चारों ओर फेंसिंग का काम शुरू करवा दिया गया है। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। एहतियातन भारी पुलिस बल तैनात किया गया था जिसमें रैपिड एक्शन फोर्स, आरएसी, पुलिसकर्मी और होमगार्ड के जवान शामिल थे। कोटा शहर पुलिस के अधिकारियों के साथ-साथ कोटा डेवलपमेंट अथॉरिटी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महावीर शर्मा और तहसीलदार सुरेंद्र शर्मा भी इस कार्रवाई में मौजूद थे। इससे पहले वन विभाग की टीम ने भी आरोप लगाया था कि क्रिकेट अकादमी वन विभाग की जमीन पर बनाई गई थी। इसके बाद वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए क्रिकेट पिच पर गड्ढे करके वहां पौधरोपण किया था।



**कोटा विकास प्राधिकरण ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।**

# 70 लाख के लेनदेन में व्यापारी की हत्या की आशंका

## व्यापारी ने पहले ही जान का खतरा जताया था

**हनुमानगढ़,** (निसं)। जिले के भादरा में एक व्यापारी की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या का मामला सामने आया है। हरियाणा के हिसार जिले के मोहब्बतपुर निवासी राकेश कुमार का शव भादरा के शेरपुरा बस स्टैंड के पास एक खेत में मिला। मृतक के भाई कुलदीप ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

कुलदीप के अनुसार, उनका भाई राकेश कुमार 17 जनवरी को दोपहर करीब 12:15 बजे भादरा के लिए निकला था। उनका तीन लोगों- संदीप (रणसिंह का पुत्र), अनिल और सुनील (दोनों हिसार निवासी) के साथ 70 लाख रुपए का लेनदेन था। इन्हीं तीनों ने राकेश को पैसों के लिए भादरा बुलाया था। घटना की जानकारी देते हुए कुलदीप ने बताया कि जाते समय राकेश ने उन्हें आशंका जताई थी कि पैसों के लिए उनकी जान को खतरा हो सकता है। देर रात तक घर नहीं पहुंचने और फोन बंद मिलने पर परिजन चिंतित हो गए। तलाश के दौरान 18 जनवरी की रात करीब 12:30 बजे शेरपुरा बस स्टैंड के पास राकेश की मारुति-800 कार मिली और उससे लगभग 20 फीट दूर खेत में उनका शव पड़ा था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाधिकारी भूपसिंह सहारण के नेतृत्व में टीम घटना की जांच में जुटी है। परिजनों ने तीनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाया गया है।

# शादी से लौट रहे परिवार की कार दीवार से टकराई, पिता-पुत्री की मौत

## पत्नी व बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए, अस्पताल में भर्ती कराया

**बांसवाड़ा,** (निसं)। आनंदपुरी कस्बे के नाना भुखिया गांव के पास स्टेट हाइवे-10 पर शुक्रवार रात्रि को विवाह समारोह से लौट रहे आनंदपुरी निवासी जैन परिवार की कार घर से दो किलोमीटर की दूरी पर सड़क किनारे दीवार से जा टकराई। हादसे में कार चालक व उसकी बेटी की मौत हो गई, जबकि पत्नी व बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार आनंदपुरी निवासी राहुल जैन (40) पुत्र महीपाल आंजना गांव में अपने मामा के लड़के के विवाह समारोह से शुक्रवार रात्रि को वापस घर आ रहे थे। कार में उसकी पत्नी सुरभी (35), बेटा आर्जव (14) व बेटी ओमी (8) माह भी साथ थे। रात्रि 9.30 बजे के लगभग नाना भुखिया गांव में स्टेट हाइवे-10 पर सामने किसी जानवर को बचाने के चक्कर में कार का संतुलन बिगड़ गया और तेज रफ्तार कार सड़क किनारे एक मकान की नींव की दीवार से जा टकराई। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े चले आए व घटना की जानकारी उनके परिजनों व समाजजनों को दी। मौके पर पहुंचे लोगों ने सभी को कार से बाहर निकाल कर 108 की मदद से आनंदपुरी अस्पताल पहुंचाया, जहां पर सभी की स्थिति गंभीर होने से उन्हें रेफर किया गया। रास्ते में राहुल व उसकी 8 माह की बेटी ओमी ने दम तोड़ दिया जबकि उसकी पत्नी सुरभी व बेटे आर्जव को उदयपुर गीतांजलि अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। अंकुर जैन कि रिपोर्ट पर आनंदपुरी पुलिस ने कार दुघर्टना को मर्ग में दर्ज कर दोनों के शवों का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंपा।





**दीवार से टकराने के बाद कार क्षतिग्रस्त हो गई।**

■ **घर से दो किमी की दूरी पर सामने किसी जानवर को बचाने के चक्कर में कार सड़क किनारे दीवार से टकरा गई थी**

**पिता-पुत्री की एक साथ हुई अंत्येष्टि :-** राहुल व उसकी बेटी की एक साथ अंतिम यात्रा निकाल कर मोक्षधाम में अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में रिश्तेदार, समाजजन सम्मिलित हुए। ग्रामीणों ने बताया कि आनंदपुरी कस्बे में पिता-पुत्री की एक साथ मौत एवं सामुहिक अंतिम यात्रा की यह पहली घटना है।

# राहगीर को ट्रक ने कुचला, मौत

**पाली,** (नि.सं.)। पाली में पैदल जा रहे एक व्यक्ति को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बॉडी हॉस्पिटल की मॉर्च्यूरी में रखवाई। अज्ञात ट्रक ड्राइवर की तलाश की जा रही है। मामला जिले के गुड़ाएंदला थाना इलाके के गुंदोज गांव का है। हादसा शुक्रवार रात को हुआ। पुलिस के अनुसार गुड़ाएंदला थाना क्षेत्र के गुंदोज गांव की गोशाला के पास शुक्रवार रात पैदल जा रहे भांवरी गांव निवासी दिलीप रावल (45) पुत्र प्रभुदान को ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में दिलीप के सिर में गंभीर चोट लगी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# सड़क हादसे में एक भाई की मौत, दूसरा गंभीर घायल

**पाली,** (निसं)। पाली में एक सड़क हादसे में एक भाई की मौत हो गई और दूसरा गंभीर घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया, जहां उसका उपचार जारी है।

■ **किश्त भरने के लिए गांव जा रहे थे, रास्ते में मवेशी से टकराई बाइक**

पुलिस के अनुसार सिरोही जिले के पिंडवाड़ा क्षेत्र के नांदिया गांव निवासी 40 साल के भंवरलाल पुत्र राणाराम भील उसका छोटा भाई 25 वर्षीय पीराराम भील दोनों गुरलाई के निकट कोयला बनाने का काम करते हैं। शुक्रवार शाम को दोनों अपने गांव नांदिया (सिरोही) के लिए बाइक पर रवाना हुए। सुमेरपुर के निकट इनकी बाइक मवेशी से टकरा गई। हादसे में दोनों भाई गंभीर घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सुमेरपुर हॉस्पिटल लाया गया। जहां 40 साल के भंवरलाल की मौत हो गई। उसकी बॉडी सुमेरपुर हॉस्पिटल की मॉच्र्युरी में पुलिस ने रखवाई। गंभीर घाल पीराराम को प्राथमिक उपचार के बाद पाली के बांगड़ हॉस्पिटल शुक्रवार देर शाम को लाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि इन्होंने किश्तों पर बाइक ले रखी थी। किश्त भरने के लिए दोनों भाई शुक्रवार को बाइक से गांव के लिए रवाना हुए थे, ताकि किश्त भरकर आ सके और परिवार से भी मिल सके, लेकिन्न बीच रास्ते में हादसा हो गया।

# अनियंत्रित कार खड्डे में गिरी, किशोर सहित दो की मौत

**उदयपुर,** (निसं)। शहर के समीप बड़गांव थाना क्षेत्र में अनियंत्रित कार पलटने के बाद खड्डे में जा गिरी। हादसे में कार में सवार किशोर सहित दो जनों की मौत हो गई तथा दो युवक घायल हो गए।

■ **दो युवक घायल, उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय पहुंचाया**

■ **शादी समारोह में शामिल होने गए थे कार सवार, रास्ते में हादसा हुआ**

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात में बड़गांव थाना क्षैत्र लोयरा गांव रोड़ के समीप अनियंत्रित कार पलटने के बाद खड्डे मे जा गिरी। हादसे में पूरी कार क्षतिग्रस्त हो गई। इसको देख आए लोगों ने बचाव एवं राहत कार्य शुरू किया, घायलों को उपचार के लिए चिकित्सालय में पहुंचाया, जहां पुलां निवासी पियुष (17) डांगी पुत्र तुलसीराम डांगी तथा शैलू गोगुन्दा निवासी जगदीश (32) पुत्र देवीलाल डांगी, बबलु पुत्र भंवरलाल डांगी निवासी शैलू गोगुन्दा तथा किशन पुत्र धर्मा डांगी निवासी शैलू को बाहर निकाल उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय पहुंचाया, जहां पियुष व जगदीश की मौत हो गई।

इधर, सूचना मिलने पर बडगांव थानाधिकारी पूरणसिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में एएसआई रोशनसिंह मय जाप्ता ने मौके पर पहुंच का घटनास्थल की जानकारी ली। प्रारंभिक अनुसंधान में पता चला कि रात में कार चालक शैलू गोगुन्दा निवासी गेगा डांगी के साथ पियुष, जगदीश, बबलू, किशन व साथी थूर गांव निवासी कन्हैयालाल डांगी के पुत्री की शादी समारोह में शामिल होने गए थे, जहां से वापस लौटते समय हादसा हो गया। सूचना मिलने पर एएसआई रोशनसिंह ने मृतकों का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

# कॉल सेंटर और सट्टा एप के जरिए ठगी करने वाले 15 बदमाश गिरफ्तार, एक बाल अपचारी निरूद्ध

## बदमाशों के पास से मिले 80 बैंक खातों को सीज कराया, करोड़ों रुपये का लेनदेन मिला

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । जयपुर की पश्चिम जिला पुलिस टीम ने चलाए रहे अभियान साइबर शील्ड के तहत करधनी और झोटवाड़ा थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए कॉल सेंटर और सट्टा ऐप के जरिए ठगी करने वाले गिरोह के 15 बदमाशों को गिरफ्तार किया। साथ ही एक बालअपचारी को भी निरूद्ध किया गयाहै।

कार्रवाई के दौरा पुलिस को बदमाशों के पास से अस्सी बैंक खाते मिले हैं ,जिसमें करोड़ों के लेन-देन की जानकारी होने पर सभी खातों को सीज कर दिया गया है। साथ ही पुलिस ने इनके पास से लैपटॉप, मोबाइल, एटीएम कार्ड, बैंक पासबुक, चेकबुक, राउटर, स्वीच, नोटबुक, सिम कार्ड, चार्जर को जब्त किया गया। अब तक की जांच में करोड़ों रुपए के फ्रॉड के सबूत मिले हैं। फिलहाल पुलिस आरोपितों से पूछताछ करने में जुटी है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि राजधानी जयपुर में चलाए रहे अभियान साइबर शील्ड के तहत करधनी और झोटवाड़ा थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए कॉल सेंटर और सट्टा ऐप के जरिए ठगी करने वाले गिरोह के रामानन्द गठाला (38) निवासी पल्लु जिला हनुमानगढ़ हाल गोविंदपुरा करधनी,राजेश कुमार (30) निवासी चूरू करधनी जयपुर, अशोक कुमार वर्मा (39) निवासी पिलानी जिला झुंझुनूं हाल मुरलीपुरा जयपुर, गणेशराम (27) निवासी मारोठ जिला डीडवाना कुचामन हाल करधनी जयपुर, ग्यानाराम (22) निवासी मारोठ जिला डीडवाना कुचामन, कृष्ण कुमार (27) निवासी बुहाना जिला झुंझुनूं ,पंकज (21) निवासी चहड कला जिला भिवानी (हरियाणा) ,राजवीर (26) निवासी बपायर कला जिला कोटा ,आशीष (24) निवासी बगड़ जिला झुंझुनूं , गौरव (19) निवासी शिवानी जिला भिवानी (हरियाणा), धारासिंह (21) निवासी कुचामन जिला डीडवाना कुचामन,दिपेश (25) निवासी बुहाना जिला झुंझुनूं, विजय उर्फ बिजुराम सैन (25) निवासी निवासी मारोठस जिला डीडवाना कुचामन ,अंकित कुमार सोनी (23) निवासी मौलासर जिला डीडवाना कुचामन हाल करधनी जयपुर ,सुनील कुमार (20) निवासी मौलासर जिला डीडवाना कुचामन को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक बालअपचारी को निरूद्ध किया गया है।



करधनी और झोटवाड़ा पुलिस ने कॉल सेंटर व सट्टा एप से ठगी करने वाले गिरोह के 15 बदमाशों को गिरफ्तार किया।

- **पुलिस ने आरोपियों से लैपटॉप, मोबाइल, एटीएम कार्ड, बैंक पासबुक, चेकबुक, राउटर, स्वीच, नोटबुक, सिम कार्ड, चार्जर जब्त किया।**

### अधिक मुनाफे का लालच देकर फंसाते थे ई-मित्र संचालकों को

पुलिस जांच में सामने आया है कि यह गिरोह अलग-अलग ई-मित्र वालों को अपनी वेबसाइट के जरिए रिचार्ज, अकाउंट ओपनिंग फार्म, बैलेंस इंक्वायरी, मिनी स्टेटमेंट, मनी ट्रांसफर, आधार अपडेट सम्बन्धी काम करने के लिए कॉल सेंटर के जरिए फंसाते हैं। वहीं उनकी वेबसाइट पर काम करने के बदले अधिक मुनाफे का लालच देते हैं। इसके बाद सेवा फ्री होने का कहकर जाल मे फंसाते हैं।

### ई-मित्र वालों को कॉल करने के लिए रखते थे महिलाएं

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपित ई मित्र वालों को कॉल करने के लिए महिलाओं को रखा जाता है। यह महिलाएं अलग-अलग ई मित्र वालों को फोन करती हैं। इनको फ्री सर्विस के नाम पर कॉल करवाते हैं। उसके बाद ग्राहकों (ई मित्र संचालक) की आधार कार्ड व पैन कार्ड से आईडी बनाते हैं। ग्राहक सर्विस चालू करता है तो उसके खाते से शुरू में एक हजार रुपए काट लेते हैं। उसके बाद दो हजार रुपए सर्विस के लिए काट लेते है। इसकी वह ग्राहक को पहले जानकारी नहीं देते हैं। ग्राहक अपनी राशि रिफंड करने की कहने पर नम्बर उठाना बंद कर देते हैं। इस प्रकार फर्जी तरीके से ग्राहकों से आने वाले रुपए को फर्जी अकाउंट में मंगवा कर ठगी करते थे।

### ऑनलाइन गेम कैसीनो व तीन पत्ती पर लगवाते सट्टा

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम ने बताया कि करधनी क्षेत्र में की गई ऑनलाइन सट्टे के खिलाफ कार्रवाई में आरोपित ऑनलाइन गेम, कैसीनो, तीन पत्ती और अन्य गेमों पर सट्टा खिलवाते थे। इसके लिए महादेव बुक, रेडी 118 और क्रिकेट बैट 99 साइट का इस्तेमाल किया जा रहा था। ऑनलाइन गैगिंग के सट्टे की कार्रवाई में यह सामने आया कि लोग लॅपटॉप व मोबाईल महादेव बुक जुआ सट्टे को रेड्डी118 नाम से आईडी से लोगो को ऑनलाइन गेमिंग, कैसीनो, तीन पत्ती, व अन्य सभी गेमों अलग अलग साइट जिसमें क्रिकबेट99 जैसी कई ऑनलाइन साई टो पर ग्राहकों को ऑनलाइन खिलवाते है।

# एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने बीते एक साल में अपराधियों पर नकेल कसी : दिनेश एम.एन.

- **गंभीर अपराधों में लिप्त 15.75 लाख रु. के इनामी 60 अपराधियों को पहुंचाया जेल**
- **अवैध मादक पदार्थ, शराब व हथियार तस्करी पर लगाम लगाई, फायरिंग की घटनाओं में भी गिरावट आई**

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान पुलिस की एंटी गैंगस्टर्स टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने प्रदेश में बीते एक साल में संगठित अपराध से जुड़े अपराधियों पर नकेल कसी है। गंभीर अपराधों में लिप्त 15.75 लाख रु. के इनामी 60 अपराधियों को जेल पहुंचाया है। अवैध मादक पदार्थ, शराब व हथियार तस्करी पर लगाम लगाई है,फायरिंग की घटनाओं में भी गिरावट आई है।

ए.डी.जी. दिनेश एम.एन. ने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने दिसम्बर 2023 में सरकार का नेतृत्व सम्भालने के तुरंत बाद 16 दिसम्बर 2023 को प्रदेश में गैंगवार की घटनाओं और संगठित अपराधों पर नकेल कसने के लिए एंटी गैंगस्टर्स टास्क फोर्स (एजीटीएफ) के गठन का फैसला लिया था। एजीटीएफ के गठन के बाद गत एक वर्ष में राज्य में हत्या, लूट, एनडीपीएस के 60 इनामी अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अवैध मादक पदार्थ एवं अवैध शराब के तस्करों के खिलाफ भी प्रभावी कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में अफीम, डोडा-चूरा एवं पोस्त, गांजा, एमडी ड्रग्स, अवैध शराब और अवैध हथियारों की जब्ती की गई है।

कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और रोहित गोदारा गैंग से जुडे अपराधियो की धरपकड़ की गई। इस गैंग के सोशल मीडिया फोलोवर्स पर निगरानी रख कर उनको पाबंद कर गिरफ्तार किया। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली पुलिस एवं केन्द्रीय एजेन्सी सीबीआई व एनआईए के साथ मिलकर ऐसे बदमाशों को दबोचा।

एडीजी सीआईडी-सीबी ने बताया कि गत वर्ष जनवरी से दिसंबर 2024 तक प्रदेश में फायरिंग के दर्ज प्रकरणों में वर्ष 2023 की अपेक्षा जहां 27.94 प्रतिशत की कमी देखी गई, इन घटनाओं में घायलों की संख्या में 45.67 प्रतिशत एवं मृतकों की संख्या में 30.95 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। वर्ष 2022 से 2024 तक की तुलना करें तो दर्ज प्रकरणों में 40 प्रतिशत, घायलों की संख्या में 47.67 प्रतिशत एवं मृतकों की संख्या में 43.14 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में दिसंबर तक प्रदेश में फायरिंग के कुल 276 मुकदमे दर्ज किए गए। जिसमें घायलों की संख्या 157 एवं मृतकों की संख्या 29 थी। इससे पहले साल 2019 में दर्ज 386 प्रकरणों में घायलों की संख्या 276 व मृतकों की संख्या 55, वर्ष 2020 में दर्ज 322 प्रकरणों में घायलों की संख्या 234 व मृतकों की संख्या 46, वर्ष 2021 में दर्ज 446 प्रकरणों में घायलों की संख्या 283 एवं मृतकों की संख्या 58, वर्ष 2022 में दर्ज 460 प्रकरणों में घायलों की संख्या 300 एवं मृतकों की संख्या 51 तथा वर्ष 2023 में दर्ज 383 प्रकरणों में घायलों की संख्या 289 एवं मृतकों की संख्या 42 थी।

# कला के हर पहलू से लबरेज होगा "जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल"

- **30 जनवरी से होटल क्लार्क्स आमेर में शब्दों से सजेंगे शामियाने**

**जयपुर** (कासं)। जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के 18वें संस्करण का आगाज 30 जनवरी को यहां होटल क्लार्क्स आमेर परिसर में होगा। तीन फरवरी तक चलने वाले जेएलएफ में रचनात्मक अभिव्यक्ति के लिए कला का खास आकर्षण होगा।

कला का अर्थशास्त्र : नीति, नवाचार और समावेशन में एक शानदार पैनल शामिल होगा। इसमें यूएई के राज्य मंत्री नौराबिंत मोहम्मद अल काबी, ब्रिटिश काउंसिल के सीईओ स्कॉट मैकडोनाल्ड, ह्यूस्टन के म्यूजियम ऑफ फाइन आर्ट्स के निदेशक गैरी टिंटेरो और मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट के सीईओ मैक्स होलेन शामिल होंगे। फेस्टिवल प्रोड्यूसर और टीमवर्क आर्ट्स के प्रबंध निदेशक संजय के. रॉय के साथ खास बातचीत होगी। सत्र में सरकारी पहल, वित्त पोषण और सार्वजनिक-निजी भागीदारी, स्थायी रचनात्मक अर्थव्यवस्थाओं को फोकस किया जाएगा। इसमें भारत के मद्देनजर सांस्कृतिक नवाचार, सार्वजनिक कूटनीति और संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक नेताओं की अंतर्दृष्टि शामिल होगी।

अजंता गुफाएं: प्राचीन बौद्ध चित्रकला में प्रसिद्ध कला इतिहासकार बेनॉय के. बहल महोत्सव के सह-निदेशक विलियम डेलरिम्पल के साथ बातचीत में अजंता गुफाओं के भित्तिचित्रों पर चर्चा करेंगे। उनके वैश्विक प्रभाव और ऐतिहासिक महत्व को उजागर करेंगे। पुलित्जर पुरस्कार विजेता लेखक बेंजामिन मोजर दो आकर्षक चचाओं में दर्शकों को डच कला और संस्कृति की यात्रा पर ले जाएंगे। द अपसाइड-डाउन वर्ल्ड: मीटिंग्स विद द डच मास्टर्स में वे कला इतिहासकार गैरी टिंटेरो के साथ बातचीत करेंगे। इसमें डच कला और इतिहास के बारे में बात करेंगे। इस दौरान नीदरलैंड में अपनी दो दशक की यात्रा का वर्णन करेंगे।

महोत्सव में कला पर दो प्रथम संस्करण पुस्तक लॉन्च की जाएगी। देवी और उनके अवतारों के विमोचन के अवसर पर अलका पांडे, बुलबुल शर्मा और वायु नायडू मालाश्री लाल के साथ बातचीत करेंगे। इसमें भारतीय पौराणिक कथाओं और कला में स्त्रीत्व को एक शक्तिशाली रचनात्मक शक्ति के रूप में दशार्या जाएगा। हर्षा देहेजिया की पुस्तक द थर्ड आई ऑफ इंडियन आर्ट का भी विमोचन किया जाएगा। यह पुस्तक भारतीय कला के आध्यात्मिक और दार्शनिक आयामों के अंदरुनी तहों से रूबरू कराएगी। गोंड कलाकार राम सिंह उवेती (आर्टिस्ट इन रेजिडेंस ) फेस्टिवल के दौरान विशेष पेंटिंग डिसप्ले करेंगे। फेस्टिवल के दौरान लाइव आर्टवर्क बनाएंगे।

## पी.आर.एस.आई. का नववर्ष मिलन समारोह आयोजित

**जयपुर** । पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया के जयपुर चैप्टर का नववर्ष मिलन समारोह शनिवार को यूथ हॉस्टल, जन पथ में मनाया गया। कार्यक्रम में जनसंपर्ककर्मी, शिक्षाविद्, साहित्यकार, लेखक सहित बड़ी संख्या में सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में पीआरएसआई जयपुर चैप्टर के अध्यक्ष वीरेंद्र पारीक और उपाध्यक्ष कविता जोशी ने कहा कि जयपुर चैप्टर के कई सदस्यों ने देश प्रदेश के प्रतिष्ठित स्थानों पर कार्य कर पीआरएसआई का मान बढाया है। 'एक पेड़ माँ के नाम' कार्यक्रम और जरुरतमंदों की सहायता के कार्यक्रम जारी रहेंगे। समारोह में डॉ. रुचि गोस्वामी की पुस्तक 'इनोवेशन एंड एडवांस्ड प्रैक्टिसेज इन पब्लिक रिलेशन इन द डिजिटल एरा' और डॉ. आस्था सक्सेना की पुस्तक 'ए सिस्टेमेटिक एप्रोच टू रिसर्च' का विमोचन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार नरेंद्र शर्मा कुसुम, डॉ. संजीव भानावत सहित कई लोग मौजूद थे।

## दुष्कर्म के मामले में फंसाने की धमकी देकर 10 लाख रु. हड़पे

- **बताया जा है कि ब्लैकमेलर युवती ने एक करोड़ रुपए की डिमांड की थी।**

**जयपुर** (कासं)। ब्रह्मपुरी थाना इलाके में एक व्यवसायी को दुष्कर्म के झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर 10 लाख रुपये वसूलने का मामला सामने आया है। बताया जा है कि ब्लैकमेलर युवती ने एक करोड़ रुपए की डिमांड की थी। इस संबंध में पीड़ित व्यवसायी की पत्नी थाने पहुंची और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

जांच अधिकारी एसआई हबीब खान ने बताया कि ब्रह्मपुरी निवासी 31 वर्षीय महिला ने मामला दर्ज करवाया है कि उसके पति का नगीनों का व्यवसाय है। पिछले काफी दिनों से परेशान होते देखकर पति से पूछने पर पता चला कि एक साल पहले एक महिला ने नौकरी के बहाने उसके पति से सम्पर्क किया था। धीरे-धीरे मिलने-जुलने के साथ वाट्सएप पर मैसेज पर बात करना शुरू कर दिया। साथ घूमने जाने पर फोटो खींचने के साथ आरोपित महिला ने उसके पति को प्यार के जाल में फांस लिया। इसके बाद आरोपित महिला ने फोटो व चैटिंग के आधार पर हनी ट्रैप में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगी। इस दौरान आरोपित महिला ने ब्लैकमेल कर उसके पति से दस लाख रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करवा कर वसूल लिए।

इसके बाद आदर्श नगर इलाके में मकान दिलाने की डिमांड की। डिमांड पूरी नहीं करने पर दुष्कर्म के झूठे मामला दर्ज करवाकर जेल भिजवाने की धमकी देकर एक करोड़ रुपए में समझौता करने की कहकर सत्तर लाख में राजी हो गई। इसके बाद पचास लाख रुपए में समझौता करने की कहा। आए दिन की ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर पीड़ित व्यवसायी की पत्नी ने थाने मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी है।

## सार-समाचार

### 11 आर्टिस्ट्स के 21 आर्टवर्कस डिस्प्ले

**जयपुर** । देशभर से आए 11 आर्टिस्ट्स ने मन के आकार, अनुभव और भावनाओं को कैनवास पर उकेरा। मौका था शहर की आमेर रोड स्थित आईसीए आर्ट गैलरी में आयोजित हुई एकॉज ऑफ़ येलो आर्ट एग्जीबिशन के आयोजन का। आर्ट प्रदर्शनी में भारत के 11 चयनित आर्टिस्ट्स ने अपना चुनिंदा आर्टवर्क प्रस्तुत किया जिसमें चेन्नई से के. मुरलीधरन, रांची से सी.आर हेम्ब्रम, भोपाल से कुसुमलता शर्मा, दिल्ली से किशोर कुमार साहू, आगरा से कृति के.सी सक्सेना, चंडीगढ़ से मदन लाल, ओड़िसा से मानष रंजन जेना, पुणे से रामचंद्र खरतमल, हर्षादा कोलापकर, सोमनाथ बोथे और मुंबई से नागेश घोड़के शामिल रहे। इन सभी आर्टिस्ट्स की सामूहिक 21 कलाकृतियों को डिस्प्ले किया गया जिसमें ऐक्रेलिक रंगों से कैनवास पर फिग्युरेटिव, लैंडस्केप और माइथोलॉजी स्टाइल खास रही। हेम राना द्वारा क्यूरेटेड इस महीने भर चलने वाली प्रदर्शनी का समापन 18 फरवरी को होगा। इस एग्जीबिशन से जुडी जानकारी देते हुए आईसीए आर्ट गैलरी से अभिनव बंसल ने बताया कि 2024 में आईसीए गैलरी द्वारा लगभग 9 आर्ट रेजीडेंसी आयोजित की गई जिसमें देश के अलग-अलग राज्यों से आर्टिस्ट्स को एक साथ लाया गया। इन सभी 50 आर्टिस्ट्स में से चुने गए इन विशेष 11 आर्टिस्ट्स को एकॉज ऑफ़ येलो ग्रुप एग्जीबिशन में अपने कैनवास पर भारत की कलात्मक अभिव्यक्ति और सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य की समृद्ध कारीगिरी को उजागर कर रहे है।

### जयपुर आर्ट वीक 27 जनवरी से

**जयपुर** । जयपुर के गुलाबी रंग में विभिन्न रंग जुड़ जाएंगे, जब शहर के खूबसूरत पर्यटक स्थलों और धरोहरों को दुनिया भर से आए जाने-माने आर्टिस्ट्स अपनी कला से सजाएंगे। मौका होगा पब्लिक आर्ट ट्रस्ट ऑफ़ इंडिया (पीएटीआई) की ओर से जयपुर आर्ट वीक के चौथे संस्करण के आयोजन का। 27 जनवरी से 3 फरवरी तक हवा महल, जल महल, अल्बर्ट हॉल म्यूजियम, गोलेछा सिनेमा, जवाहर कला केंद्र, पिंक सिटी स्टूडियो, म्यूजियम ऑफ़ मीनाकारी हेरिटेज, आम्रपाली म्यूजियम व पीएटीआई मुख्यालय जैसे शहर के प्रमुख स्थल और संग्राहलय में प्रदर्शनियां, साईट इंस्टॉलेशन, परफॉरमेंस और वर्कशॉप्स का भव्य आयोजन किया जाएगा। अवतो बैरो बाजे थीम पर आधारित यह आयोजन दुनिया भर के जाने-माने और प्रख्यात 30 से ज्यादा आर्टिस्ट्स का उल्लेखनीय कार्य प्रस्तुत करेगा। जिसमें लगभग 10 अंतर्राष्ट्रीय आर्टिस्ट्स और 20 से अधिक समकालीन कलाकारों के कार्यों को प्रदर्शित करेगा।

### फैशन डिजाइन और स्टाइलिंग पर चर्चा

**जयपुर** । राजधानी जयपुर में शनिवार को जेएलएन रोड स्थित जवाहर कला केन्द्र में सेंटर फॉर डिज़ाइन एक्सीलेंस की ओर से "एनकोड" का आयोजन किया गया। इस प्रमुख एक दिवसीय डिजाइन कार्यक्रम में फैशन डिजाइन, नवाचार, और उद्योग से जुडे महत्वपूर्ण पहलुओं पर आधारित सेमिनार, कार्यशालाएं और अन्य गतिविधियों का आयोजन हुआ। एनकोड में "डिकोड" हुए फैशन के अलग-अलग रंग, प्लेसमेंट ड्राइव, और डिजाइनर्स रनवे सहित कई आकर्षक इवेंट्स ने दर्शकों और प्रतिभागियों का ध्यान खींचा। आयोजक गौरी शर्मा टिक्कू (हेड ग्रोथ ऑफिसर), आस्था छाजेड़ (हेड ऑपरेटिंग ऑफिसर) और गरिमा अग्रवाल (अकादमिक हेड) ने बताया कि एनकोड, युवा डिज़ाइनरों को डिज़ाइन उद्योग से जोड़ने और उनके लिए करियर के नए अवसर उत्पन्न करने का एक अनूठा मंच है। इस दौरान 500 से अधिक उभरते डिजाइनरों को 80 प्रमुख उद्योगों से जोड़ने का अवसर प्रदान किया गया। छह कार्यशालाएं आयोजित की गईं, जिनमें विशेषज्ञों ने रचनात्मकता और तकनीकी कौशल बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया।

### दिव्य ज्योत रथ यात्रा आज जयपुर में

**जयपुर** । श्री ढाढण शक्ति प्रचार मंडल जयपुर द्वारा आयोजित दिव्य ज्योत रथ यात्रा का स्वागत दुर्गा मंदिर अंबाबाड़ी में सुबह 10 बजे होगा। वहीं से दिव्य ज्योत रथ सुबह 10.30 बजे विशाल शोभा यात्रा के साथ उत्सव स्थल सेक्टर 2 विद्याधर नगर में पहुंचेगा जहां पर विशाल भजन संध्या का आयोजन 4 से 9 तक आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पत्रकार वार्ता में राजकुमार बजाज प्रदीप बजाज ने बताया कि दादीजी का रथ भारतवर्ष के विभिन्न प्रदेशों से होते हुए आज जयपुर में पहुंचा है, आज के आयोजन के बाद ये रथ ढाढण धाम ढाढण (फतेहपुर जिला सीकर) जाएगा।

### आपदाओं से बचाव व रोकथाम पर चर्चा

**जयपुर** । राजस्थान शिक्षक प्रशिक्षण विद्यापीठ में सामाजिक जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर प्रशिक्षणार्थी एवं स्टॉफ सदस्यों द्वारा लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस कड़ी में 16 जनवरी को आपदा प्रबंधन के लिए आपदा प्रतिसाद बल की ए कंपनी जल महल रेस्क्यू टीम के सहयोग से विशेष व्याख्यान हुआ। इसके अंतर्गत सर्वप्रथम रेस्क्यू टीम कमांडर बनवारी लाल ने प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न प्रकार की आपदाओं से अवगत करवाकर विभिन्न प्रकार की आपदाएं यथा बाढ़, भूकंप, करंट लगना, बोरवेल में गिर जाना, हार्ट फेल, आगजनी आदि से संबंधित घटित होने वाली विभिन्न प्रकार की आपदाओं से बचाव एवं रोकथाम जैसे पानी की बोतलों से लाइफ जैकेट बनाना, डंडे एवं कंबल के माध्यम से स्ट्रेचर बनाने के बारे में जानकारी दी गई।

## 40 लाख के जेवर चुराने वाला नौकर गिरफ्तार

**जयपुर** । आदर्श नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 40 लाख की चोरी करने वाले नौकर सहित तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार इस चोरी नौकर का लडका सहित एक अन्य साथी शामिल है,जो नेपाल भागने की फिराक में बैठे हुए थे। गिरफ्तार बदमाशों के पास से पुलिस ने चालीस लाख रुपए के सोने-चांदी के आभूषण और कुछ नगदी बरामद की है। पुलिस उपायुक्त तेजस्वनी गौतम ने बताया कि सौलह जनवरी को आदर्श नगर निवासी कैलाश गोयल ने मामला दर्ज करवाया था कि उन्होंने अपने घर पर बारह दिसंबर 2024 को बारह हजार रुपए महीने में पंकज थापा (20) थापा जिला कास्की पोखरा कास्की नेपाल को नौकर रखा है। वहीं पीडित कैलाश गोयल पन्द्रह जनवरी को उनका पूरा परिवार विद्याधर नगर में रिश्तेदार के कीर्तन फंक्शन में चले गए थे और नौकर पंकज थापा को छोड़कर गए थे। देर रात घर पहुंचे तो घर के सभी कमरे और अलमारी के ताले टूटे हुए मिले थे। नौकर पंकज थापा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर घर से लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात व सवा लाख रुपये की नकदी चोरी कर फरार हो गया। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज की। पुलिस टीम ने मौके पर लगे हुए सीसीटीवी फुटेज और आस पास रहने वाले अन्य नेपाल निवासियों से पूछताछ शुरू की तो पता चला कि इस वारदात को नौकर पंकज व उसके साथियों झपट बहादुर, शेर बहादुर, राजेश सोप, कृष्ण बहादुर, पवन साही ने अंजाम दिया है।

## ड्रग्स की तस्करी करने वाले दबोचे

**जयपुर** । जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत दो अलग -अलग जगहों पर दबिश देकर दो ड्रग्स माफियाओं ओलेय फ्रेंड मारवी (30) निवासी विधायकपुरी तथा नरसी मीणा (28) को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से मादक पदार्थ एमडी बरामद की है। पुलिस दोनो ड्रग्स माफियाओं से गिरोह के अन्य लोगों के बारे में गहनता से पूछताछ करने में जुटी है।

## कपड़ा चुराने वाले 6 गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। मुहाना पुलिस ने फैक्ट्रियों से कपड़ा चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए गिरोह के छह बदमाशों को पकड़ा है और जिसमें दो बालअपचारी भी शामिल है। पुलिस ने आरोपितों के पास से लाखों रुपये का चोरी का कपड़ा बरामद किया है। साथ ही वारदात में प्रयुक्त एक लॉडिग वाहन भी जब्त किया गया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) दिगंत आनंद ने बताया कि मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कपड़ा चोर गिरोह के बदमाश विष्णु कुशवाहर उर्फ लक्ष्मण(19) निवासी किरावली जिला आगरा उत्तरप्रदेश हाल मुहाना जयपुर,अभिषेक धाकड़ (48) निवासी बयाना जिला भरतपुर हाल मुहाना ,ओमप्रकाश शर्मा (22) निवासी सांगानेर जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही इस वारदात में लिप्त दो बालअपचारियों को भी निरूद्ध किया गया है। आरोपित दिन के समय कपडा फैक्टियों में काम मांगने के बहाने जाते है और सुरक्षा उपकरणों सहित आने-जाने वाले रास्तों की रैकी करते थे।

## जिफ के दूसरे दिन देश-दुनिया की फिल्मों की खास स्क्रीनिंग

**जयपुर** (कासं)। शहर में चल रहे पांच दिवसीय जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के दूसरे दिन शनिवार को देश-विदेश की कई फिल्मों की खास स्क्रीनिंग हुईं। फिल्मी हस्तियों की रोचक चर्चाओं के सेशन्स से सराबोर रहा।

जिफ के फाउंडर डायरेक्टर हनुरोज ने बताया कि 80 फिल्मों के चयनित कार्यक्रम में 18 फीचर फिक्शन, 37 शॉर्ट फिक्शन और 9 प्रभावशाली डॉक्यूमेंट्री की खास स्क्रीनिंग हुईं। इन फिल्मों ने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा। हिंदी सिनेमा की अमिट धरोहर का जश्न मनाने के लिए इस साल की विशेष थीम नवरत्न के तहत 9 आइकोनिक हिंदी फिल्मों को प्रदर्शित किया जा रहा है। 18 जनवरी को इन 9 में से 3 क्लासिक फिल्मों की स्क्रीनिंग जीटी की स्क्रीन 1 (ऑडी 1) में हुई। प्रेमथेश चंद्र बरुआ निर्देशित फिल्म देवदास (1936), राकेश ओमप्रकाश मेहरा निर्देशित रंग दे बसंती (2006) समेत यश चोपड़ा निर्देशित वीर-जारा (2004) को दर्शकों ने सराहा। प्रसिद्ध फिल्मकार राकेश ओमप्रकाश मेहरा ने विशेष सत्र के दौरान अपनी रचनात्मक यात्रा और फिल्म निर्माण की विचारधारा पर अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि हमने रंग दे बसंती नहीं बनाई, फिल्म ने हमें बनाया। राकेश ओमप्रकाश मेहरा का सिनेमा से नाता उनके प्रसिद्ध निर्देशन करियर से भी गहरा है। एक भावुक क्षण में, उन्होंने बताया कि उनके पिता की पहली नौकरी एक थिएटर में टॉर्चमैन की थी, जिसने उनके परिवार का कला से रिश्ता स्थापित किया। सामाजिक मुद्दों पर फिल्में बनाने वाले फिल्मकार का रास्ता चुनौतियों से खाली नहीं होता। मेहरा ने एक रेडियो कार्यक्रम के दौरान मिली मौत की धमकी का क्षण साझा किया। साथ ही अपनी फिल्मों की विषय-वस्तु के कारण सामना किए गए विभिन्न कानूनी संघर्षों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि रंग दे बसंती का एक कोर्ट केस फिल्म की रिलीज के 19 साल बाद, महज 3 महीने पहले खत्म हुआ। इन अनुभवों ने हतोत्साहित करने के बजाए और मजबूत बनाया।

## सड़क पर खड़े ट्रक से कार टकराई, महिला की मौत

**जयपुर** । आमेर थाना इलाके में शनिवार की सुबह एक कार सड़क पर खड़े ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में कार सवार एक महिला की मौत हो गई, वहीं दो गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस की मदद से एसएमएस भिजवाया। जहां घायलों का उपचार चल रहा हैं। पुलिस के अनुसार हादसे शनिवार सुबह पौने छह बजे कूकस स्थित गोल्ड पैलेस के सामने हुआ था। जहां दिल्ली की तरफ से आ रही एक कार मुख्य सड़क पर खड़े एक ट्रक से टकरा गई। कार सवार तीनों गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें एंबुलेंस की सहायता से एसएमएस रेफर किया गया। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटना में क्षितग्रस्त कार को मौके से हटाया। पुलिस के अनुसार मृतका की पहचान कल्याणी के रूप में हुई है। जो घायल लक्ष्मण के साथ कार से शालीमार स्टेशन अलवर से जयपुर एयरपोर्ट जा रहे थे। वहीं घायल लक्ष्मण और कार चालक का उपचार चल रहा है।

## विद्युत निगम की दौड़ प्रतियोगिता संपन्न

### 4000 मीटर दौड़ में पवन शर्मा, 1000 मीटर दौड़ में विनोद चौधरी और 1000 मी. महिलाओं की दौड़ में बीना मीणा प्रथम

जयपुर। जयपुर स्थित सभी विद्युत निगमों के कर्मचारियों के लिए दौड़ की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन शनिवार दिनांक 18 जनवरी को किया गया। दौड़ प्रतियोगिता का उद्घाटन राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम के मुख्य कार्मिक अधिकारी अमिताभ गुप्ता ने रेस को शुरू करवाकर किया।



आज संपन्न हुई दौड़ प्रतियोगिता में पुरुषों की ओपन कैटेगरी की 4000 मीटर दौड़ में पवन शर्मा सहायक निदेशक जनसंपर्क राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम में प्रथम स्थान, आनंद सिंह टेक्नीशियन जयपुर विद्युत वितरण निगम ने द्वितीय स्थान और राजेश कुमार शर्मा सहायक अभियंता सिविल, राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की पुरुषों की 1000 मीटर दौड़ में विनोद कुमार, टेक्नीशियन जयपुर विद्युत वितरण निगम ने प्रथम स्थान, राज बहादुर टेक्नीशियन राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम ने द्वितीय स्थान और मोहम्मद नासिर, उपनिदेशक कार्मिक राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महिलाओं की ओपन कैटेगरी की 1000 मीटर दौड़ में बीणा मीना, वाणिज्यिक सहायक जयपुर विद्युत वितरण निगम ने प्रथम स्थान, ज्योति वर्मा सहायक कार्मिक अधिकारी राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम ने द्वितीय स्थान और अंजली चौधरी कनिष्ठ अभियंता विद्युत उत्पादन निगम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

मुख्य कार्मिक अधिकारी अमिताभ गुप्ता ने बताया कि आज की दौड़ प्रतियोगिता के दौरान सभी विद्युत निगमों के महिला एवं पुरुष धावकों ने जोश के साथ हिस्सा लिया। सभी विजेता खिलाड़ियों को विद्युत भवन में गणतंत्र दिवस समारोह 2025 में पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।



### World Snow Day

World Snow Day is celebrated on the third Sunday in January each year and the inaugural celebration started in 2012. World Snow Day is celebrated to get more kids involved with snow sports. The purpose of World Snow Day is to encourage families to make lasting memories with their children, as well as to offer opportunities for kids to have experiences with winter sports like snowboarding and skiing. So much joy can be experienced when the winter weather comes! As long as you're dressed appropriately with the right gear, the cold weather doesn't need to get in the way.

#UNITY IN DIVERSITY

# World Religion Day

Celebrating World Religion Day involves participating in interfaith events, engaging in discussions about faith with an open mind, and learning about the beliefs and traditions of religions different from one's own.



World Religion Day is a special time to bring people together. It is celebrated on every third Sunday in January. On this day, folks from different faiths gather to share and learn from each other. The goal? To spread peace, understanding, and unity among all religions.

This day got its start in 1950, after a group in 1947 aimed to promote global peace through understanding religion, and it has grown a lot since then.

Now, over 80 countries join in the celebrations. Whether through face-to-face meetings or virtual gatherings, the day brings to light how much we all have in common despite our diverse beliefs. People mark World Religion Day in many ways. They attend events where leaders from different faiths speak, engage in discussions to learn about other religions, and take time to think about how we're all connected by our humanity, regardless of the faith we follow.

The idea is to encourage everyone to embrace diversity and foster a sense of community worldwide. So, World Religion Day is more than just a date on the calendar. It's a chance to celebrate our shared values and learn from the rich tapestry of world religions. It reminds us of the beauty in our differences and the strength we find in coming together.



## History of World Religion Day

World Religion Day started with a powerful idea in 1947, promoting peace through understanding different faiths. This idea became more structured when the National Spiritual Assembly of the Baha'is of the United States announced it in 1949.

The very first celebration took place in 1950. Originally called 'World Peace Through Religion Day,' it was first observed in Portland, Maine.

Over the years, the day has gained momentum and now sees celebrations across the globe, including in Australia and Bolivia by 1951. The essence of this day is to recognize and appreciate the similarities and common spiritual goals among all religions.

Over 4,300 recognized religions exist worldwide, and they are celebrated in various forms such as temple gatherings, church services, and tribal events.

World Religion Day emphasizes finding common ground among these diverse faiths, promoting unity rather than focusing on differences. It encourages people to explore and learn about different religions, understanding that most of the world's religious population follows one of the five major religions, Christianity, Islam, Hinduism, Buddhism, and Judaism.

This day allows us to reflect on what brings us together, fostering a more peaceful and cohesive global community. Celebrating World Religion Day involves participating in interfaith events, engaging in discussions about faith with an open mind, and learning about the beliefs and traditions of religions different from one's own. It's a day for education and sharing, not for conversion, aimed at broadening one's horizons and appreciating the rich tapestry of global religions. Participating in these activities can contribute to a world where diversity is celebrated, and unity and peace prevail.




# A Gallant And A Bullet



For the grave bullet injury suffered in the chest, Hardeep Singh (then captain) was declared a Battle Casualty and awarded a Wound Medal. For other Cordon and Search Operations in the Kashmir Valley, Hardeep Singh was awarded a General Officer Commanding-in-Chief's (GOC-in-C's) Commendation Card. The grave bullet injury suffered by him in 1995, which missed his heart by a whisker and hit his spinal cord, affected his capacity in carrying out any further operations.






● Gaurav Dixit

Indian government, in one of the largest domestic deployments of its army since independence, sent 140,000 Army troops under *Operation Rakshak-2* into violence hit state of Punjab, with clear instructions to out the insurgents and prepare the ground for next year's assembly election. The dimension of terrorism was fast spreading in Punjab, and civic administration and law and order situation were badly disrupted, causing great suffering for the ordinary masses. Two consecutive years, 1990 and 1991, alone saw as many civilians killed by terrorists as in the preceding 12 years. 2 JAK RIF (Bodyguard), one of the illustrious battalion, was also inducted into the operation. One of its officer, Second Lieutenant Hardeep Singh (who later rose to the rank of Brigadier), was recently commissioned into the 2 JAK RIF, and was posted in his hometown Sangrur. Second Lieutenant Hardeep Singh operated like a man possessed, and many successful operations were carried out against the terrorists in his area of responsibility. This proved pivotal in assembly elections being conducted in the state, and an elected government coming to power.

Earlier, Hardeep Singh cleared the Combined Defence Services competitive examination and attended the Indian Military Academy, Dehradun, as part of the 89 Regular course on July 20, 1990. He was involved in many operations in Punjab and Jammu and Kashmir, before he was hit by a bullet in 1995, during an operation in Kashmir, bringing an end to his active deployment in the counter-insurgency operations.



#BRIGADIER HARDEEP SINGH

## Operations in Kashmir

2 JAK RIF (Bodyguard) was inducted into the Kashmir Valley in April 1992, when the insurgency was at its peak, characterized by widespread killings and expulsions from the Valley, mainly of Kashmiri Pandits, all of which posed a formidable challenge to the security forces. It was in the theatre of Kashmir where Brigadier Hardeep Singh achieved his greatest accomplishment as a military official. 2 JAK RIF carried out more than 700 Cordon and Search Operations during its tenure. He was involved in all of these operations in various capacities, either in planning or in an execution role.

One of his major encounters with the terrorists was on July 15, 1993 in a village Kaitsan of District Baramulla, where a large group of militants were hiding. A Cordon and Search Operation was launched, and Hardeep Singh, as a young Second Lieutenant, personally led the operation. He quickly deployed his troops so as to cut off the escape route of the around twenty militants in the mountainous area. Troops lead by him carried out search operation of complete ridgeline, where these terrorists were firing intensively at Indian troops. Unmindful of intense fire, Second Lieutenant Hardeep Singh moved forward and personally killed five terrorists.



With the help of backup, the troops managed to kill all balance terrorists.

In another operation in July 1993, Second Lieutenant Hardeep Singh eliminated three militants. A Hezbollah Regimental Commander had taken out the pin from the grenade and was about to lob it at Captain Hardeep Singh, when he was shot dead by him.

An operation was launched by the Indian Army on 06 October, 1993 that resulted in the killing of 23 terrorists, including six Afghans and one Pakistani national, and the apprehension of one. Second Lieutenant Hardeep Singh, officiating company commander of 'B' Company deployed at Dalau, saw about 15 armed persons and chased them with the personnel of his company headquarters. 05 terrorists were killed by Second Lieutenant Hardeep Singh alone. For this gallant act, Second Lieutenant Hardeep Singh was awarded the Sena Medal for gallantry.

## Operation in Tral: Shaurya Chakra



In 1995, Captain Hardeep Singh was leading a patrol in the mountainous area of Tral Valley in Jammu and Kashmir. The patrol was climbing the heights north of village Naristan, when three terrorists fired from the higher reaches. Captain Hardeep quickly seized control of the situation and deployed his patrol to thwart the escape of the terrorists, even as bullets rained heavily on his patrol. He, along with his radio operator, crawled within 50 metres of the terrorists from a flank. The terrorists noticed his move and started firing on him. In the crossfire at almost an eye-ball distance, Captain Hardeep Singh was hit by a bullet in his chest. Undeterred by his grave injury, he killed two terrorists. For this valiant action, Captain Hardeep Singh was awarded the *Shaurya Chakra*.

For the grave bullet injury suffered in the chest, Hardeep Singh (then captain) was declared a Battle Casualty and awarded a Wound Medal. For other Cordon and Search Operations in the Kashmir Valley, Hardeep Singh was awarded a General Officer Commanding-in-Chief's (GOC-in-C's) Commendation Card. The grave bullet injury suffered by him in 1995, which missed his heart by a whisker and hit his spinal cord, affected his capacity in carrying out any further operations. Hence, he was transferred to the Army Ordnance Corps (AOC) as a Captain. He did well in AOC too, and rose to the rank of Brigadier, which is a flag rank.

The Indian Army Doctrine, published in 2004, clearly explains that the hallmark of a good soldier entails having a sense of responsibility, professional expertise and loyalty to the Nation and the Army. The ethos and moral code set forth principles and ideals which exhort every man in uniform to abide by his duty without regard to personal safety. Brigadier Hardeep Singh has the distinction of being awarded a Shaurya Chakra, a Sena Medal, a General Officer Commanding-in- Chief's Commendation Card and a Wound Medal in one tenure. He clearly had all the attributes of a good soldier, and is one of the model for generations to follow.

rajeshsharma1049@gmail.com

**Gaurav Dixit** is the Project Leader for the Gallantry Awards Project at the USI of India. He has been associated with National Security Council Secretariat as a Researcher. He is co-editor of two books, *India-Uzbekistan Partnership in Regional Peace and Stability: Challenges and Prospects*, and *India's Emerging Challenges and Way Forward*, and contributes regularly to various defence and security magazines, online portals.



#STREET-FOOD

# Food @ India's Railway Stations





Some of the best Indian foods that railway stations across the country have to offer!

Train journeys have long been intimately connected with food, taking us through India's diverse cultures and cuisines, even as we head towards our destination. If you've stocked up on *theplas* packed in foil, and are planning to make do with the *samosas* and little cups of tomato soup sold on-board, allow us to take you on a gastronomic journey. Here are some of the best Indian foods that railway stations across the country have to offer! Fair warning, reading this article will make you feel very hungry. Maybe, just enough to go ahead and book tickets for your next train journey!



### Pazham Pori

**@Ernakulam Junction, Kerala**

*Pazham* (remember that 'zh' is pronounced with a soft 'r' sound) means 'banana.' *Pazham Pori* is made from *Nendram Pazham*, a ripened plantain that is indigenous to Kerala. To make this dish, the banana is coated in flour batter and deep-fried until golden and crispy. Make sure to grab a few (dozen) helpings of this sweet snack for the road, if you're in the area.



### Sandesh

**@Howrah Junction, West Bengal**

When your train halts at Howrah Junction, you can sample this sweet treat for yourself or, in Bengali tradition, gift it to your loved ones. With curdled milk as the base, *sandesh* is garnished with powdered sugar, cardamom, almonds or tuttifrutti.

### Lal Chah

**@Guwahati Railway Station, Assam**

What's a trip to Assam without sampling the state's finest tea? *Lal Chah* gets its name because of its typical reddish-brown hue. It is a simple Assam black tea, brewed with no milk, and flavoured with liberal helpings of sugar, spices and lemon juice. Lal Chah is easily available at local tea shops, at and near Guwahati Railway Station, a must-try beverage for weary passengers.

### Litti-Chokha

**@Patna Junction, Bihar**

This Bihari classic comprises ghee-soaked wheat flour balls, stuffed with roasted gram and a variety of spices, accompanied by a preparation of tomatoes and brinjals. *Littis* are typically baked in a *tandoor*, giving them a deliciously smoky flavour. The dish is a well-balanced, filling meal that can be enjoyed at any time of the day. Despite its rather involved preparation process, *litti-chokha* is a popular street food, and where better to try it than in the capital city?



### Aloo Chaat

**@New Delhi Railway Station**

Indian street food is synonymous with all manner of chaat. And you don't even have to step out of the railway station for a taste of authentic, *Dilli-style chaat*. Crispy-fried potatoes, mixed in with spices, sweet and sour chutneys, lemon juice, topped with sev and coriander is the complete flavour package that will make your journey all the more enjoyable.



### Kadhi Kachori

**@Ajmer Junction, Rajasthan**

This tangy Rajasthani dish is a staple in Ajmer, available at every street corner and of course, the railway station. The crispy *kachoris* are served with the city's distinct *kadhi*, richly flavoured with a range of spices, such as fennel seeds, coriander seeds and fenugreek leaves.

### Chole Bhature

**@Jalandhar City Junction, Punjab**

Deep-fried puris and a spicy chole, what's not to love about *chole bhature*? While this classic North Indian dish is a go-to breakfast option for many, it can really be eaten whenever you feel like. The hearty Chole Bhature at Jalandhar City Junction is sure to warm you right up on those cold winter mornings.

### Kanda Poha

**@Ratlam Junction, Madhya Pradesh**

Ratlam is more than just 'that station from *Jab We Met*.' The *kanda poha* served here is a local favourite. Start your day off right with a hot cup of tea and this classic breakfast food that's light, delicious and topped with crunchy *sev* and pomegranate seeds.

### Rava Dosa

**@Chennai Central, Tamil Nadu**

Vendors on the platforms of Chennai Central Station, and indeed all across the region, serve their *rava dosas* with a spicy, potato filling, paired with coconut chutney or vegetable kurma. It's hot, fresh and dare we say, it's worth missing your train for!

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# पुलिस ने कारपेंटर बनकर 40 हजार के इनामी तस्कर को गुजरात से पकड़ा

## पुलिस को आरोपी को पकड़ने के लिए एक हजार किलोमीटर का सफर तय करना पड़ा

- गुजरात, महाराष्ट्र और राजस्थान में अलग-अलग जगह पर रहकर मारवाड़ में नशे का कारोबार चलाता था तस्कर
- आरोपी बीते छह साल से फरार चल रहा था जो कुख्यात भगौड़ा आरोपियों में शामिल है

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर रेंज की साइक्लोनर टीम ने 40 हजार के इनामी अपराधी को पकड़ा है। पुलिस को उसे पकड़ने के लिए एक हजार किलोमीटर का सफर तय करने के साथ कारपेंटर भी बनना पड़ा। आरोपी को गुजरात राज्य से पकड़ा जा सका। आरोपी टॉप 25 में शामिल था।

जोधपुर रेंज आईजी विकास कुमार ने बताया कि आरोपी मुंबई की लोकल ट्रेन में चढ़कर पैसेंजर से मोबाइल लेकर अपने लोगों से संपर्क करता था। फिर इसके बाद फिर वहां से अपने ठिकाने पर पहुंच जाता था। गुजरात, महाराष्ट्र और राजस्थान में अलग-अलग जगह पर रहकर मारवाड़ में नशे का कारोबार चलता था। पुलिस को तस्कर के कई सारे सुराग हाथ लगे हैं। पुलिस महानिरीक्षक विकास कुमार के अनुसार साइक्लोनर टीम ने राजस्थान के टॉप-25 में आरोपियों में शामिल आरोपी प्रकाश चाहर को गिरफ्तार किया है। यह आरोपी बीते छह साल से फरार चल रहा था। कुख्यात भगौड़ा आरोपियों में शामिल है। अभी तक की जानकारी के अनुसार आरोपी जालोर, सिरोही, जोधपुर कमिश्नरेट और बाड़मेर चार मुकदमों में वांटेड है।

आईजी विकास कुमार ने बताया कि साइक्लोनर टीम ने तीन माह तक लगातार पीछा करने पर गुजरात के नवसारी से गिरफ्तार किया है। हमारी टीमें जो मुख्य सरगना और मादक पदार्थ के सप्लायर पर फोकस कर रखा है। करीब-करीब 40 किंगपिन पकड़े गए है। जिसमें यह बहुत बड़ा कैच है। आरोपी प्रकाश चाहर 11-12 सालों से मादक पदार्थ का कारोबार कर रहा है। आरोपी ने उदयपुर में किसी रिश्तेदारों के साथ लकड़ी के व्यापार से अपना कारोबार शुरू किया। वहां से फिर मार्बल का काम शुरू किया। काम की थकान मिटाने के लिए अफीम व डोडा चूरा-लेना शुरू किया। फिर उससे अमीर बनने का सपना देखा। लंबे समय मादक पदार्थ नेटवर्क जो चितौड़गढ़ के निम्बाहेड़ा से चलता है। धीरे-धीरे उसका सरगना बन बैठा।

पुलिस महानिरीक्षक विकास कुमार ने बताया कि इस ऑपरेशन का नाम "ऑपरेशन तमस" रखा गया। क्योंकि नशे के जहर के माध्यम से लोगों के जीवन में अंधेरा फैला रहा था। विडंबना थी कि उसका खुद का नाम प्रकाश था। खुद का नाम प्रकाश और समाज के जीवन में अंधेरा फैलाने का काम इसलिए इसका नाम ऑपरेशन तमस रखा गया था। आरोपी प्रकाश ने निम्बाहेड़ा के छोटे से कस्बे में रहना शुरू किया। वहीं से डोडा-पोस्त व अफीम इकट्ठा करता था। अपने गुर्गों के माध्यम से मारवाड़ में सप्लाई करता था। इसका खेल काफी लंबे समय तक चलता रहा। टीम इसको पकड़ने के लिए निम्बाहेड़ा इसके ठिकाने पर पहुंची। वहां से यह छत से कूदकर बाइक पर भागने पर सफल हो गया। यह करीब दो माह पहले की बात है। इसके बाद इसने अपना ठिकाना मुंबई में जमाया।

आरोपी प्रकाश चाहर के साले को पकड़कर उससे पूछताछ की गई तो पता कि प्रकाश मुंबई में रह रहा है। वहीं से यह बीच-बीच में फोन करता रहा। यह शातिर तरीके से काम करता था। वहां पर लोकल ट्रेन में चढ़ता था। वहां पर पैसेंजर से फोन लेकर के अपने गुर्गों को फोन करता था। फिर वापस ट्रेन से उतर जाता था। इस वजह से उसका ठिकाना ढूंढने में मुश्किलें आई। टीम ने लगातार निगरानी रखकर देखा कि कब ट्रेन से चढ़ता है और कब आखिरी कॉल करता है। तब यह पेटर्न पुलिस के पास आया। तब हमें जानकारी मिली कि मुंबई के भांयदर इलाके में रहता है।

आईजी विकास कुमार ने बताया कि टीम मुंबई के भायंदर इलाके में करीब 15 दिन तक रही। लेकिन्न उसका कोई ठिकाना नहीं होने के कारण तलाश की। जब हमने वहां पर लकड़ी के काम करने वाले लोगों से संपर्क किया। तब वहां पर काम करने वाले लोगों ने बताया कि बड़े रईश की तरह रहता है। बड़े-बड़े शौक रखता है और लकड़ी का कारीगर है। उस ठिकाने पर जब हम पहुंचे तो वहां से दो दिन पहले वह निकल चुका था। तकनीकी के आधार पर उसका लोकेशन गुजरात के नवसारी में होना सामने आया। सूरत से आगे नवसारी जिले में होने की जानकारी मिली। टीम वहां पर 5 दिन तक रुकी। वहां पर हमारी टीम लकड़ी का कारीगर बनकर नौकरी खोजते रहे। नवसारी की बिल्ली मोरा इलाके में एक दुकान पर लकड़ी का काम खोजते हुए पहुंच तो वहां पर एक कारीगर के माध्यम से आरोपी तक पहुंचे। आरोपी ने मादक पदार्थ का कारोबार मारवाड़ में फैलाया हुआ था। वहां पर दिन के समय लकड़ी का काम करता था। रात में नशे का कारोबार करता था। आरोपी पर अवैध हथियार, एनडीपीएस सहित सात मुकदमें अलग-अलग जगहों पर है। सदर थाने में इलाके में भी दो मामले दर्ज है। इसमें आलू की आड़ में डोडा-पोस्त की सप्लायर के रूप में इसका नाम है।

# साइबर फ्रॉड की अंतर्राज्यीय गैंग के छह आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2.40 लाख की नगदी बरामद की

- बैंक के खाते में चार लाख 97 हजार रुपए होल्ड करवाए
- पुलिस मामले में गहराई से अनुसंधान कर रही है, आरोपियों से अनेकों ठगी की वारदातों का खुलासा होने की संभावना जताई

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** पुलिस ने साइबर फ्रॉड की अंतरराज्यीय गैंग के छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नगद राशि बरामद की है। आरोपियों से अनेकों ठगी की वारदातों का खुलासा होने की संभावना है।

भरतपुर रेंज पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश एवं सवाई माधोपुर जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजकुमार कस्वा के सुपरविजन में चलाए जा रहे एंटीवायरस अभियान के तहत पुलिस उपाधीक्षक राजेंद्र सिंह रावत थाना साइबर क्राइम के नेतृत्व में गठित टीम ने साइबर क्राइम पर कार्रवाई करते हुए साइबर फ्रॉड के अंतर्राज्यीय गैंग के छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

इस मामले को लेकर एसबीआई शाखा कलेक्ट्रेट सवाई माधोपुर के प्रबंधक सीताराम मीणा ने 17 दिसंबर 2024 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया था कि कृपा फोर व्हीलर प्राइवेट लिमिटेड के पार्टनर जगदीश के नाम से अज्ञात व्यक्ति का कॉल आया और बैंक के खाते की चेकबुक खत्म होने का बहाना बनाकर अर्जेंट भुगतान करने और एक करोड़ रुपए की पॉलिसी कराने का लालच व्हाट्सएप पर फर्जी पत्र भेजकर 14 लाख 57हजार रुपए चांद इंटरप्राइजेज मुरादाबाद के खाते में भुगतान कर लिया। इस पर थाना पुलिस ने विभिन्न धाराओं सहित आईटी एक्ट में मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए साइबर थाने के सहायक उप निरीक्षक फैयाज खान के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई जिसमें कांस्टेबल दिनेश व नफीस को शामिल कर आरोपियों की तलाश में दिल्ली, मुरादाबाद व गाजियाबाद भेजकर साइबर सेल की विशेष तकनीकी सहायता से आरोपी सलीम निवासी असगीरपुरा जाया थाना डिंडोली जिला अमरोहा उत्तर प्रदेश खाता धारक, राजेश कुमार सैनी निवासी शाहपुर थाना डिटौली जिला अमरोहा उत्तर प्रदेश खाता उपलब्ध कराने वाला, विक्की जाटव निवासी सलेमपुर थाना अमरोहा उत्तर प्रदेश बैंक से पैसे निकलने में सहायक व खाता खुलवाने वाला, प्रदीप कुमार जाट निवासी सुल्तानपुर फलेदा पोस्ट फतेहपुर बिश्नोई थाना पाक्रबडा जिला मुरादाबाद, शुभम नारायण त्यागी निवासी बरनावा बागपत पुलिस थाना बिनोली बागपत उत्तर प्रदेश मास्टरमाइंड एवं आनंद उर्फ अभिषेक गुर्जर निवासी बीटा थाना इचोली जिला मेरठ उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर 2 लाख 40 हजार रुपए बरामद किए गए हैं एवं यस बैंक के खाते में चार लाख 97 हजार रुपए होल्ड करवाए गए हैं।

आरोपियों द्वारा विभिन्न प्रकारों से गरीबों व अन्य लोगों को साइबर ठगी का शिकार बनाकर खुद का प्रतिशत लेकर अपने सरगना को पैसे उपलब्ध कराते थे। पुलिस मामले में गहराई से अनुसंधान कर रही है। आरोपियों से अनेकों ठगी की वारदातों का खुलासा होने की संभावना है।

# बदमाशों ने डंपर चालक से मारपीट की

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ीनगर थाना क्षेत्र के गोठड़ा के पास देर रात को गाड़ी में सवार होकर आए बदमाशों ने डंपर ड्राइवर के साथ मारपीट की। इस दौरान बदमाशों द्वारा पिस्टल दिखाकर सड़क से हटाने का प्रयास भी किया। इस संबंध में पीड़ित ने थाने में पहुंचकर घटना की जानकारी दी, लेकिन बदमाश पुलिस के पहुंचने से पहले फरार हो गए।

पीड़ित डंपर ड्राइवर चिरानी निवासी मुकेश कुमार पुत्र कैलाश चंद ने बताया कि वह रात करीब दस बजे खेतड़ी के खनन क्षेत्र से डंपर को भरकर सिंघाना की ओर जा रहा था। जब गोठड़ा के पास बनी पोल फैक्ट्री के पास पंहुचा तो सामने से आई हरियाणा नंबर की गाड़ी में पांच जने सवार होकर आए। इस दौरान उन्होंने डंपर के आगे गाड़ी लगा दी। जब डंपर ड्राइवर ने गाड़ी हटाने के लिए कहा तो गाड़ी में सवार दो जने उतरकर उसके पास आए और आते ही ड्राइवर के साथ मारपीट करने लगे। जब उन्होंने विरोध किया तो वह लोग वापस गाड़ी में गए और पिस्तौल निकालकर उन्हें डराया गया। पीड़ित डंपर ड्राइवर ने बताया कि नानूवाली बावड़ी से गोठड़ा तक सड़क का निर्माण कार्य कर रहा है, जिसके चलते एक ही साइड से वाहनों को निकाला जा रहा है। सड़क का निर्माण कार्य चलने के कारण सामने से वाहन आने पर उन्हें निकलने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिसके चलते सामने से आई हरियाणा नंबर की गाड़ी को जगह नहीं मिल पाने पर बदमाशों ने डंपर ड्राइवर व खलासी के साथ मारपीट कर पिस्टल दिखाकर गाड़ी हटाने का प्रयास किया। घटना के कुछ देर बाद डंपर ड्राइवर व खलासी खेतड़ीनगर थाने में पहुंचे तथा पुलिस को उनके साथ हुई घटना के बारे में अवगत करवाया। घटना की सूचना पर एचसी महिपाल सिंह मय पुलिस जाब्ते के मौके पर पहुंचे, लेकिन बदमाश मौके से फरार हो गए थे।

# केंद्रीय मंत्री शेखावत ने हाथी के दांतों का उदाहरण देकर कांग्रेस पर निशाना साधा

- ग्रंथ लिखे जा सकते हैं, कैसे कांग्रेस ने लोकतंत्र के स्तंभों का गला घोंटने की कोशिश की : केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत
- 'महाकुंभ विश्व के लिए अनूठा उत्सव है, जहां स्वतः स्फूर्त भाव से देश-दुनिया से करोड़ों लोग श्रद्धा और उत्सुकता को लेकर आ रहे हैं'

**जोधपुर, (कासं)।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा और कहा कि 1954 का कुंभ एकमात्र उदाहरण नहीं है, वहां से लेकर इमरजेंसी और 2014 तक, ग्रंथ लिखे जा सकते हैं कि किस तरह से कांग्रेस ने लोकतंत्र और लोकतंत्र के सारे स्तंभों का गला घोंटने की कोशिश की। केंद्रीय मंत्री शनिवार सुबह दिल्ली से जोधपुर पहुंचे।

एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में गांधी परिवार और कांग्रेस पार्टी से जुड़े सवाल पर शेखावत ने कहा कि गांधी परिवार की राजनीति और कांग्रेस पार्टी का वर्तमान नेतृत्व देश-दुनिया के सामने बेनकाब हो चुका है। उनका चेहरा सबके सामने उजागर हो चुका है। उन्होंने कहा कि हिंदी में एक कहावत है, "हाथी के दांत दिखाने के कुछ और, खाने के कुछ और होते हैं", मुझे लगता है कि उनका चाल, चरित्र और चेहरा सबके सामने उजागर हो चुका है। महाकुंभ के प्रबंधन पर शेखावत ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और देश की सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जिस तरह से प्रबंधन किया है, वो निश्चित रूप से अनूठा है, क्योंकि इससे पहले स्मरण कीजिए, कुंभ जब कभी भी देश में होते थे। 2013 के कुंभ में किस तरह से भगदड़ मची, उस समय सरकार ने किस तरह असंवेदनशीलता के साथ व्यवहार किया था। शेखावत ने कहा कि 1954 में जब देश की आजादी के बाद में पहला कुंभ हुआ था, उस समय कुंभ की व्यवस्थाओं को देखिए, सरकार किस तरह से इन विषयों को लेकर उदासीन थी। नेहरू के कुंभ में जाने के कारण से, ऐसी लिखित रूप से लोगों ने स्टोरी की हैं, 1000 से ज्यादा लोग भगदड़ मचने के कारण दिवंगत हुए थे। शेखावत ने कहा कि अब विरासत का संरक्षण और विरासत का सम्मान करने वाली सरकार है। इस बार महाकुंभ की व्यवस्थाएं पहले से बहुत बेहतर हैं।

1954 में मीडिया की आजादी के सवाल पर शेखावत ने कहा कि 1954 केवल एकमात्र उदाहरण नहीं है, वहां से लेकर इमरजेंसी और 2014 तक पूरे ग्रंथ लिखे जा सकते हैं कि किस तरह से उन्होंने लोकतंत्र और लोकतंत्र के सारे स्तंभों का गला घोंटने की कोशिश की।

इंडी गठबंधन के कुंभ को लेकर कुछ न बोलने के सवाल पर शेखावत ने कहा कि वो अवसरवादियों का संगठन है। लोकसभा चुनाव से पहले ऐसे सारे लोग, जो जेल यात्रा करके आए थे, वो एकसाथ एकत्रित हुए थे। मुझे नहीं लगता कि ऐसा आचरण और व्यवहार करने वाले लोगों, जिन्होंने पहले कुंभ को उदासीनता और संवेदनशीलता के साथ में देखा है, वो कुंभ की महत्ता और आस्था को समझते होंगे।

केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि महाकुंभ विश्व के लिए अनूठा उत्सव है। जहां स्वतःस्फूर्त भाव से देश-दुनिया से करोड़ों लोग श्रद्धा और उत्सुकता को लेकर आ रहे हैं। कौतूहलवश दुनियाभर से लोग यह जानने के लिए आ रहे हैं कि इतना बड़ा आयोजन, कैसे किसी देश में एक स्थान पर हो सकता है। उन्होंने कहा कि इतने बड़े आयोजन में सरकार का जिस तरह से प्रबंधन है, वो केस स्टडी है। पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति के स्नान पर फांच करोड़ लोगों ने महाकुंभ में स्नान किया। आने वाली मौनी अमावस्या के दिन यह संख्या और भी बढ़ेगी।

# नीमकाथाना जिला हटाये जाने के विरोध में19वें दिन भी धरना जारी

**पाटन, (निसं)।** नीमकाथाना जिला बनाने की मांग को लेकर 19वें दिन भी हड़ताल जारी रही, जिसमें भूख हड़ताल पर बैठे लोगों को विधायक सुरेश मोदी ने माला पहनाकर बोदूराम यादव छाजा की नांगल, विकास मीणा न्यौराणा, बलवीर मीणा न्यौराणा, रवि खटाणा न्यौराणा को धरने पर बैठाया।



विधायक सुरेश मोदी ने माला पहनाकर बोदूराम यादव छाजा की नांगल, विकास मीणा न्यौराणा, बलवीर मीणा न्यौराणा, रवि खटाणा न्यौराणा को धरने पर बैठाया।

19वें दिन भी धरने पर बैठे लोगों में जोश देखा गया और उनकी एकजुटता में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। राजनीतिक दल और सामाजिक संगठन धीरे-धीरे इस आंदोलन से जुड़ रहे हैं, जिससे इसका प्रभाव और भी व्यापक हो रहा है। यह समर्थन आंदोलन को मजबूती प्रदान कर रहा है और आगे भी इससे जुड़े लोग इस संघर्ष को निरंतर जारी रखने का संकल्प ले रहे हैं। कई प्रमुख नेता भी इस आंदोलन के समर्थन में सामने आए हैं, जिससे आंदोलन को और अधिक मजबूती मिल रही है।

महेश मेगोतिया उपाध्यक्ष नगरपरिषद, सत्यनारायण बल्लुपुरा, मोहम्मद सदीक, रामसिंह राजनगर, बलवीर खैरवा, शंकर गैसका भूदोली, बसंत यादव नाथा की नांगल, मदनलाल सैनी, गोपाल सैनी, रफीक कुरैशी, नरेश बढ़ाणा, महावीर स्वामी कितपूरा, रामजीलाल सैनी, रामनारायण सैनी हेमराजपुरा, रामलाल मीणा, फूलचंद यादव, राजेन्द्र आर्य, इदु खान, धर्मपाल सैनी, सूरजमल सैनी, सदीक कुरेशी, रामसिंह डांगी, धर्मवीर आगवाड़ी, विकास बिजारणियां, प्रेम यादव, रोशन लाका ने अपना समर्थन संघर्ष समिति को दिया।

## किसान की मौत

**उदयपुर, (निसं)।** खेत पर काम करते समय किसान की हार्टअटेक से मौत हो गई। सुखेर थाना क्षैत्र प्रतापपुरा अम्बेरी निवासी दिपलाल (39) पुत्र देवाजी गमेती की खेत पर काम करते समय हृदयाघात से मौत हो गई। शुक्रवार सांय दिपलाल खेत पर काम करने गया था। जहां सीने में दर्ज होने से तबीयत खराब होने पर परिजन उसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय ले गए। जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर एएसआई हरिशचन्द्र सनाढ्य ने पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

# हथियार से हमला कर युवक की हत्या

**कोटा, (निसं)।** कुन्हाड़ी थाना इलाके में शुक्रवार रात्रि को दो गुटों के बीच हुए झगड़े में एक पक्ष के एक युवक पर धारदार हथियार से हमला कर युवक की हत्या कर दी गई। वहीं हमले में एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने शनिवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने एतिहात के तौर पर एमबीएस अस्पताल के पोस्टमार्टम रूम के बाहर अतिरिक्त पुलिस जाप्ता तैनात किया।

पुलिस उप अधीक्षक गंगासहाय शर्मा ने बताया कि कुन्हाड़ी इलाके के भैरू गली में शुक्रवार रात्रि को चंबल कॉलोनी निवासी लोकेश राठौर (23) एवं उसके मित्र साजिदेहड़ा निवासी फैजल दोनों बाइक से जा रहे थे। उसी समय पीछे से असलम व अन्य ने धारदार हथियार से लड़की के मामले में पुरानी रंजिश को लेकर लोकेश पर हमला कर दिया।

बीच-बचाव में उसके साथी फैजल भी हमले में घायल हुआ। दोनों घायलों को उपचार के लिये एमबीएस अस्पताल लाया गया, जहां लोकेश की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं हमले में घायल फैजल का उपचार अस्पताल में जारी है। पुलिस ने बताया कि मृतक लोकेश कुन्हाड़ी थाने का हिस्ट्रीशीटर था। पुलिस उप अधीक्षक ने बताया कि असलम व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज हमलावरों की तलाश के लिये टीमें गठित कर रवाना कर दी गई है।

# मवेशी ने बाइक को टक्कर मारी, युवक की मौत

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ीनगर थाना क्षेत्र के खरखड़ा के पास देर शाम को एक बाइक को मवेशी ने टक्कर मार दी। इस दौरान हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। मृतक का उप जिला अस्पताल में शनिवार को पोस्टमार्टम करवाया गया।

- हादसे में एक युवक घायल हो गया, अस्पताल में भर्ती कराया


मृतक युवक।

जानकारी अनुसार गोठड़ा निवासी मनीष कुमार (32) पुत्र अमीलाल गुवारिया बडाऊ गांव में मनिहारी के सामान की दुकान कर रखी है। वह सुबह अपने भाई के साथ दुकान पर गया था तथा शाम करीब सात बजे अपने भाई अभिषेक के साथ दुकान बंद कर वापस अपने घर लौट रहा था। जब दोनों भाई खरखड़ा के पास पंहुचे तो बाइक के सामने अचानक मवेशी (सांड) आ गया। इस दौरान मवेशी ने बाइक सवार मनीष कुमार टक्कर मार दी, जिससे वह घायल होकर सड़क पर ही गिर गए। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तथा दोनों घायलों को खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल में पहुंचाया। इस दौरान डाक्टरों ने मनीष को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे घायल अभिषेक का उपचार किया गया। घायल अभिषेक ने बताया कि वह और उसका भाई मनिहारी की दुकान चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। मृतक मनीष कुमार के एक बेटी ईशु (9) व बेटा कार्तिक (7) साल का है। घटना की सूचना पर परिजन भी अस्पताल में पहुंचे तथा घटना की जानकारी जुटाई। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि की खरखड़ा सड़क पर पहले भी पशुओं से कई हादसे हो चुके हैं। प्रशासन की ओर से पशुओं को गौशाला में भेजने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए।

## 124 किलो डोडा-चूरा सहित एक गिरफ्तार

**उदयपुर, (निसं)।** वल्लभनगर थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान मकान पर दबीश देकर 124 किलो अवैध डोडा-चूरा एवं तीन बाइक जब्त कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक राजेन्द्रसिह जैन के सुपरविजन में वल्लभनगर थाना अधिकारी दिनेश पाटीदार के नेतृत्व में गठित दल ने गश्त के दौरान बड़गांव में संदिग्ध दो कारों का पिछा किया, लेकिन अंधेरे में वह पकड़ में नहीं आयी। इस पर कार जिस मकान से निकली उसके मालिक गोवर्धन पुत्र रामलाल निवासी बड़गांव वल्लभनगर की तलाशी ली।

इस पर उसके मकान में कमरे में रखे 7 प्लास्टिक के कट्टों को खोल कर देखा तो उसमें 124 किलो डोडा-चूरा पाया गया। इस दौरान तस्करी करने में उपयोग की जाने वाली मौके पर रखी तीन बाइक भी जब्त की। पूछताछ में गोवर्धन ने उक्त डोडा चूरा उसके सिजारी कालुलाल निवासी बड़गांव, विपिन एवं उसका दोस्त विरदाराम निवासी बाडमेर द्वारा मिलकर इकठ्ठा करना बताया, जिनकी पुलिस तलाश कर रही है।

# बर्ड फेस्टिवल के दूसरे दिन परिंदों की अठखेलियां निहारने पहुंचे पक्षी प्रेमी

- अलग-अलग प्रजाति के देसी व परदेशी परिंदों की अठखेलियों को देखकर पक्षी प्रेमी आनंदित हुए

**कानोड़, (निसं)।** संभाग स्तरीय बर्ड फेस्टिवल के दूसरे दिन शनिवार को प्रदेश के वेटलैंड तालाब बड़वाई व किशन करेरी पर उदयपुर बर्ड फेस्टिवल से पक्षी प्रेमी व पक्षीविद् परिंदों की अठखेलियों को निहारने पहुंचे। पक्षी प्रेमियों का यह दल प्रातः करीब नौ बजे पक्षीविद् विनय दवे के नेतृत्व में बड़वाई तालाब पहुंचा, जहां पक्षी प्रेमियों ने करीब तीन घंटे तक बर्ड वाचिंग की। यहां अलग-अलग प्रजाति के देसी व परदेशी परिंदों की अठखेलियों को देखकर पक्षी प्रेमी काफी आनंदित हुए। उन्होंने इन परिंदों की अठखेलियों को अपने कैमरे में कैद किया और कई ऐसी प्रजातियों को अपने कैमरे में कैद किया जो अमूमन बहुत कम देखी जाती है।


पक्षी प्रेमियों ने परिंदों की अठखेलियों को अपने कैमरे में कैद किया।

पक्षी प्रेमियों ने यहां की स्थानीय पक्षी मित्रों की टीम से मुलाकात करते हुए उनके द्वारा इस पक्षी विहार तालाब पर किए जा रहे प्राकृतिक सौंदर्यीकरण की प्रशंसा करते हुए उनकी कई प्रशासनिक समस्याओं को भी सुना। पूर्व सीसीएफ राहुल भटनागर ने गत लंबे समय से इस तालाब में पानी नहीं आने की समस्या को गंभीरता से लिया एवं कहा कि सरकार जल्द इस तालाब में पानी की आवक के लिए नहर का अतिशीघ्र निर्माण करें जिससे इस तालाब का परिंदों के संरक्षण का पुराना स्वरूप बना रहे।

निकट बड़वाई तालाब पर परिंदों की कई प्रजातियों को देखकर पक्षीविदों ने कहा कि बड़वाई तालाब क्षेत्र का सबसे सुरक्षित तालाब है, जिस पर पक्षी अपने आपको काफी महफूज समझ रहे हैं। पक्षी प्रेमियों का यह दल बड़वाई के बाद किशन करेती तालाब पहुंचा जहां भी देसी वह विदेशी परिंदों को निहारते हुए यहां ग्रीन अर्थ नेचुरल समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। पक्षी मित्र यहां से मेनार पक्षी विहार के लिए रवाना हुए। ग्रेट वाइट पेलिकन, ग्रे लेग गीज, यूरेशियन विजन, रेड क्रेस्टेड पोचार्ड, कॉमन पोचार्ड, कॉमन टील, गेडवाल, गॉडविट, टफ्टेड डक, कोम्ब डक, नॉर्दर्न शोवलर, नॉर्दर्न पिनटेल, रफ, पेंटेड स्टार्क, सारस क्रेन सहित कई प्रजातियां इन दोनों ही तालाबों पर देखी गई। इनमें सबसे अधिक संख्या बड़वाई पक्षी विहार पर बार हेडेड गीज, नॉर्दर्न पिनटेल, नॉर्दर्न शोवलर, यूरेशियन विजन व ब्लैक टेल्ड गॉडविट की देखी गई। इस दौरान पक्षीविद् पूर्व डायरेक्टर बीएनएचएस डॉक्टर अरशद रहमानी, रिटायर्ड सीसीएफ राहुल भटनागर, पूर्व एसीएफ डॉ. सतीश शर्मा, पक्षीविद् रजत भार्गव, रिटायर्ड डीएफओ सोहेल मजबूर, प्रताप सिंह चुंडावत सहित कई पक्षीविद् व पक्षी प्रेमी पहुंचे।

वहीं संभाग स्तरीय बर्ड फेस्टिवल एवं उसके बाद चित्तौड़गढ़ जिले के सरकार द्वारा घोषित वेटलैंड तालाबों पर प्रदेशभर से बर्ड वाचिंग के लिए आए पक्षीविदों व पक्षी प्रेमियों की अगवानी सिर्फ स्थानीय पक्षी मित्रों को करनी पड़ी, चित्तौड़गढ़ जिला मुख्यालय से विभागीय अधिकारी कर्मचारी नदारद रहे जिसको लेकर स्थानीय बड़वाई व किशन करेरी के पक्षी मित्रों ने आक्रोश व्यक्त किया। सरकार एक और इन तालाबों को वेटलैंड तालाब घोषित कर चुकी है , वहीं विभागीय अधिकारी इन तालाबों के सुद लेने तक नहीं पहुंचते हैं। इन तालाबों पर होने वाले अवैध खनन, अतिक्रमण जैसी गंभीर समस्याओं से केवल स्थानीय लोगों को उलझना पड़ता है जबकि यह जिम्मेदारी विभाग की है जिसे विभाग भुलकर बैठा है।

## संक्षिप्त

### भामाशाह ने बांटे स्वेटर और टोपीयां

**श्रीमाधोपुर ।** राजकीय संस्कृत उच्च प्राथमिक विद्यालय अजीतगढ़ में त्रिवेणी धाम के पुजारी संत रघुनंदन दास महाराज के मुख्यातिथि में स्वेटर वितरण कार्यक्रम सम्पन हुआ। विद्यालय के प्रधानाध्यापक बनवारी लाल यादव ने बताया कि भामाशाह सुनील फ्लोड के द्वारा टोप व स्वेटर वितरण किया गया। जिसमें कक्षा एक से आठ तक के कुल 60 विद्यार्थी लाभान्वित हुए । यह कार्यक्रम स्वर्गीय अर्चित मालानी की जन्मोत्सव पर प्रतिवर्ष किया जाता है वहीं विद्यालय में छात्र - छात्राओं के लिए शौचालय तथा मूत्रालय के निर्माण की घोषणा रघुनंदन दास महाराज द्वारा की गई। जिसमे छात्र व छात्राओं के लिए अलग - अलग शौचालय निर्माण जल्द करवाने की घोषणा की गई ।

### सांभर में ''पवन वेग'' से चलेगी भाजपा

**सांभरझील, (निसं)।** पानवा स्थित श्री गोपाल गौशाला के सचिव पवन कुमार अब गायों की सेवा के साथ-साथ राजनीति में भी अपना धर्म निभाएंगे। भाजपा प्रदेश लेवल से इन्हें भारतीय जनता पार्टी की लोकल कमान सौंपी गई है। सामाजिक क्षेत्र में अपनी प्रमुख भूमिका निभाने के साथ-साथ प्रखर वक्ता के रूप में अपनी अलग पहचान बनाई है। इनकी निष्ठा और समर्पण की भावना को ध्यान में रखते हुए युवा शक्ति को आगामी नगर पालिका के चुनाव में सक्रिय भूमिका निभाने व संगठन के ढांचे को और मजबूत करने की जिम्मेदारी दी गई है। हालांकि यह बात अलग है कि वर्ष 2018 में इन्होंने भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ विधानसभा चुनाव लड़ा था, उस वक्त बीजेपी के विधायक निर्मल कुमावत विजय हए थे। खुद पवन कुमार बुरी तरह से पराजित हुए थे लेकिन अपेक्षा से अधिक वोट भी मिलने की खुशी थी। सांभर मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति पर निवर्तमान अध्यक्ष जितेंद्र डांगरा, पार्षद अनिल कुमार गट्टानी का कहना है कि हमें खुशी है कि भाजपा को एक नया ऊर्जावान चेहरा मिला है इनकी नियुक्ति से भाजपा अब पवन वेग से दौड़ेगी।

### शोभा यात्रा निकाली

**कोटपूतली।** कस्बे के अम्बे कॉलोनी वार्ड नं. 02 में शनिवार को आचार्य गोकुल चंद शर्मा खरखड़ी वाले के सानिध्य में भगवान राधा गोविंद, हनुमान जी, नंदेश्वर व कीर्ति स्तंभ की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस मौके पर सैकड़ों महिलायें डी.जे. के पीछे अपने सिर पर कलश लेकर रवाना हुई। रविवार को विधि विधान से अभिजीत मुहूर्त में भगवान की मूर्ति स्थापना अम्बे कॉलोनी स्थित मंदिर में की जायेगी। इस दौरान कैलाश चंद जांगिड़, सुंदरलाल सैनी, रामजीलाल सैनी, रामसिंह सैनी, ले. कमांडर (रि.) बाबूलाल, अंकित, सुभाष जांगिड़, महेश शर्मा, सुभाष वैद्यजी, श्रीराम कुमावत समेत अन्य मौजूद रहे। उक्त जानकारी विवेक सैनी ने दी।

### श्रीमाधोपुर में छाया कोहरा

**श्रीमाधोपुर।** श्रीमाधोपुर सहित कई में छाए घने कोहरे और बर्फ़ीली हवा से आमजन पस्त है। सूरज निकलने के बाद भी लोगों को कड़ाके की सर्दी से राहत नहीं मिल पा रही । रात में में छाए बादल व सुबह घने कोहरे से आमजन परेशान रहे। कस्बे के बाहरी इलाकों में भी घने कोहरे का असर रहा। हाईवे पर वाहनों की चाल भी घने कोहरे के चलते धीमी रही। शहर में सुबह तेज गति से बही बर्फ़ीली हवा के कारण खिली धूप भी सर्दी से राहत दिलाने में बेअसर रही। लोगों ने अलाव का सहारा भी लेते नजर आए।

### बाबूलाल मीणा ने ग्रहण किया कार्यभार

**कोटपूतली।** सरूण्ड थाने के नये एसएचओ बाबूलाल मीणा ने शनिवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। आपको बता दें कि इससे पूर्व मीणा जिले के मांढ़ण थाने में एसएचओ थे। कोटपूतली-बहरोड़ जिले के पुलिस कप्तान राजन दुष्यंत ने निवर्तमान एसएचओ मौहम्मद इमरान खान के स्थानान्तरण के बाद मीणा को सरूण्ड थाने का दायित्व सौंपा है।

### निर्माणाधीन भवन का किया भ्रमण

**पीपलू।** राजकीय कन्या महाविद्यालय पीपलू में एनएसएस की इकाई के तत्वावधान में सात दिवसीय शिविर के छठे दिन शिविर का शुभरंभ योगाभ्यास के साथ हुआ। प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों ने निर्माणाधीन महाविद्यालय भवन का भ्रमण किया। नवनिर्मित भवन को देखकर छात्राएं बहुत प्रसन्न हुई।

# 'खेल उत्सव का उद्देश्य युवाओं को खेल से जोड़कर उन्हें आगे बढ़ाना है'

**अलवर।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेंद्र यादव ने आज अलवर सांसद खेल उत्सव के द्वितीय चरण की शुभारम्भ कर राजऋषि कॉलेज अलवर एवं लाडूस यूनिवर्सिटी व तिजारा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं खैरथल में जवाहर नवोदय विद्यालय में आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

केंद्रीय मंत्री यादव ने खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के के खेलो इंडिया अभियान व फिट इंडिया अभियान के तहत अलवर की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिये अलवर सांसद खेल उत्सव आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में क्रिकेट प्रतियोगिता में जिले के युवाओं के साथ-साथ हर आयुवर्ग के



केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेंद्र यादव ने अलवर सांसद खेल उत्सव के द्वितीय चरण का शुभारम्भ किया।

व्यक्तियों ने प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से बढचढकर इसमें भाग लेकर इसे अभूतपूर्व खेल आयोजन बनाया जिसमें उम्मीद से भी बढकर 340 टीमों ने शिरकत की जिसमें 34 टीमें बेटियों की थी। उन्होंने प्रथम चरण के सफल आयोजन पर सभी सहभागियों का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि इन खेलों के दूसरे चरण में खो-खो, रस्साकस्सी, लम्बी कूद, गोला फेंक, दौड, कबड्डी, कुश्ती, बॉलीबॉल, बास्केटबाल आदि

■ इन खेलों में भी 17 हजार से अधिक खिलाडियों ने रजिस्टेऊशन कराया

प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसकी शुरूआत आज हो गई है। इन खेलों में भी 17 हजार से अधिक खिलाडियों ने रजिस्टेऊशन कराया है। उन्होंने कहा कि इन खेलों का उद्देश्य खेल भावना को बढाने के साथ खेल इंस्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना है। साथ ही ग्रामीण खेल स्तर को विकसित करना है।

अलवर सांसद खेल उत्सव के द्वितीय चरण में 19 जनवरी को एथलेटिक्स, कुश्ती, कबड्डी, खो-खो, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल और रस्साकसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। एथलेटिक्स में 100 मीटर, 400 मीटर और 1500 मीटर दौड़, लंबी कूद और गोला फेंक की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। किशनगढ़ बास ब्लॉक की प्रतियोगिताएं जवाहर नवोदय विद्यालय खैरथल में होंगी।

इस दौरान जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, पूर्व मंत्री हेमसिंह भडाणा, जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल, पूर्व विधायक जयराम जाटव, मालाखेडा प्रधान श्रीमती वीरमती देवी, उमरैण प्रधान दौलतराम जाटव, पूर्व महापौर घनश्याम गुर्जर, पं. धर्मवीर शर्मा, संजय नरूका, इन्द्र यादव, गोरधन सिंह सिसोदिया, पवन जैन पटवारी, जितेन्द्र शर्मा सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

### विदाई समारोह का आयोजन

**नारायणपुर ।** नारायणपुर थाने के थानाधिकारी शिंभूदयाल मीणा सहित तीन पुलिसकर्मियों के स्थानांतरण के बाद शनिवार को थाने में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में थाने के पुलिसकर्मियों के साथ क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों ने भाग लिया। अजबपुरा सरपंच प्रियंका नरुका, पूर्व उपसरपंच भवानीशंकर सैनी और पूर्व सरपंच शिंभूदयाल सैनी सहित कस्बे के प्रमुख नागरिकों ने थानाधिकारी शिंभूदयाल मीणा, कांस्टेबल ओमप्रकाश यादव, शीशराम सैनी और ओमप्रकाश गुर्जर का माला, साफा पहनाकर और मिठाई खिलाकर सम्मान किया।

थानाधिकारी शिंभूदयाल मीणा के करीब साढ़े 11 महीने के कार्यकाल को क्षेत्र के लिए एक प्रभावशाली अवधि के रूप में देखा जा रहा है। सीमित स्टाफ के बावजूद उनकी उत्कृष्ट पुलिसिंग, अपराधों पर नियंत्रण और ग्रामीणों के प्रति सौहार्दपूर्ण व्यवहार को सभी ने सराहा।

## तीर्थ क्षेत्र के लिए जयधोष के साथ यात्रियों का जत्था रवाना

**निवाई।** सकल दिगम्बर जैन समाज एवं आचार्य वर्धमान सागर यात्रा संघ के तत्वावधान में वागड़ क्षेत्रों के जैन आचार्यों, मुनियों एवं आर्यिकाओं एवं पर्यटन स्थलों के दर्शनार्थ के लिए निवाई से गाजे बाजे के साथ जत्था रवाना हुआ। मीडिया संयोजक विमल जौंला एवं हितेश छाबड़ा ने बताया कि सभी यात्रियों का दल निवाई से गाजे बाजे के साथ रवाना होकर जहाजपुर में मुनीसुव्रतनाथ अतिशय क्षेत्र एवं गणिनी आर्यिका स्वस्ति भूषण माताजी के दर्शन करते हुए धरियावद में आचार्य पुण्य सागर एवं अपूर्व सागर महाराज संघ धरियावद से पारसोला आचार्य वर्धमान सागर महाराज संघ पहुंचेंगे।

इस दौरान जैन समाज कार्याध्यक्ष नेमीचंद गंगवाल, पालिका उपाध्यक्ष जितेन्द्र चंवरिया, बड़ा जैन मंदिर




वागड़ के तीर्थ क्षेत्र एवं जैन आचार्यों के दर्शनार्थ के लिए यात्रियों के जत्थे को रवाना करते हुए।

अध्यक्ष विनोद जैन, युवा परिषद अध्यक्ष सुशील गिन्दोड़ी, अग्रवाल जैन मंदिर पूर्व अध्यक्ष सुशील जैन आरामशीन, पवन बोहरा, नीरज माधोराजपुरा, हेमंत चंवरिया, हर्षित संघी, गिर्राज मोठूका, सुरेश पाटनी, विमल सोगानी, ललित जैन, सोनू टोंग्या, महेन्द्र संघी, कमल सोगानी, रमेश बोहरा, सुनिल भाणजा, अशोक जैन, महेन्द्र सुनारा, अनिल जैन, मनीष जैन, जयकुमार जैन, महेश पाटनी, सुनील गिन्दोडी,. पिन्कु चैनपुरा व राकेश कासलीवाल सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

### कर्तव्य बोध दिवस मनाया

**कोटपूतली।** स्थानीय राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, राजस्थान (उच्च शिक्षा) की स्थानीय ईकाई द्वारा कर्तव्य बोध दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती, स्वामी विवेकानंद व नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन एवं माल्यापण कर किया गया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचार प्रमुख एवं सेवानिवृत्त आचार्य डॉ. महावीर प्रसाद कुमावत ने कहा कि हमें अपने कर्तव्य का बोध होना चाहिये। कर्तव्य से कर्ता की रक्षा होती है। उन्होंने नागरिक कर्तव्य, विधार्थी कर्तव्य, नैतिक कर्तव्य बताते हुये कहा कि राष्ट्र की उन्नति, प्रगति के लिये आवश्यक है कि हम अपने अधिकारों से पहले कर्तव्य का ध्यान रखें। शिक्षक का कर्तव्य है वह अपने विद्यार्थियों में उच्च नैतिक मूल्यों की प्रतिष्ठापना करें। विद्यार्थियों का कर्तव्य है कि वह अपने शिक्षक द्वारा बताई गई बातों का पालन करें।

## मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर में 687 मरीज लाभान्वित

**पावटा।** प्रदेश के हर व्यक्ति को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदेश में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से गांव-गांव तक स्वास्थ्य सेवाओं की सुगम पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को उपजिला अस्पताल पावटा में गुरुवार को आयुष्मान आरोग्य

■ आयुष पद्धित से हुआ 168 मरीजो की जाँच व इलाज

शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि आशीष धनकड व पावटा उपखंड अधिकारी कपिल उपाध्याय एवं शिविर प्रभारी डॉ. देवेंद्र शर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर में मरीजों का उपचार के लिए पंजीकरण हुआ। इस प्रकार के शिविर क्षेत्रीय जनता के लिए लाभदायक सिद्ध होते हैं। मनुष्य के स्वास्थ्य को धन माना गया है। स्वास्थ्य ठीक रहेगा तो मनुष्य निश्चित रूप से आगे बढ़ेगा। इसी उद्देश्य के तहत लोगों



शिविर का उद्घाटन विधायक धनकड़ व उपाध्याय एवं शिविर प्रभारी डॉ. देवेंद्र शर्मा ने फीता काटकर किया ।

के बेहतर स्वास्थ्य हेतु स्वास्थ्य सुविधाएं उनके निवास के नजदीक ही उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में आयुष्मान आरोग्य स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है।उपजिला अस्पताल पावटा प्रभारी डॉ. देवेंद्र शर्मा ने बताया कि शिविर में 302 पुरुष व 385 महिलाए लाभान्वित हुई। इस दौरान 19 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की गई व गर्भवती महिलाओं व बच्चों का टीकाकरण किया गया। वहीं 94 मरीजों की डायबिटीज के लिए शुगर जांच की गई व उनके उच्च रक्तचाप के लिए ब्लड प्रेशर की जांच की गई। इनमें आयुष पद्धित से 168 मरीजो की जाँच व इलाज किया गया। 95 मरीजों की विभिन्न प्रकार की रक्त की जांच की गई। कुल 687 मरीजों को निशुल्क दवा वितरण की गई। शिविर के दौरान उपजिला अस्पताल पावटा प्रभारी डॉ. देवेंद्र शर्मा, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एस के वर्मा, डॉ मुकेश कुमार जाट, दंत चिकित्सक डॉ. अनीता शर्मा, डॉ.सौरभ शर्मा, आयुष चिकित्सक डॉ. उपेंद्र शर्मा, ऑपथैलमिक अस्सिटेंट मनोज शर्मा, एलएचवी सुरजीत कौर, फार्मासिस्ट कुलदीप मीणा, प्रहलाद आर्य, नर्सिंग ऑफिसर सुभाष छिपी, वरिष्ठ नर्सिंग ऑफिसर बाबूलाल, वरिष्ठ लैब टेक्नीशियन साधुराम, प्रवेंद्र सिंह, महेश सहित चिकित्सा कर्मियों ने अपनी सेवाए प्रदान की।

## चौरासी-जवानपुरा बस स्टैंड को फोर लाइन करने की मांग

**शाहपुरा ।** राष्ट्रीय राजमार्ग 248-ए जयपुर-अलवर के बागावास चौरासी-जवानपुरा बस स्टैंड को फोर लाइन में विकसित नहीं किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र के लोगों में उच्च प्रशासनिक अधिकारियों के प्रति आक्रोश व्याप्त है। भाजपा नेता पवन शर्मा जवानपुरा, साधुराम मीणा, कैप्टन बाबू लाल मीणा, पूर्व सरपंच राम किशन मीणा ने बताया कि यह स्टैंड शाहपुरा विराटनगर के बीच का बड़ा स्टैंड है, लेकिन यहां पर यात्रियों के लिए कोई भी मूलभूत सुविधा नहीं है । यदि इस स्टैंड को फोर लाइन नहीं किया गया तो यहां रोज बहुत दुर्घटनाएं घटेंगी।

ग्रामीणों ने बताया कि इस स्टैंड को फोर लाइन करने के लिए कई बार राष्ट्रीय राजमार्ग के उच्च अधिकारियों को भी अवगत कराया गया,लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि शीघ्र ही इस रोड को फोर लाइन नहीं किया, तो प्रशासन व जनप्रतिनिधियों के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर यात्रियों के लिए न तो सुलभ सुविधा केंद्र है, न हीं बरसात के पानी के लिए नाली व्यवस्था है और यात्रियों के लिए यहां पर बरसात व गर्मी में बैठने के लिए टीनसैड भी नहीं है। जयपुर ग्रामीण लोकसभा के सांसद राव राजेंद्र सिंह व

■ ग्रामीणों में प्रशासन के खिलाफ आक्रोश

विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ को भी अवगत करा चुके है।

इस दौरान अशोक प्रजापत, प्रहलाद मीणा मुनीम, सुरेश मीणा, राकेश मीणा, देशराज मीणा ठेकेदार, बलराम गुर्जर, मुकेश, जमन सहित कई लोग उपस्थित थे। राष्ट्रीय राजमार्ग 248-ए के प्रोजेक्ट डायरेक्टर शिवकुमार ने बताया कि फिलहाल जवानपुरा- बागावास चौरासी बस स्टैंड पर फोर लाइन प्रस्तावित नहीं है। ग्रामीणों ने यह भी एतराज जताया है कि इस मार्ग पर छोटे स्टैंड है, वहां पर फोर लाइन, लाइट व्यवस्था व नाली निर्माण कार्य किया गया है, लेकिन यह बड़ा स्टैंड होने के बावजूद भी राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के उच्च अधिकारियों की लापरवाही माने या प्रभावशाली लोगों के दबाव के चलते या फिर मिलीभगत के कारण इस दो गांवों के स्टैंड को फोर लाइन में विकसित नहीं किया जा रहा है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के उच्च अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को चेतावनी दी है कि इस स्टैंड पर यदि कोई भी दुर्घटना घटेगी तो प्राधिकरण के अधिकारियों की लापरवाही मानी जाएगी।

## 'स्वामित्व योजना के माध्यम से आम व्यक्ति की जमीन का एक अस्तित्व तैयार हुआ'

**दौसा।** स्वामित्व योजनान्तर्गत लाभार्थियों को पट्टे मय प्रॉपर्टी पार्सल (संपत्ति कार्ड) वितरण के लिए जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जिला परिषद के सभा भवन में शनिवार को हुआ। जिला स्तरीय कार्यक्रम में राष्ट्रीय कार्यक्रम का वीसी के माध्यम से लाइव प्रसारण हुआ, जिसमें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से संपत्ति कार्ड का ई-वितरण किया एवं लाभार्थियों से संवाद करते हुए स्वामित्व योजना के तहत संपत्ति कार्ड मिलने से उनके जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तनों के बारे में जानकारी ली।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में लाभार्थियों को संबोधित करते हुए उद्योग एवं वाणिज्य तथा जिला प्रभारी मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि देश की 75 फीसदी आबादी गांवों में बसती है। इसलिए गांव मजबूत होगा तो राष्ट्र मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में



लाभार्थी को पट्टा वितरण करते जिला प्रभारी मंत्री राज्यवर्धन राठौड़, विधायक दीनदयाल बैरवा।

केंद्र सरकार स्वामित्व योजना के तहत नवीन तकनीक का इस्तेमाल करते हुए ड्रोन के माध्यम से जमीन का सीमांकन कर आमजन को स्वामित्व कार्ड के रूप में भूमि का कानूनी अधिकार प्रदान करा रही है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को धन्यवाद देते हुए कहा कि आज के कार्यक्रम के माध्यम से राजस्थान में करीब एक हजार ग्राम पंचायतों में लगभग 5 लाख पट्टे वितरित किए जा रहे हैं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि स्वामित्व योजना के माध्यम से आम व्यक्ति की जमीन का एक अस्तित्व तैयार हुआ है, जिससे आमजन बैंक के माध्यम से सुगम लोन प्राप्त कर बच्चों की पढ़ाई, स्वरोजगार एवं खेती-किसानी का विकास कर सकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत योजना व मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं शौचालय निर्माण के माध्यम से ग्रामीण भारत को मजबूत एवं सशक्त किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार एक लाख करोड़ रुपए खर्च कर पीने, सिंचाई व उद्योग के लिए पानी की समस्या को निकट भविष्य में दूर करेगी। कार्यक्रम के समापन पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेंद्र कुमार मीणा ने मुख्य अतिथि एवं आगंतुक लाभार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने बताया कि स्वामित्व योजना अंतर्गत जिले में 75 हजार पट्टे वितरित किया जाना प्रस्तावित है। जिसमें से लगभग 38 हजार पट्टे वितरित किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि आज के कार्यक्रम में राज्य स्तर पर 3 लाभार्थी व जिला स्तरीय कार्यक्रम में 315 लाभार्थियों तथा संपूर्ण जिले में लगभग 25 सौ लाभार्थियों को पट्टा वितरण किया गया है। कार्यक्रम में मंच संचालन कमला शर्मा ने किया।

### गायत्री ज्योति यात्रा आज करेगी चाकसू में प्रवेश

**चाकसू।** रविवार को चाकसू विधानसभा क्षेत्र में पहुंचने वाली गायत्री ज्योति यात्रा के स्वागत एवं ठहराव कार्यक्रम को लेकर गायत्री परिवार के सदस्यों ने कोटखावदा एवं चाकसू तहसील के गांवों में जनसंपर्क किया। गायत्री परिवार के सदस्य संतोष खंडेलवाल बजरंगलाल चौधरी रामबाबू खंडेलवाल, लालचंद सैन मोहन लाल पटेल कालूराम गुर्जर गोपाल गोस्वामी ने बताया किअखिल विश्व गायत्री परिवार शान्तिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में भारतवर्ष में शांति एवं सद्बुद्धि की कामना के लिए ज्योति कलश यात्रा निकल जा रही है।

सदस्यों ने बताया कि आज से 100 साल पूर्व में महान तपस्वी गायत्री साधक पंडित राम शर्मा द्वारा अखंड ज्योति की स्थापना की गई थी। शताब्दी पूर्ति के पावन अवसर पर हमारे जयपुर को विविध तहसीलों तथा उनके गाँवों में लोगों में सद्बुद्धि राष्ट्रभक्ति एवं भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परंपराओं के पुनस्थापन हेतु ज्योति कलश रथ यात्रा निकल जा रही है।

## सार-समाचार

### सड़कों का शिलान्यास किया

**पावटा।** पंचायत समिति पावटा क्षेत्र की ग्राम पंचायत टोरडा गुजरान में स्वास्थ्य सुविधा के लिए उप स्वास्थ्य केंद्र व आवागम की सुविधाओं को आसान करने के लिए सड़कों का शिलान्यास जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र विधायक हंसराज पटेल के विशिष्ट आतिथ्य व सरपंच प्रेमनाथ महाराज की अध्यक्षता में किया गया। सांसद राव राजेंद्र सिंह व विधायक हंसराज पटेल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य चिकित्सा बेहतर बनाने के लिए 50 लाख की लागत से उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण किया जा रहा है। जिससे कि लोगों को छोटे-छोटे बीमारियों के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। वहीं आठ करोड़ 85 लाख की लागत से दो डामरीकरण सड़कों का का शिलान्यास किया। जानकारी के अनुसार 85 लाख की लागत से भरतदास जी की बगीची से स्वामियों की ढाणी तक 8 करोड़ की लागत से बनने वाली डामरीकरण सड़क, टोरडा मोड से दूदावास होते हुए सीकर सीमा तक सड़क निर्माण का शिलान्यास किया गया। सांसद राव राजेंद्र सिंह व विधायक हंसराज पटेल ने कहा कि इस क्षेत्र के लोगों के लिए यह महत्वपूर्ण सड़क है। इससे बहुत बड़ी आबादी को इस का लाभ मिलेगा। उन्होंने संवेदक से कहा की हर हाल में सड़क का निर्माण कार्य समय पर पूरा करने व गुणवत्तापूर्ण कार्य करने की बात कही। इस दौरान जनप्रतिनिधि व ग्राम पंचायत टोरडा गुजरान के ग्रामीण मौजूद रहे।

### शिविर प्रारम्भ हुआ

**टोंक।** सैंट सोल्जर महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर एवं सांस्कृतिक, साहित्यक व खेलकूद सप्ताह ''नवोन्मेष 2025'' पूरे उत्साह से प्रारम्भ हुआ। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. प्रिया सक्सेना नें बताया कि इस सात दिवसीय शिविर में स्वच्छता, नशा मुक्ति, पर्यावरण संचेतना, सड़क सुरक्षा व यातायात, युवाओं की सामाजिक जवाबदेही पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। अतः इस शिविर में आयोजित होने वाले समस्त कार्यक्रमों की रूपरेखा इन्हीं विषयों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय निदेशक बाबूलाल शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने इस अवसर पर छात्राओं को इस शिविर में पूरे उत्साह से भाग लेने तथा राष्ट्र सेवा हेतु समर्पण का भाव रखने का संदेश दिया। उन्होनें कहा कि प्रत्येक नागरिक का सबसे बड़ा धर्मराष्ट्र सेवा ही होना चाहिए। आप भाग्यशाली है कि इस योजना के माध्यम से आपको भी राष्ट्र धर्म निभाने का अवसर प्राप्त हुआ है। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी अवधेश पारीक ने बताया कि एन.एस.एस. के अन्तर्गत क्रिकेट एवं रस्सा-कशी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। रस्सा-कशी मे ंबी.ए.तृतीय एवं दुवितीय वर्ष की छात्राऐं विजेता एव ंबी.एससी.तृतीय वर्ष की छात्राएं उपविजेता रहीं। क्रिकेट में बी.एससी. तृतीय वर्ष की छात्राऐं विजेता तथा बी.ए.एवं बी.एससी. प्रथम वर्ष की छात्राएं उपविजेता रहीं।

### सात दिवसीय विशेष शिविर हुआ

**गोविंदगढ़ /अलवर।** राजकीय महाविद्यालय गोविंदगढ़ में दिनांक 18 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई प्रथम और द्वितीय के संयुक्त तत्वधान में सात दिवसीय विशेष शिविर का दूसरा दिन रहा। विशेष शिविर में डॉ. दीपक चांदवानी मुख्य अतिथि रहे। कैंप का शुभारंभ सरस्वती प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात का थीम सॉन्ग गाया गया। श्री हिमांशु अवस्थी ने मुख्य अतिथि का ओपचारिक परिचय दिया। प्रोग्राम ऑफिसर प्रदीप कुमार महोलिया, सहायक आचार्य और मोनिका, सहायक आचार्य ने माला पहनाकर किया।डॉ दीपक चंदवानी ने विद्यार्थियों को अच्छे नागरिक होने के प्रतिमान बताए और विद्यार्थियों से रूबरू हुए। स्वयं सेवकों की टीम ने नाश्ता तैयार किया। नाश्ते के बाद बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया जिसमें एक खेल की गतिविधि के माध्यम से जेंडर सेंसिटिविटी विषय पर बात की गई। तत्पश्चात विभिन्न प्रकार के मनोरंजनीय खेलों का आयोजन मुख्य अतिथि डॉ दीपक चंदवानी द्वारा किया गया। विद्यार्थियों ने गेम्स में उत्साह से भाग लिया। सीनियर स्वयं सेवकों माही, छवि, वर्षा, और मनमीत द्वारा मुख्य अतिथि को एक हैंडमेड बुके भेंट किया गया । डॉ. दीपक चंदवानी ने विद्यार्थियों को अपनी आवाज़ में गाने सुनाए। स्वयं सेवक रेखा सैनी ने भी अपना गाना सुनाया। तत्पश्चात भोजन किया गया और स्वयं सेवकों के सिग्नेचर के साथ कैंप का समापन किया गया। कैंप में कॉलेज के कार्मिक बलविंद्र मीणा, कोमल मीणा, राजेश शर्मा, शूरवीर मीणा, योगेंद्र मेथी आदि उपस्थित रहे।

### हथियार लहराने से सनसनी फैली

**प्रागपुरा।** थाना क्षेत्र के पावटा कस्बे में बाजार सहित कई जगह बाइक सवार नकाबपोश युवकों द्वारा दिनदहाड़े हथियार लहराने से सनसनी फैल गई है। इससे वहां के लोग दहशत में आ गए हैं। ग्रामीणों व दुकानदारो ने बताया कि शुक्रवार को करीब चार बजे पावटा कस्बे के बाजार में बाइक सवार युवक दिनदहाड़े हथियार लेकर रंगबाजी करते नजर आए व लोगों को पूछने पर उन्हें डराने की कोशिश भी की। हथियार दिखाकर रंगबाजी करने का वीडियो पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। जो अब सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रहा है। जोकि अब जिले भर में चर्चा का विषय बना हुआ है। इन सब के बीच प्रागपुरा थाना द्वारा पुलिसिया कार्रवाई पर भी कई सवाल खड़े हो रहे हैं।लोगों का यह भी कहना है कि दिनदहाड़े मुख्य बाजार में इस तरह की घटना में बाइक सवार युवकों द्वारा इतना साहस दिखाना पुलिस के लिए चुनौती साबित कर रहा है। वहीं इस घटना से ग्रामीण व दुकानदार भी काफी भयभीत है। क्योंकि पिछले साल भी इसी तरह बंदूक की नोक पर व्यापारियों के साथ लूटपाट की घटनाएं घटित हो चुकी है। वही आए दिन क्षेत्र में स्कूलों के बाहर व बाजारों में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगता है, लेकिन पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती है। इस बारे में कोटपूतली बहरोड जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत का कहना है कि घटनास्थल पर जाकर आस पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पूरे मामले की जांच की जाएगी और आरोपी युवकों की पहचान कर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

### सम्मान समारोह आज

**टोंक ।**टोंक सदर माली समाज द्वारा आयोजित जिला प्रतिभा सम्मान समारोह के बारे में विचार करते पदाधिकारी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री डॉ अविनाश गहलोत अतिविशिष्ट अतिथि राजेंद्र गहलोत राज्य सभा सांसद पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रभु लाल सैनी कार्यक्रम की अध्यक्षता कमलेश सिंगोदिया करेंगे एवं समाज के कई नेता अधिकारी कार्यक्रम में अतिथि रुप में भाग लेंगे। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शुरू होगा इस उपलक्ष्य में सदर अध्यक्ष अचलेश सैनी पूर्व सदर अध्यक्ष शंकर धुवारिया कार्यकारी जिलाध्यक्ष राहुल सैनी पार्षद यूवा मोर्चों जिला अध्यक्ष, माली महासभा जिला अध्यक्ष रामावतार टांक सदर उपाध्यक्ष छोटु गोला छात्रावास अध्यक्ष लक्ष्मी सैनी राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड जिला अध्यक्ष अजय सैनी टीपू सैनी उर्फ दीपक सैनी कमलेश सैनी उर्फ ठाकर सोलंकी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### युनानी चिकित्सा के फायदे बताए

**सांभरझील, (निसं)।** राजकीय युनानी औषधालय (आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर) में आज युनानी चिकित्सा पद्धित के जरिए जटिल बीमारियों के निदान के बारे में बताया गया। चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर फारुख खान ने बताया कि यूनानी चिकित्सा पद्धित सबसे पुरानी चिकित्सा पद्धितयों में से एक है, उन्होंने बताया कि हिजामा पद्धित (कपिंग थेरेपी) से मांसपेशियों की रिकवरी तेजी के साथ होती है। यह थेरेपी मांसपेशियों के दर्द को कम करने, रक्त परिसंचरण में सुधार करने और लचीलेपन को बढ़ाने में मदद करती है। हिजामा गठिया, पीठ के निचले हिस्से में दर्द और अन्य समस्याओं में मदद करता है। इस पद्धित से सिरदर्द, माइग्रेन, दांत दर्द, मांसपेशियों में दर्द, साइटिका और अन्य प्रकार के दर्द का भी इलाज संभव है। इससे पहले पूर्व पार्षद सिराजुद्दीन मंसूरी की तरफ से डॉक्टर फारूक खान को साफा पहनाकर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष बालूराम नोगिया, भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुस्तकीम खान, पार्षद अभिलाष तंबोलिया, महेश साहू, पार्षद मुकेश मौर्य, समाजसेवी तरुण कुमार उपाध्याय ने खान को पुष्पहार पहनाकर उनका स्वागत किया।

### विधायक आचार्य का स्वागत किया

**कोटपूतली।** राजधानी जयपुर के हवामहल विधानसभा से भाजपा विधायक बालमुकुन्द आचार्य का शनिवार को दिल्ली जाते वक्त कोटपूतली में माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान विधायक बालमुकुन्द आचार्य ने कार्यकर्ताओं से उनकी समस्याओं को जाना तथा संगठन को मजबुत करने की बात कही। मौके पर अमरसिंह कसाना, हनुमान यादव, आदित्य सिहं तंवर, विजय चौहान, राजाराम पटेल, संदीप, रामावतार स्वामी, अमित, प्रमोद रावत समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ग्राम स्वराज को जमीनी स्तर पर लागू कर रही सरकार : नरेन्द्र मोदी

## आत्मनिर्भर गांवों से बनेगा आत्मनिर्भर भारत : भजनलाल शर्मा



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नई दिल्ली से वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिये स्वामित्व कार्ड व पट्टा वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल ने संबोधित किया।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित किए
- प्रदेश में लगभग 1 लाख 50 हजार लाभार्थियों को मिले स्वामित्व कार्ड एवं पट्टे

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नई दिल्ली से वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख संपत्ति कार्ड वितरित किए एवं लाभार्थियों से संवाद किया। प्रदेश में लगभग 1 लाख 50 हजार लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड एवं पट्टें वितरित किए गए तथा श्रीगंगानगर जिले की लाभार्थी रचना से प्रधानमंत्री ने संवाद भी किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इस कार्यक्रम में राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान दुर्गापुरा से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े।

प्रधानमंत्री ने देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में हने वाले लोगों को उनकी आवासीय संपत्तियों के कानूनी दस्तावेज उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से स्वामित्व योजना की शुरुआत की गई थी तथा इस योजना के तहत अब तक गांवों में लगभग 2.25 करोड़ लोगों के संपत्ति कार्ड बनाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि लाखों लोगों ने कानूनी दस्तावेज प्राप्त करने के बाद अपनी संपत्ति के आधार पर बैंकों से ऋण लिया है तथा अपने गांवों में छोटे व्यवसाय शुरू किए हैं जिससे छोटे और मध्यम किसान परिवारों के लिए संपत्ति कार्ड आर्थिक सुरक्षा की गारंटी बन गए हैं। साथ ही, कानूनी प्रमाण पत्र मिलने से कई परिवार अवैध कब्जों और लंबे समय तक चलने वाले अदालती विवादों के संकट से मुक्त हो रहे हैं। मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ग्राम स्वराज को जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए गंभीरता से काम कर रही है और स्वामित्व योजना ने ग्राम विकास के नियोजन और क्रियान्वयन में उल्लेखनीय सुधार किया है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाओं में गांव और गरीब को केन्द्र में रखकर आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के संकल्प को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना गांवों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक अहम कदम है, क्योंकि गांवों के मजबूत व आत्मनिर्भर होने से ही देश आत्मनिर्भर एवं विकसित होगा।

शर्मा ने कहा कि स्वामित्व योजना के माध्यम से ग्रामीण आबादी क्षेत्रों में संपत्ति के मालिकों को 'अधिकारों का रिकॉर्ड' प्रदान किया जा रहा है, जिससे ग्राम सुशासन और सशक्तीकरण को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीणों को उनके अधिकार प्रदान करने की दिशा में यह दूरदर्शी कदम है, जिससे गांवों का समग्र विकास एवं ग्रामीण परिवारों का सशक्तीकरण सुनिश्चित हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामित्व योजना पूरी तरह से वैज्ञानिक और पारदर्शी प्रक्रिया है, जो ग्रामीणों के लिए उनके संपत्ति के अधिकारों को सुनिश्चित करती है। इस योजना में ड्रोन तकनीक से गांव के आबादी क्षेत्र का सर्वेक्षण किया जाता है और डिजिटल मैप के आधार पर भू-स्वामित्व धारकों को स्वामित्व कार्ड और पट्टा दिया जाता है। इन संपत्ति कार्डों ने ग्रामीण परिवारों को उनकी संपत्ति का कानूनी अधिकार प्रदान कर उनके लिए ऋण लेना आसान बना दिया है, जिससे ग्रामीण नागरिक सशक्त हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्वामित्व योजना के तहत 35 हजार 955 ग्रामों का ड्रोन सर्वेक्षण पूरा किया जा चुका है तथा आज 1 लाख 50 हजार से अधिक कार्ड का वितरण किया जा रहा है।

संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रदेश में घुमंतू परिवारों को आवासीय पट्टे प्रदान किए जा रहे हैं, ताकि इन परिवारों को अपना घर मिल सके।

कार्यक्रम में सांसद राव राजेंद्र सिंह, विधायक कुलदीप धनखड़, जयपुर जिला प्रमुख रमा देवी चोपड़ा एवं शासन सचिव पंचायती राज डॉ. जोगाराम मौजूद रहे। वहीं प्रदेशभर के विभिन्न जिलों में आयोजित कार्यक्रम से मंत्रीगण, सांसद एवं विधायक वीसी के माध्यम से जुड़े। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रतीकात्मक रूप से पांच लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड एवं पट्टा वितरण भी किया।


राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शनिवार को तिरुमला तिरुपति देवस्थानम पहुंचकर भगवान श्री वेंकटेश्वर स्वामी के दर्शन किए। इस अवसर पर राज्यपाल ने भगवान श्री वेंकटेश्वर स्वामी की विधिवत पूजा-अर्चना की और राजस्थान सहित समस्त देशवासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। राज्यपाल के मंदिर पहुंचने पर मंदिर प्रबंधन की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# 'वसुधैव कुटुंबकम' विश्व की समस्त समस्याओं का समाधान : खत्री

- भारत दुनिया में आदि काल से विश्वगुरू था, है और भविष्य में भी विश्वगुरू रहेगा : देवनानी

**जयपुर।** पूरी दुनिया विभिन्न समस्याओं से त्रस्त है। भारत का विचार 'वसुधैव कुटुंबकम' विश्व की इन समस्त समस्याओं का समाधान है। यह बात प्रखर वक्ता एवं आरएचआरडी संरक्षण जसवंत खत्री ने कही। जसवंत खत्री शनिवार को प्रदीप गोपाल स्मृति न्यास सांगानेर, ए.यू बैंक एवं पूर्णिमा ग्रुरप के संयुक्त तत्वावधान में सीतापुरा स्थित पूर्णिमा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नॉलॉजी मे चल रहे दो दिवसीय 'द ढूंढाड टॉक्स-2025' कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित करते हुए बोल रहे थे।

मुख्य वक्ता खत्री ने कहा कि दुनिया के दो सौ देशों में घूमकर आने वाले को 'उसे बचाओ-बचाओ' जैसे आवाजें निश्चित सुनाई देगी। इन समस्त समस्याओं का समाधान दुनिया के अन्य देशों के पास नहीं है। यह केवल भारत के पास है। भारत का 'वसुधैव कुटुंबकम' का ही विचार दुनिया को बचा सकता है।

उन्होंने कहा कि दुनिया की विदेशी ताकतों द्वारा योजना से भारत में ऐसी समस्याएं खड़ी करने का प्रयास लम्बे समय से चल रहा है। इन सबसे बचना है तो भारत को भी अपने मूल स्वाभाव को समझने की आवश्यकता है। 'कण-कण में भगवान' यह केवल स्लोगन नहीं है यह परिपूर्ण विचार है जो दुनिया का कल्याण और शांति स्थापित कर सकता है। इसी विचार के कारण दुनिया में देषों के मध्य दुश्मनी की दीवारें ढह रही हैं। भारत के स्व के विचार को जीवन में उतारना होगा। इसके लिए प्रबल इच्छा शक्ति, तीव्र देशभक्ति व सामाजिक समझदारी चाहिए। अगर ऐसा कर पाए तो दुनिया को हम समाधान दे सकेंगे।

मुख्य अतिथि विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि भारत केवल मिट्टी का टुकड़ा नहीं है यह जीता जागता राष्ट्र है। इसने दुनिया को हर क्षेत्र में 'आइना' दिखाया है। भारत दुनिया में आदि काल से विश्वगुरू था, है और भविष्य में भी विश्वगुरू रहेगा।

# घास से ओढ़ी सफेद चादर


मौसम बदला तो कोहरे के कारण शीतलहर चली जिससे तापमान में कमी होने से रात को गिरी ओस की बूंदे जम गई। ओस की बूंदे जमने से सेंट्रल पार्क की हरि घास भी सफेद सफेद लगने लगी।

# सबका साथ, सबका विकास ही राष्ट्र का सर्वोच्च लक्ष्य : बागड़े

- राज्यपाल ने अखिल भारतीय भोई समाज के प्रथम राष्ट्रीय महाधिवेशन का शुभारंभ किया

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शनिवार को तिरुपति में अखिल भारतीय भोई समाज के प्रथम राष्ट्रीय महाधिवेशन का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भोई समाज नहीं भारतीय संस्कृति से जुड़ा वह समुदाय है जिसने राष्ट्र निर्माण में निंरतर महती भूमिका निभाई है। उन्होंने समुद्र, खाड़ियों, नदियों, घाटियों, झीलों, झरनों आदि में मछली पकड़ उन्हें बाज़ार में बेचकर अपनी जीविका चलाने वाले इस समाज के इतिहास की चर्चा करते हुए कहा कि रामायण और महाभारत काल से इस समुदाय ने अपने लिए नहीं सदा दूसरों के लिए कार्य किया है।

राज्यपाल ने भोई समाज को सहज, सरल और मन से भोला बताते हुए कहा कि जो जल-जंगल और जमीन की रक्षा करते हैं, वह भोई है। उन्होंने भोई समुदाय को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए शिक्षा के अधिकाधिक प्रयास किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के लिए समाज में जागरूकता होगी तभी केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भोई समाज ले सकेगा।

उन्होंने कहा कि कोई जाति बड़ी नहीं है और न ही कोई छोटी है। हमारे यहां वर्ण और जाति व्यवस्था इसलिए बनी कि जिसे जो काम रुचि का लगा, उसने वह करना प्रारंभ किया और उसी से उसकी बाद में पहचान बन गई। पर यह स्थाई व्यवस्था नहीं है। हमारी संस्कृति तो आरंभ से ही मनुर्भव की रही है। पहले मनुष्य बनें, उसके बाद कुछ और बनें। जिसमें मानवता का भाव है, वही सबसे बड़ा है। भारत सबके लिए समान भाव रखने की समता में विश्वास रखने वाला देश है।

# हिंडौन में 500 एम.वी.ए. का ट्रांसफॉर्मर स्थापित

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के वर्ष 2027 तक प्रदेश को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने एवं किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराने के लक्ष्य के क्रम में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विद्युत प्रसारण निगम ने हिंडौन के गुढ़ापोल गांव स्थित 400 केवी ग्रिड सबस्टेशन में 500 एमवीए का विद्युत ट्रांसफार्मर स्थापित किया है। इस ट्रांसफार्मर के स्थापित होने से 400 ग्रिड सबस्टेशन हिंडौन की क्षमता 630 से बढ़कर 1130 हो गई है, इस ट्रांसफार्मर को स्थापित करने में एक महीने से अधिक का समय लगा है। इससे पूर्व 132 डबल सर्किट छोकरवाडा भुसावर लाइन का भी निर्माण पूर्ण कर चालू कर दिया गया है।

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्य रजिया बेगम, रहीसा पुत्रिया मुंशी लूहार निवासी गरीब नवाज कॉलोनी, अन्दर कोट अजमेर की है जिनके स्वामित्व एंव मालिकाना हक का प्लाट नम्बर 122 जगन्नाथपुरी ए झोटवाड़ा जयपुर मे स्थित है इस बाबत् न्यायालय महानगर मजिस्ट्रेट पश्चिम जयपुर द्वितीय में प्रकरण संख्या 261/2024 उनवानी रजिया बेगम व अन्य बनाम मुन्शी खा व अन्य मे माननीय न्यायालय द्वारा दिनांक 25.10.2024 को यथास्थिति (स्टे) आदेश पारित कर रखा है उक्त सम्पत्ति को कुछ भू-माफिया लोग फर्जी दस्तावेजात के आधार पर बैचान करने पर आमादा है इस लिए कोई भी व्यक्ति उक्त सम्पत्ति को क्रय-विक्रय नही करे अन्यथा उसके द्वारा किया गया संव्यवहार शुन्य एंव अमान्य माना जायेगा। समस्त जिम्मेदारी उसकी स्वंय की होगी। जयपुर।
दिनांक-17.01.2025 (ताज मोहम्मद खान) एडवोकेट मो.-9828554625

**नाम परिवर्तन**

मैं रूपाली गोदारा पुत्री गजराज सिंह निवासी प्लॉट नं.65, गोदारा निवास, शिवाजी गोदारा कॉलोनी, खातीपुरा रोड, झोटवाडा, जयपुर, अपना नाम रूपाली से बदलकर रूपाली गोदारा रख लिया है। भविष्य में रूपाली गोदारा के नाम से जाना जावे।

मैं आर्मी नम्बर 16012540 N हवलदार शमशेर सिंह पुत्र श्री दीवान सिंह निवासी-ग्राम पोस्ट सेल, तहसील पिथौरागढ, उत्तराखण्ड, आर्मी सर्विस रिकोर्ड में मेरी माताजी का नाम Shakuntla Devi गलत दर्ज है सही नाम Shakuntala Devi है Vide Affidavit Jaipur. Dated 18.01.2025

मैने मेरा नाम सुशील कुमार शर्मा से बदलकर सुशील शर्मा रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे। सुशील शर्मा पुत्र श्री नरेश कुमार शर्मा 170/167, प्रताप नगर, सांगानेर

I, Sandeep Kumar S/o Phoola Ram R/o Village-Meda Ram Ki Dhani, Jakhod, Jhunjhunun, Rajasthan - 333033, have changed my minor daughter's name from Seemran Alias Simran aged 09 years to Simran Kataria forever

**खोया पाया**

मेरा HDFC Bank Ltd. का ID Card जिसका नम्बर 240326205400330 (रामवतार सैन) जो कि दिनांक 11.01.2025 को Gandhi Nagar JPR पर खो गया है। अगर किसी को मिले तो सम्पर्क करें-9664148769

3044 मोहल्ला कल्यानकान पांचवा चौराहा एम एस बी का रास्ता का असल बख्शीश नामा कहीं गिर गया है मिलने पर सूचित करें। इकराम अहमद 9828756999

मैं समय सिंह पुत्र श्री राम लाल प्लॉट न 18,18 A गोविन्द सरोवर कॉलोनी खेड़ी गोकुलपुरा सांगानेर जयपुर के पट्टे की मूल प्रति आवंटन पत्र,साइट प्लान व रसीद खो/गुम हो गई है। मिलने पर सूचित करे ! मो.8890141330

मैं दौलत पुत्र श्री प्रेम सिंह प्लॉट न 17 गोविन्द सरोवर कॉलोनी खेड़ी गोकुलपुरा सांगानेर जयपुर के पट्टे की मूल प्रति आवंटन पत्र,साइट प्लान व रसीद खो/गुम हो गई है। मिलने पर सूचित करे। मो.8890141330

मैं सुमित्रा देवी धर्मपत्नी श्री सुरेंद्र सिंह प्लॉट न 16 गोविन्द सरोवर कॉलोनी खेड़ी गोकुलपुरा सांगानेर जयपुर के पट्टे की मूल प्रति आवंटन पत्र,साइट प्लान व रसीद खो/गुम हो गई है। मिलने पर सूचित करे। मो.8890141330

मेरा मकान नंबर 81/231 का मूल भौतिक कब्जा पत्र हल्दी घाटी मार्ग पर कहीं गुम हो गया है मिलने और सूचित करे। पदमा नगरकर 8233006596

# पिस्टल चुराने वाले को कैद

**जयपुर।** शहर की सत्र अदालत ने बीजेपी की जन आक्रोश रैली के दौरान भाजपा के तत्कालीन प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के सुरक्षाकर्मी की पिस्टल व कारतूस चुराने वाले अभियुक्त पुरुषोत्तम बाबरी को एक साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर बीस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में अन्य आरोपी रामा बावरी के खिलाफ जांच लंबित होने के चलते केस की पत्रावली का कोई भी हिस्सा कोर्ट की मंजूरी के बिना नष्ट नहीं करने को कहा है। पीठासीन अधिकारी नंदिनी व्यास ने कहा कि हालांकि अभियुक्त का यह पहला अपराध है, लेकिन उसने रैली में भीड का फायदा उठाते हुए पुलिस सुरक्षाकर्मी की पोर्च में लगी हुई पिस्टल और कारतूस को निकालकर चोरी की है। उसका अपराध कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाला अपराध है। ऐसे में अभियुक्त को परिवीक्षा का लाभ नहीं दिया जा सकता।

# भजनलाल सरकार ने एक भी स्कूल को बंद नहीं किया, कांग्रेसी फैला रहे हैं झूठ : तिवाड़ी

- स्कूलों को बंद करने के लगाए गए आरोपों को निराधार : प्रेम चंद बैरवा
- कांग्रेस कर रही भ्रामक प्रचार : मदन दिलावर

**जयपुर।** भाजपा सांसद और पूर्व शिक्षा मंत्री घनश्याम तिवाड़ी ने कांग्रेसी नेताओं द्वारा सरकारी स्कूलों को लेकर फैलाए जा रहे झूठ पर पलटवार करते हुए कहा कि शिक्षा में राजनीति की जरूरत नहीं है, बल्कि राजनीति में शिक्षा की जरूरत है। कांग्रेसियों को पढ़ने और सीखने की जरूरत है। कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व के साथ प्रदेश के नेता भी मूर्खतापूर्ण और अज्ञानतापूर्ण बयानबाजी कर रहे है। अब कांग्रेसी नेता कह रहे हैं कि भाजपा सरकार ने स्कूलों को बंद कर दिया, जबकि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार ने एक भी स्कूलों को बंद नहीं किया है। भाजपा सरकार ने शून्य नामांकन वाले स्कूलों को नजदीक की स्कूल में मर्ज करने का ऐतिहासिक कार्य किया है। सरकार के इस फैसले से शून्य नामांकन वाली स्कूलों को मर्ज करने के बाद शिक्षकों को जरूरत के अनुसार दूसरी स्कूलों में लगाया जा सकेगा इससे शिक्षण व्यवस्था में भी सुधार आएगा।


राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी शनिवार को प्रेस से रूबरू हुए।

तिवाड़ी ने कहा कि कांग्रेस ने सिर्फ प्रचार की दृष्टि से महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों को खोलकर खानापूर्ति कर दी, जबकि अंग्रेजी पढ़ाने वाले एक भी शिक्षक की भर्ती नहीं की, बल्कि राजकीय विद्यालयों के नाम बदल दिया। ऐसे विद्यालयों की समीक्षा करना जरूरी था। कांग्रेसी नेता द्वारा आरएसएस के आदर्श स्कूलों को बढ़ावा देने वाला बयान उपहास वाला व्यक्तव्य है क्योंकि ये मर्ज होने वाले विद्यालय गांवों-कस्बों में है, वहां पर आरएसएस या विद्या भारती का कोई आदर्श विद्यालय संचालित नहीं है। इसलिए इस तरह का बयान मूर्खतापूर्ण है।

उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कांग्रेस द्वारा राज्य सरकार पर स्कूलों को बंद करने के लगाए गए आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने स्कूलें बंद नहीं की हैं, बल्कि उन्हें मर्ज किया है। डॉ. बैरवा ने कहा कि शून्य नामांकन वाली, एक ही परिसर में चलने वाली या आस-पास चलने वाली स्कूलों को सुव्यस्थित अध्ययन तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की दृष्टि से मर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि मर्ज की गई स्कूलों में पर्याप्त संख्या में नामांकन हो जाने पर उन्हें पुनः शुरू कर दिया जाएगा।

वहीं दूसरी ओर शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कांग्रेस द्वारा स्कूल बंद करने को लेकर किये जा रहे भ्रामक प्रचार की निंदा करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने एक भी स्कूल बंद नहीं किया है बल्कि स्कूलों को समन्वित किया है। ताकि स्कूलों को और सुदृढ़ किया जा सके। जो विद्यालय एक ही परिसर में दो-दो चल रहे थे या आसपास के क्षेत्र में ही दो विद्यालय संचालित थे। ऐसे विद्यालयों को समायोजित कर एक किया है ताकि विद्यालय के संसाधनों और शिक्षकों का सही तरीके से सदुपयोग हो सके और विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा सुविधा उपलब्ध हो सके। साथ ही कुछ विद्यालय ऐसे भी थे जिनमें नामांकन शून्य अथवा बहुत कम था ऐसे विद्यालयों को भी निकटवर्ती विद्यालय में समायोजित किया गया है, जिससे इन कम नामांकन वाले विद्यालयों में पद स्थापित शिक्षकों को अन्य विद्यालयों में समायोजित किया जा सके। एक भी विद्यालय बंद नहीं किया गया है।

नम्बर मिलाइए 9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
दिल्ली रोड़ अलवर शाखा, प्लॉट नं. 8, एन.ई.बी., सुभाष नगर, अग्रसेन सर्कल, अलवर 301001
फोन नं.: 0144-2738419, मोबाईल नं.: 8094018337, ई-मेल: alwdel@bankofbaroda.com

**अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**
**''परिशिष्ट-IV-क'' [नियम 8( 6 ) का परन्तुक देखें]**

प्रतिभूति हित ( प्रवर्तन ) नियम, 2002 के नियम 8( 6 ) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।
आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी है, का कब्जा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **''जैसी है जहां है'', ''जो है जैसी है'' और ''जितनी भी उपलब्ध है''** के आधार पर **बैंक ऑफ बड़ौदा,** प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि नीचे उल्लेखित खातें की वसूली हेतु बेचा जाएगा। ऋणियों/बंधककर्ताओं/जमानतदारों/प्रतिभूत आस्तियों/बकायों/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की दिनांक व समय, धरोहर राशि एवं बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे वर्णित है-

| क्रं./लोट सं. | ऋणियों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं के नाम एवं पते | ज्ञात संपत्तियों के साथ अचल संपत्तियों का संक्षिप्त विवरण, यदि कोई हो | कुल बकाया राशि मांग पत्र के अनुसार | ई-नीलामी की दिनांक / ई-नीलामी का समय प्रारम्भ समय से समाप्ति समय | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि ( ईएमडी ) / बोली वृद्धि राशि | कब्जे की स्थिति ( सांकेतिक/ वास्तविक ) | संपत्ति निरीक्षण की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मैसर्स जे डी गियर्स एंड इंजीनियर्स प्रोपराईटर एवं जमानतदार- श्रीमती जरीना मजोका पत्नी श्री दिलीप सिंह मजोका जमानतदार- श्री दिलीप सिंह मजोका पुत्र स्व. श्री पुन्नू राम मजोका एवं श्री रॉकी मजोका पुत्र श्री दिलीप सिंह मजोका गाँव बेलाका, पीएनबी दिवाकरी के पीछे, अलवर, राजस्थान 301001 | श्री दिलीप सिंह मजोका पुत्र स्व. श्री पुन्नू राम मजोका के नाम साम्यिक बंधक आवासीय सम्पत्ति जो प्लॉट नं. 13, जनता कॉलोनी, गाँव बेलाका, तहसील एवं जिला अलवर, राजस्थान 301001 पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 155.55 वर्ग गज है। सीमाएं- पूर्व: प्लॉट नं. 14, पश्चिम: आम रास्ता, उत्तर: प्लॉट नं. 12, दक्षिण: आम रास्ता अन्य ऋण भार: ज्ञात नहीं | रूपये 44,22,042.48 दिनांक 16.09.2024 को बकाया ( दिनांक 31.12.2023 तक ब्याज शामिल करते हुए ) एवं इस से आगे का ब्याज व अन्य वसूली खर्चे इत्यादि। | 25.02.2025 / दोपहर 02:00 बजे से सांय 06:00 बजे तक | आरक्षित मूल्य- रूपये 23,49,000/- धरोहर राशि- रूपये 2,34,900/- बोली वृद्धि राशि- रूपये 20,000/- | सांकेतिक | 20.02.2025 दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक |
| | | श्रीमती जरीना मजोका पत्नी श्री दिलीप सिंह मजोका के नाम साम्यिक बंधक आवासीय सम्पत्ति जो प्लॉट नं. 14, जनता कॉलोनी, गाँव बेलाका, तहसील एवं जिला अलवर, राजस्थान 301001 पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 155.55 वर्ग गज है। सीमाएं- पूर्व: प्लॉट नं. 13, पश्चिम: प्लॉट नं. 15, उत्तर: प्लॉट नं. 12, दक्षिण: आम रास्ता अन्य ऋण भार: ज्ञात नहीं | | | आरक्षित मूल्य- रूपये 52,26,000/- | सांकेतिक | |
| | | श्रीमती जरीना मजोका पत्नी श्री दिलीप सिंह मजोका के नाम साम्यिक बंधक आवासीय सम्पत्ति जो प्लॉट नं. 15, जनता कॉलोनी, गाँव बेलाका, तहसील एवं जिला अलवर, राजस्थान 301001 पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 155.55 वर्ग गज है। सीमाएं- पूर्व: प्लॉट नं. 146, पश्चिम: प्लॉट नं. 14, उत्तर: प्लॉट नं. 10, दक्षिण: आम रास्ता अन्य ऋण भार: ज्ञात नहीं | | | धरोहर राशि- रूपये 5,22,600/- बोली वृद्धि राशि- रूपये 20,000/- | सांकेतिक | |

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए वेबसाइट अर्थात https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm एवं ऑनलाईन नीलामी पोर्टल https://baanknet.com देखें। इसके अलावा संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से दूरभाष नं.- 0144-2738419, मोबाईल नं. 8094018337 पर संपर्क कर सकते है।
हस्ता.
दिनांक: 18.01.2025 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान: अलवर बैंक ऑफ बड़ौदा


MARUTI SUZUKI
NEXA
MISSED THE DECEMBER DEAL?
DON'T MISS OUT AGAIN.
This is your last chance to drive home your favourite NEXA car.
CREATE. INSPIRE.
GRAB IT BEFORE PRICE RISE OF
UP TO 4%
3 years 100 000 km WARRANTY*
EXTENDABLE UPTO 6 YEARS
CONSUMER OFFERS UP TO ₹1 90 000#
EXCHANGE BONUS OF UP TO ₹1 00 000#
PER LAKH EMI STARTING FROM ₹1 475#
ADDITIONAL SCRAPPAGE BONUS AVAILABLE AGAINST VALID CERTIFICATE OF DEPOSIT.
SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU
E-BOOK TODAY @ WWW.NEXAEXPERIENCE.COM
For detailed T&C kindly visit your nearest dealership. Features and accessories shown may not be a part of the standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers and features may vary subject to the model and variant purchased. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. All offers are applicable till stocks last. Applicable on available stock of 2024 models. *3 years or 100 000 km whichever is earlier. #8 year funding product as per Bajaj Finance Scheme. Mentioned finance offering may vary basis customer profile, geography, credit score etc. All loans are at the sole discretion of the financer. Commercial usage vehicle's funding is not covered in the mentioned scheme.